seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 310 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, शनिवार, 14 नवम्बर, 2026

तुम अपने क्रोध के लिए दंड नहीं पाओगे, तुम अपने क्रोध द्वारा दंड पाओगे।



कोच गौतम गंभीर बोले- 27 ओवर में... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : मोदी



बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12-13 वर्षों में करीब 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने इसे भारत की विकास यात्रा का बड़ा प्रमाण बताया। बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम और एस-व्यासा विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति, योग और पारंपरिक ज्ञान दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। *[भारतभारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस 2026 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए भाषण को पृष्ठ 2 पर पढ़ें।]*

पूर्व एडीसी सहित दो गिरफ्तार किए

जालंधर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पठानकोट में शामलात भूमि फर्जी तरीके से निजी लोगों को ट्रांसफर करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईडी के अनुसार, रावी नदी बेल्ट की 92 एकड़ जमीन पर स्टोन क्रशर और अवैध खनन गतिविधियां चल रही थीं। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत पूर्व एडीसी (ग्रामीण विकास) कुलदीप सिंह और निपुण महाजन को गिरफ्तार किया गया। अदालत ने दोनों को 16 नवंबर तक हिरासत में भेज दिया है।

सहकारी भंडार का जीएम रिश्वत लेते काबू

झालावाड़। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झालावाड़ सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के कार्यवाहक महाप्रबंधक मस्तराम मीणा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने दवा सप्लाई के 15.32 लाख रुपए के बकाया भुगतान में से चेक पर हस्ताक्षर करने की एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगा था। एसीबी ने सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू कर दी है।

8.14 करोड़ की ठगी में तीन पकड़े

वाराणसी। वाराणसी कमिश्नरेट की साइबर क्राइम सेल और सारनाथ पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित ऑनलाइन मनी गेमिंग के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों के सात बैंक खातों की जांच में देश के नौ राज्यों में दर्ज 19 साइबर शिकायतों का पता चला है। इन शिकायतों में कुल आठ करोड़ 14 लाख 63 हजार 918 रुपये की साइबर धोखाधड़ी सामने आई है।

दो आईएएस पर मुकदमे की मंजूरी

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामलों में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई में होने वाली देरी पर नाराजगी जताई है। अदालत ने टिप्पणी की कि देश में आपराधिक कानून गरीबों के मामलों में तेजी से काम करता है, लेकिन जब मामला रसूखदार लोगों से जुड़ा होता है तो कार्रवाई आगे बढ़ाने के लिए बार-बार प्रयास करने पड़ते हैं। यह टिप्पणी तमिलनाडु के चर्चित टेंडर अनियमितता मामले में की गई, जिसमें केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने दो आईएएस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

कुलगाम में सीआरपीएफ के नाके पर हमले की जांच में आर्मर-पियर्सिंग गोलियों के इस्तेमाल के संकेत मिले, अन्तिम पुष्टि के लिए विस्तृत जांच शुरू

बड़ा खुलासा : आतंकियों ने बुलेटप्रूफ जैकेट भेदने वाली गोलियां बरसाईं

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नाके पर हुए आतंकी हमले की शुरूआती जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार, आतंकियों ने हमले में आर्मर-पियर्सिंग गोलियों का इस्तेमाल किया था। ये गोलियां इतनी घातक थीं कि उन्होंने सीआरपीएफ जवानों की बुलेटप्रूफ जैकेट तक को भेद दिया। जांच में मिले सबूतों के आधार पर सुरक्षा एजेंसियां इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि आतंकियों को इस तरह के अत्याधुनिक कारतूस कहां से मिले। शुरूआती फॉरेंसिक और बैलिस्टिक जांच में हमले में एके-47 राइफलों के इस्तेमाल के संकेत भी मिले हैं। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि अंतिम पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी।

कुलगाम हमला



कुलगाम में आतंकी हमले के बाद अलर्ट जवान

बुलेटप्रूफ जैकेट को चीरने वाली होती हैं ये गोलियां

आर्मर-पियर्सिंग गोलियां सामान्य गोलियों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होती हैं। इन्हें विशेष रूप से बुलेटप्रूफ जैकेट, बख्तरबंद वाहनों और सुरक्षा कवच को भेदने के लिए तैयार किया जाता है। इन गोलियों के अगले हिस्से में बेहद मजबूत धातु की कोर होती है, जो सुरक्षा कवच को पार करने की क्षमता रखती है। कुलगाम हमले में इस तरह की गोलियों के इस्तेमाल ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले भी घाटी में सक्रिय आतंकियों द्वारा ऐसे घातक कारतूसों के इस्तेमाल के मामले सामने आ चुके हैं। अब सुरक्षा बल अपने सुरक्षा उपकरणों और परिचालन रणनीति की समीक्षा कर रहे हैं।

आतंकियों ने बदली अपनी रणनीति, नई चुनौती बनी

सुरक्षा एजेंसियों के सामने एक और चुनौती आतंकियों की बदली हुई रणनीति है। जांच में सामने आया है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी अब हमले के बाद तुरंत भागने के बजाय सुरक्षित ठिकानों पर लंबे समय तक छिपे रहने का तरीका अपना रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों का नेटवर्क अब पहले की तुलना में ज्यादा सतर्क और संगठित तरीके से काम कर रहा है। वे स्थानीय मदद, सुरक्षित ठिकानों और आधुनिक हथियारों के सहारे सुरक्षा बलों को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। कुलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां इलाके में सक्रिय आतंकियों और उनके मददगारों की तलाश में अभियान चला रही हैं।

पाक में सेना ने ढेर किए 74 आतंकी

इस्लामाबाद।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में चलाए गए खुफिया अभियानों में 74 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर के अनुसार, 3 नवंबर से चल रहे अभियानों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 31 आतंकवादियों सहित अन्य उग्रवादियों को ढेर किया गया। सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं।

रासायनिक खेती से बच्चों को हार्ट अटैक और कैंसर रोग हो रहे : आचार्य देवव्रत

गुजरात के राज्यपाल ने अजमेर में कहा-हरियाणा में हर गांव नशे की चपेट में हो रहा बर्बाद

अजमेर।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की लत, रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव और सोशल मीडिया के दौर में वैचारिक पिछड़ापन समाज के सामने गंभीर चुनौतियां बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के बाद हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी नशे का जहर तेजी से फैल रहा है और पूरे गांव इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं। समाज को इन चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूक होने के साथ समय के अनुरूप खुद को बदलना होगा।

आचार्य देवव्रत ने कहा कि यूरिया और रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी, जल और वातावरण प्रदूषित हो रहे हैं। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में हार्ट अटैक और बच्चों में कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ना चिंता का विषय है। उनके अनुसार देश हर वर्ष करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये का यूरिया और डीएपी आयात करता है, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं पर 8 से 9 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। प्राकृतिक खेती अपनाकर इस आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



कार्यक्रम में आचार्य देवव्रत का स्वागत करते गणमान्य नागरिक।

ऋषि मेले का उद्घाटन, युवाओं को दिया संदेश

पुष्कर रोड स्थित ऋषि उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय ऋषि मेले के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने राजभवन परिसर में अंग्रेजों के समय से संचालित शराबखाने को हटाकर वहां यज्ञशाला बनवाई, जहां आज नियमित हवन होता है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे।

तकनीक-वैदिक विचारों का समन्वय जरूरी

राज्यपाल ने कहा कि सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक के दौर में वैदिक विचारों को नई पीढ़ी तक आधुनिक माध्यमों से पहुंचाना आवश्यक है। यदि समाज समय के साथ तकनीक नहीं अपनाएगा तो वह पिछड़ जाएगा। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद के राष्ट्रसेवा और साहस का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

गौ-पालन व संस्कार युक्त शिक्षा पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि केवल गौ-रक्षा की बात करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि देसी नस्ल की गायों का पालन भी बढ़ाना होगा। सेक्स-सॉर्टेड सीमन तकनीक से आवारा पशुओं की समस्या कम करने में मदद मिल सकती है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वहां हजारों विद्यार्थी वैदिक संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और बड़ी संख्या में सेना, आईआईटी तथा नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं।

भारत की उपग्रह आधारित नेविगेशन क्षमता को और बेहतर बनाने की तैयारी

इसरो ने पीएसएलवी के तीसरे चरण का सफल ग्राउंड स्टैटिक परीक्षण किया



श्रीहरिकोटा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी के तीसरे चरण (पीएस3) का सफल ग्राउंड स्टैटिक टेस्ट किया। यह परीक्षण पीएसएलवी-सी61, पीएसएलवी-सी62 और ईओएस-एन1 मिशनों के दौरान सामने आई तकनीकी कमियों की समीक्षा और सुधार के बाद किया गया। इसरो ने बताया कि समीक्षा के दौरान डिजाइन मार्जिन, कच्चे माल की गुणवत्ता, असेंबली प्रक्रिया और जांच मानकों को मजबूत किया गया। नोजल डिजाइन में सुधार, मैकेनिकल इंटरफेस को बेहतर बनाने और सीलिंग सिस्टम में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय जोड़े गए। बदलावों के बाद तैयार किए गए पीएस3 सॉलिड मोटर स्टेज का 12 नवंबर को सफल परीक्षण हुआ। टेस्ट डेटा के विश्लेषण के बाद आगे के परीक्षणों की योजना बनाई जाएगी। इससे पहले 31 अक्टूबर को इसरो ने श्रीहरिकोटा से अगली पीढ़ी के नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 को लॉन्च किया था। यह उपग्रह 'नाविक' प्रणाली को मजबूत करेगा। इसमें स्वदेशी परमाणु घड़ी सहित आधुनिक तकनीक शामिल है, जो भारत की उपग्रह आधारित नेविगेशन क्षमता को और बेहतर बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने पेयजल, चारा और किसानों को राहत सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सूखा राहत के लिए 9,321 करोड़ का पैकेज जारी, प्रभावित जिलों में बढ़ाई जाएगी सहायता



जयपुर। राजस्थान सरकार ने सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए 9,321 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को राहत कार्यों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस मानसून में राज्य में औसत वार्षिक वर्षा की तुलना में करीब 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसके चलते 15 जिलों की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। इनमें 73 तहसीलें गंभीर और 14 तहसीलें मध्यम सूखाग्रस्त श्रेणी में शामिल हैं। शर्मा ने प्रभावित जिलों के प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखने और आम लोगों, किसानों तथा पशुपालकों के लिए पेयजल, सिंचाई तथा चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

रोजगार और आजीविका योजनाओं को गति देने के निर्देश : मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में वीबी-जीराम-जी, राजीविका और आवासीय योजनाओं के माध्यम से रोजगार एवं आजीविका से जुड़े कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीविका और डेयरी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

चारा डिपो और गोशालाओं में व्यवस्थाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कम बारिश वाले क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार चारा डिपो संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं के माध्यम से भी पशुओं के लिए पर्याप्त चारा और पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, खरीफ फसलों के नुकसान का गिरदावरी के आधार पर आकलन कर किसानों को राहत पहुंचाने के लिए रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

मणिपुर में उग्रवादियों का खूनी हमला, दो महिलाओं समेत चार जनों की हुई मौत

उखरुल में घात लगाकर वारदात, कांगपोकपी में बंद से जनजीवन प्रभावित

कुकी-नागा तनाव फिर गहराया

इंफाल। मणिपुर में एक बार फिर उग्रवादियों की हिंसा ने चार लोगों की जान ले ली। उखरुल जिले में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों ने दो कारों पर घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक नागा समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

सुरक्षा बल मौके पर, जांच शुरू : घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। लितान थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की वजह और हमलावरों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।



हाईवे पर घात लगाकर बरसाई गोलियां

पुलिस के अनुसार वारदात उखरुल जिले के लितान थाना क्षेत्र के न्यू हेवन इलाके में इम्फाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर हुई। हथियारबंद हमलावरों ने दो कारों को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। हमले में दोनों वाहनों में सवार दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग के बाद कारों की विंडशील्ड और बॉडी पर गोलियों के कई निशान मिले।

जातीय संघर्ष ने बढ़ाई चिंता

गुरुवार को कांगपोकपी के ताफोऊ कुकी गांव और सेनापति जिले के कैलेंगजांग क्षेत्र के पास दो विरोधी हथियारबंद समूहों के बीच हुई गोलीबारी में 42 वर्षीय कुकी महिला किमनेइनेंग चोंगलाई की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हुए थे। फरवरी से मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में कुकी और नागा समुदायों के बीच जारी संघर्ष में अब तक कम से कम 50 लोगों की जान जा चुकी है। उखरुल की ताजा घटना ने राज्य में सुरक्षा और जातीय तनाव को लेकर चिंताओं को और गहरा कर दिया है।

48 घंटे के बंद का व्यापक असर रहा

इधर, कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को 48 घंटे के बंद का व्यापक असर देखने को मिला। कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने एक कुकी महिला की मौत के विरोध में बंद का आह्वान किया है। इसके चलते बाजार, दुकानें और अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जबकि बसों और ऑटो रिक्शा का संचालन भी लगभग ठप रहा। हालांकि, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और आपातकालीन सेवाओं को बंद से छूट दी गई।

ऑपरेशन सिंदूर में 427 जिलों में एक्टिव था सिविल डिफेंस नेटवर्क

पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने कहा : भविष्य के युद्धों में अहम होगी नागरिक सुरक्षा व्यवस्था

नई दिल्ली।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के दौरान देश के 427 जिलों में नागरिक सुरक्षा नेटवर्क को सक्रिय किया गया था। उन्होंने कहा कि यह व्यापक तैयारियों का हिस्सा था, जिसने भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाने में मदद की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि बिजली संयंत्रों, औद्योगिक इकाइयों, अस्पतालों, खदानों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की सुरक्षा भी उतनी ही अहम होगी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा केवल नियंत्रण रेखा पर नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण संस्थानों के प्रवेश द्वार पर भी तय होती है।

ड्रोन से निपटने में बहुस्तरीय व्यवस्था

पूर्व सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की वायु रक्षा प्रणाली की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन हमलों को रोकने में किसी एक हथियार की भूमिका नहीं थी। यह कई स्तरों पर काम करने वाली व्यवस्था का परिणाम था। उन्होंने बताया कि एक संगठन के सेंसर, दूसरे के जैमर और तीसरे की हथियार प्रणाली ने मिलकर प्रभावी सुरक्षा कवच तैयार किया। इसी तरह की बहुस्तरीय रणनीति को देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में भी अपनाने की जरूरत है।



निजी सुरक्षा कर्मी होंगे पहला सुरक्षा सेंसर

जनरल द्विवेदी ने निजी सुरक्षा कर्मियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश में तैनात लाखों निजी सुरक्षा कर्मी संभावित मानव सेंसर नेटवर्क की तरह काम कर सकते हैं। वे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर जमीन से महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराने में मददगार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा अब केवल सैन्य बलों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों और निजी संस्थानों की भागीदारी भी जरूरी है।

क्या है सिविल डिफेंस नेटवर्क

नागरिक सुरक्षा नेटवर्क एक स्वयंसेवी और समुदाय आधारित व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य युद्ध, बाहरी हमले, प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा करना और नुकसान को कम करना है। इसका लक्ष्य संकट के समय नागरिकों का मनोबल बनाए रखना और देश की आंतरिक व्यवस्था को सुचारू रखना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसका सक्रिय होना इसी व्यापक सुरक्षा तैयारी का हिस्सा था।

यह अमृत काल नहीं, महंगाई का भूचाल है : कांग्रेस

नई दिल्ली। बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि महंगाई अब हर घर का बजट बिगाड़ रही है और आम आदमी की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मोदी सरकार के दौर में महंगाई अब 'बिन बुलाए मेहमान' की तरह हर परिवार की आर्थिक स्थिति पर चोट कर रही है। उन्होंने दावा किया कि रसोई से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक सभी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि खुदरा महंगाई दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि प्याज, लहसुन और अदरक जैसी आवश्यक वस्तुओं के दामों में भारी उछाल आया है, जबकि आटा, तेल, घी, दूध और दाल जैसी चीजें भी महंगी हो रही हैं। रमेश ने कहा कि महंगाई का असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका जताते हुए कहा कि इससे आम लोगों के लिए कर्ज लेना भी महंगा हो सकता है। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह 'अमृत काल नहीं, महंगाई का भूचाल' है।

पीएम मोदी, भारतीय किसान और खेती

आनंद स्वार्थ-सिद्धि से नहीं मिलता बल्कि किसी समुचित उद्देश्य के प्रति वफादार होने से मिलता है। - हेलेन केलर

संपादकीय

मुफ्तखोरी का अंजाम सोचें

वह चाहे बिहार प्रदेश हो या देश का कोई भी अन्य राज्य। समय-समय पर वहां के अलग-अलग पार्टियों की सरकारों/मुख्यमंत्रियों ने अपनी जनता को मुफ्तखोरी की आदत डाल दी है। कहने की जरूरत नहीं कि केन्द्र की सरकार हो या अलग-अलग पार्टियों द्वारा शासित प्रदेश - किसी के पास भी अकूत सरकारी कोष नहीं होता। कई दफा तो यह भी देखा गया है कि ऐसी योजनाओं में धनी, मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग के लोग - जो ऐसी मुफ्त बिजली, पानी, परिवहन आदि की सेवाएं आसानी से 'खरीद' सकते हैं - वे भी इस मुफ्तखोरी के लालच में आ जाते हैं। आज देशवासी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में बहुत अधिक जागरूक हो चुके हैं। उन्हें पता है कि कोई भी सरकारी कोष अनन्तकाल तक मुफ्तखोरी का बोझ नहीं सह सकता। अब इसके दुष्परिणाम यह होते हैं कि गरीबों के लिए चलाई जाने वाली योजनाएं - जो देश के साधनहीन व अत्यन्त वंचित वर्ग को सहारा देने के लिए बनाई जाती है। उनमें से बड़ा हिस्सा इन अमीरों की जेबों में पहुंच जाता है।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वहां के लोगों से अपील है कि अगर वह बिल देने में सक्षम हैं तो मुफ्त बिजली की योजना छोड़ दें। कहने की जरूरत नहीं की उनके इस तार्किक बयान से विरोधी लोग राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। इसके लिए हम नेताओं को कम और देश की जनता को ज्यादा दोष देंगे। एक शाश्वत तथ्य यही है कि दुनिया में कभी भी, किसी को भी कोई भी वस्तु या सेवा या सद्व्यवहार मुफ्त में अर्थात बिना प्रयास के नहीं मिलता। भले ही माता-पिता अपनी संतान का लालन-पालन करते हों या संतान माता-पिता की देखभाल करते हों - कड़वा सच यही है कि उनके भीतर भी ऐसी सद्भावी सोच के पीछे 'प्रत्युत्तर' की अपेक्षा रहती है अर्थात हम अपने जीवन में कोई भी छोटी या बड़ी सद्भावना को कार्य रूप देते हैं तो हमें और कुछ नहीं तो यश/कृतज्ञता प्राप्ति की अपेक्षा रहती है।

किसी भी प्रदेश में यदि वहां की विभिन्न दलों की सरकारों ने बारी-बारी से एक या अधिक सेवाओं को मुफ्त देने का कार्य किया है तो निश्चय ही उन्होंने उस प्रदेश/वहां की आबादी का भविष्य धूमिल कर दिया। जो हिन्दुस्तानी विदेश यात्राएं करके लौटे हैं तो वे वहां की व्यवस्थाओं की भरपूर तारीफ करते हैं। उन्हें यह नहीं पता कि वहां के नागरिक पूरी ईमानदारी से और स्वेच्छा से सरकार को देय कर आदि अदा करते हैं। एक पुरानी कहावत बहुत सटीक है - 'यदि आपके पास एक केक है तो आप उसे या तो खा सकते हैं या अपने पास रख सकते हैं'। यह संभव नहीं है कि आप उसे खाना भी चाहें और आपके पास वह मौजूद भी रहे। यही स्थिति ऐसी आवश्यक सेवाओं/वस्तुओं की उपलब्धता पर लागू होती है। यूरोप व अमेरिका सहित अनेक देशों ने विगत कई दशकों के दौरान अपने-अपने नागरिकों को सबकुछ मुफ्त देने का मार्ग चुना। आज इन तमाम देशों की हालत देखिए। पाठकों को यह जानकर हैरानी होगी कि यूरोप के सर्वाधिक धनी देश जर्मनी, फ्रांस आदि सभी देशों में आज छोटी-छोटी सी जरूरतों/सेवाओं को जारी रखने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। वहां की सरकारें कह रही हैं कि उनके पास अब कोई वस्तु या सेवा मुफ्त देने के लिए पैसा ही नहीं है।

आज का आम हिन्दुस्तानी इस बात पर फख्र कर सकता है कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में ऐसी स्थिति दूर-दूर तक और न्यूनतम मात्रा में भी पैदा नहीं हुई। पश्चिमी देशों के लोगों का विलासितापूर्ण जीवन और कामचोरी की आदत साथ जीने का स्वभाव बन गया था। आज उन्हें दुनिया के सबसे गरीब देशों जैसा दुःखद जीवन जीना पड़ रहा है। हमारे यहाँ कई बहुमूल्य उपदेश कहावतों के जरिये दिये जाते रहे हैं। इनमें से कुछेक हैं - 'पैसे पेड़ों पर नहीं लगते', 'स्वाभिमानी जीवन जीना है तो काम करना सीख' आदि-आदि। समझ में यह नहीं आता कि आम भारतीय सरकार से कोई भी वस्तु या सेवा जब मुफ्त चाहता है तो वह अपने आपको भिखारी के दर्जे में क्यों शामिल नहीं करता। वह समय-समय पर घर पर या ट्रेन और बसों में या अन्य सार्वजनिक स्थल पर किसी मांगने वाले को छोटी या बड़ी धनराशि देता है तो उसके पीछे कोई सकारात्मक भावना नहीं होती - वह मांगने वाले को नीचे दर्जे का और अपने आपको 'दाता' (शायद भगवान) मान बैठता है। वह भूल जाता है कि वह जो भी कमाई करता है वह कितनी शुद्ध या नैतिक है। अपने व्यापार में तमाम तरह की गलत हरकतों और व्यवहार से वह ज्यादा से ज्यादा और जल्दी से जल्दी धन कमाना चाहता है।

यहां वह विद्वानों की वह सीख भूल जाता है कि यदि आपका साध्य (परिणाम) पवित्र है तो उसके साधन भी पवित्र होने चाहिएं। आप चारों तरफ देख लीजिए। आपको गलत तरीकों से कमाई करने वाले लोग कुछ अरसे के लिए या पूरे जीवनभर के लिए साधन सम्पन्न दिखाई देते हैं, लेकिन उनके इन कुकर्मों का फल किसी न किसी रूप में उन्हें, उनके परिजनों या उनकी आने वाली संतानों को भुगतना ही पड़ता है। एक तरफ हम जगह-जगह पर मांगने वाले लोगों को हेय दृष्टि से देखते हैं और दूसरी तरफ हम सरकार या शासन द्वारा दी जाने वाली मुफ्त या सस्ती बिजली, पानी, परिवहन, शिक्षा/स्वास्थ्य सेवाओं को बिना किसी शर्म या हीन भाव के प्रयोग में भी लाते हैं। यदि आजादी के तुरन्त बाद की सरकारों ने ऐसी तार्किक और विवेकपूर्ण नीतियां अपनाई होती, सबको खुश करने के चक्कर में सरकारी कोष को खाली न रखा होता तो निश्चय ही आज भारत सोने की चिड़िया बन चुका होता। अब भी देर नहीं हुई है और मौजूदा केन्द्र सरकार पिछली सरकारों की तुलना में बेहतर और देश के हित की कार्य प्रणाली को अपनाए हुए हैं। देश की जनता को भी समझना चाहिए कि वह मुफ्त या सस्ती सरकारी सेवाओं को लेने का कोढ़ छोड़ दें। ऐसा करने वाला जब हमारी नज़र में भिखारी होता है तो हम अपने आपको उसी श्रेणी में क्यों नहीं देख पाते। फिर से पुरानी कहावत याद कर लें - 'मुफ्तखोरी किसी भी देश के भविष्य को विनाश की ओर ही धकेलती है।'

भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस 2026 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण के मूल पाठ

किसान को कृषि उद्यमी बनाने की दिशा में बढ़ता भारत



ये आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब देश में उत्सवों का माहौल है। दो-तीन दिन पहले हमने दीपावली का त्योहार मनाया, अब छठ महापर्व की छठा छाई है। छठ का पर्व कृषि जीवन से बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है, और हमारे यहां तो अधिकतर त्योहार खेती और किसानी से जुड़े रहते हैं। बीहू, पोंगल, ओणम, बैसाखी, सरहुल, पोला, ऐसे अनेक त्योहार खेती से जुड़े हैं। यानी खेती-किसानी हमारी संस्कृति है, हमारी परंपरा है, हमारे सामाजिक जीवन का आधार है। मैंने लाल किले से विकसित भारत के लिए शक्ति की सप्तधारा पर चर्चा की थी, और इसमें प्रमुख धारा कृषि की है। विकसित भारत का निर्माण खेती को विकसित किए बिना, खेती को और स्मार्ट बनाए बिना, किसान को सशक्त किए बिना संभव ही नहीं है। और इसलिए, इस तरह के किसान सम्मेलनों का महत्व बहुत बढ़ जाता है।

सस्ती खाद और किसानों के हित में फैसले

हमारी नीति, हमारी नीयत एकदम साफ है। किसान पर खेती का बोझ ना हो, ये हमारी प्राथमिकता है। किसान को सस्ती खाद मिले, इसके लिए बीते 12 वर्षों में देश ने 16 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, ये आंकड़ा बहुत बड़ा है साथियों, 16 लाख करोड़ दुनिया के कई देशों का बजट नहीं होता है। ईरान और खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच डीएपी खाद की जो बोरी 5 हजार रुपए की है, वो भारत के किसानों को सिर्फ 1300 रुपए की उपलब्ध कराई जा है। यूरिया की जो बोरी इंटरनेशनल मार्केट में तीन हजार रुपए की है, वो 300 रुपए से भी कम में भारत के किसान को दी जा रही है।


हरित से सोलर क्रांति तक

एक समय था, जब देश ने हरित क्रांति के जरिए खाद्यान्न उत्पादन में, आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था। उसके बाद सफेद क्रांति ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया।



आज मैं आपको कुछ और आंकड़े दूंगा, जो बताते हैं कि ये यात्रा अब बहुत बुलंद तरीके से आगे बढ़ रही है। पिछले एक दशक में भारत का दूध उत्पादन करीब 70 परसेंट बढ़ा है, 70 प्रतिशत बढ़ा है। अंडा उत्पादन में भी करीब 90 प्रतिशत वृद्धि हुई है, 90 परसेंट। और नीली क्रांति की बात करें, तो भारत का फिश प्रोडक्शन एक दशक में दोगुना से भी अधिक हो गया है। मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में मीठी क्रांति से नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। शहद का उत्पादन करीब 80 हजार टन से बढ़कर डेढ़ लाख टन हो गया है। हॉर्टीकल्चर में भी भारत अब 280 मिलियन टन से बढ़कर 350 मिलियन टन से अधिक उत्पादन कर रहा है। जब हम इन सभी रेवल्योशून्स को एक व्यापक दृष्टिकोण से जोड़ते हैं, तो देश के किसानों के लिए मल्टीपल सोर्स ऑफ इनकम तैयार होती है, और ये भविष्य की खेती के लिए बहुत आवश्यक है। मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं। एक और रिवॉल्यूशन, सोलर पावर क्रांति। इस क्रांति ने देश के अन्नदाता को ऊजार्दाता बना दिया है। पीएम कुसुम योजना के तहत अभी तक करीब 12 लाख सोलर पंप दिए जा चुके हैं। इससे किसान का बिजली बिल भी कम हो रहा है और किसान अपने खेत में सोलर प्लांट लगाकर बिजली से कमाई भी करने लगे हैं। हमने खेती में उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता और किसान के प्रोफिट पर भी ध्यान दिया है।

कृषि विकास से गांवों में घटी गरीबी



बदली खेती की जरूरत

खेती करने वाले और खेती से जुड़े एक्सपर्ट्स जानते हैं कि खेती से जुड़ी नीतियों में, तौर-तरीकों में निरंतर परिवर्तन कितना आवश्यक है। जिन्होंने दशकों तक सरकारें चलाईं, वे अपने दौर में सिर्फ इतने से ही संतुष्ट हो गए कि देश के किसानों ने अनाज के भंडार भर दिए, लेकिन इसके बाद किसानों को क्या मिला? अन्न के गोदाम भरना ही काफी नहीं होता। समय के साथ दुनिया बदली, बाजार बदले, लोगों की जरूरतें, खान-पान सब बदले, मौसम बदला, टेक्नोलॉजी बदली। इस बदलाव के साथ हमें अपने किसानों को नए सिरे से सशक्त करना था, लेकिन पहले इस पर भी ध्यान नहीं दिया गया। बीते एक दशक में देश ने इस रफ्तार को मैच करने के लिए कदम उठाए, और नतीजा हम सभी के सामने है। आज भारत हर साल चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट कर रहा है, और ये पैसा हमारे किसानों की आय बढ़ा रहा है। आज भारत दूध उत्पादन में, दुनिया में नंबर वन है। आज भारत दालों के उत्पादन में नंबर वन है। भारत जूट के उत्पादन में नंबर वन है। चावल की प्रोडक्शन में भी भारत नंबर वन हो गया है। गेहूं के उत्पादन में दुनिया में नंबर टू है।



कपास, फल और सब्जियों के उत्पादन में दुनिया में नंबर टू है। मछली उत्पादन में दुनिया में नंबर टू है, और मिलेट्स के उत्पादन में भी भारत दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। ये केवल कुछ आंकड़े नहीं हैं, ये दिखाते हैं कि भारत के किसानों का सामर्थ्य कितना बढ़ा है। भारत के किसानों की समृद्धि के लिए एक और बात जरूरी है, ये जरूरी है कि वो सिर्फ गेहूं-चावल और गन्ने, मैं दोबारा कहता हूं किसान भाइयों को गेहूं-चावल और गन्ने, जैसी पारंपरिक फसलों पर निर्भर ना रहें। इसलिए सरकार अन्य फसलों पर और खेती से जुड़े अन्य कार्यों पर भी बल दे रही है।

कृषि में इंजीनियरिंग और स्टार्टअप की भूमिका

आज का भारत खेती में इंजीनियरिंग की भूमिका को भी विस्तार दे रहा है। हमारे कृषि वैज्ञानिक, इंजीनियर और युवा मिलकर ऐसे उपकरण और मशीनें विकसित कर रहे हैं, जो खेती का खर्च कम कर रही हैं। कहीं ऐसी मशीनें बन रही हैं, जो बुआई और कटाई का काम आसान कर रही हैं, और मैं जो उद्योग जगत के लोग यहां हैं, जो मैन्युफैक्चरिंग में खास करके किसानों के लिए साधन बनाते हैं, स्टार्टअप वालों से भी मैं आग्रह करूंगा कि अब आप जो भी इक्विपमेंट बनाएं, वो सोलर पावर से चलने वाले बनाएं, क्योंकि हम हर खेत में सोलर पावर पहुंचने वाले हैं। अभी से आप जैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल की तरफ दुनिया दौड़ पड़ी है, मैं खेती में उपयोग में आने वाले हर प्रकार के औजार सोलर पावर से चलने वाले बनाने के पक्ष में हूं, और उसकी दिशा में, मैं काफी प्रयास भी कर रहा हूं। लेकिन मैं सभी एमएसएमई को, स्मॉल स्केल्स इंडस्ट्रीज को कहूंगा कि आप इस पर बल दीजिए, यह



बहुत बड़ा रेवोल्यूशन का क्षेत्र बनने वाला है। इतना ही नहीं, अब सेंसर आधारित, एआई टेक्नोलॉजी से लैस ऐसे उपकरण भी बन रहे हैं, जो किसान को सटीक जानकारी दे सके और जो छोटे से छोटे किसानों की भी पहचान में हो। अब सॉयल टेस्टिंग के लिए मोबाइल पर उस व्यवस्था बना रही है कि मोबाइल फोन पर आप मिट्टी थोड़ी डाल दीजिए, आपके मोबाइल फोन तुरंत रिपोर्ट दे देता है कि आपकी मिट्टी किस फसल के लिए जरूरी है, आपको कितने फर्टिलाइजर की, किस प्रकार के फर्टिलाइजर की जरूरत है। यानी, कितनी तेजी से बदलाव आ रहा है। यानि आज भारत में एग्री इंजीनियरिंग से लेकर एग्री-स्टार्टअप्स तक अवसर ही अवसर हैं। हमें अपने अन्नदाता को एग्री-प्रन्योर यानि कृषि-उद्यमी बनाना है। जहां उपज होती है, वहीं पर वैल्यू एडिशन कैसे हो, इस पर अब देश में तेजी से काम चल रहा है।

बीते वर्षों में छोटे किसानों ने सरकार के साथ मिलकर 10 हजार एफपीओ यानि किसान उत्पादक संघ का बड़ा नेटवर्क बनाया है। जो छोटे किसानों के समूहों को भी वैल्यू क्रिएटर बना रहा है, उन्हें फूड प्रोसेसिंग बिजनेस से जोड़ रहा है, मुझे एक घटना बराबर याद है, गुजरात के समय की। गुजरात में ज्योतिग्राम योजना आई। हमने एग्रीकल्चर के फीडर अलग किए, डोमेस्टिक के फीडर अलग किए और किसानों को जितनी बिजली दे सकता था, देने लगा। तो किसानों को बहुत सुविधा हो गई। छोटे किसानों को एक्सपोर्ट मार्केट से कनेक्ट करने का भी प्रयास बहुत तेजी से चल रहा है।

तकनीक से मजबूत किसान

हाल में ही मुझे सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूरे हुए हैं। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब भी खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के लिए मैं लगातार काम करता था। मैंने तब वहां बड़े-बड़े कृषि महोत्सवों की शुरूआत की थी, मुझे याद है, मई-जून में 40-45 डिग्री तापमान में सैकड़ों कृषि वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ,प्रगतिशील किसान, सारे लोग मिलकर के हम किसान रथ बनाते थे, उस रथ में निकलते थे। और गांव में भी, खेत में जाते थे, किसानों के खेतों में जाकर के किसानों से बात करते थे। उस क्षेत्र की मिट्टी कैसी है, पानी की उपलब्धता कैसी है, वहां कौन-सी फसल अच्छी हो सकती है, किस तरह की खेती की जरूरत है, ऐसी हर चीज पर किसानों के साथ सीधा संवाद होता था। हमारा प्रयास था कि वैज्ञानिकों की लैब में जो ज्ञान है, वह किसान के खेत तक सीधे पहुंचे। यानि हम लैब टू लैंड का कॉन्सेप्ट लेकर चले और इसका बहुत बड़ा फायदा गुजरात के किसानों को मिला। गुजरात के दिनों का वो अनुभव मुझे केंद्र सरकार में आने के बाद बहुत काम आया है। साल 2014 में, देश में कुछ सौ सॉयल टेस्टिंग लैब्स थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 8 हजार 400 से ज्यादा हो चुकी है। मेडिकल साइंस में जिस प्रकार से पैथोलॉजी की लैबें खुल रही हैं, आज सॉयल टेस्टिंग की लैब्स खुल रही हैं। आज देश में सवा सात सौ से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र हैं। पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए भी हम प्राथमिकता दे रहे हैं। खुरपका-मुंहपका इससे पशुओं के बचाव के लिए 8 करोड़ से अधिक किसानों के पशुओं को मुफ्त टीके लगाए गए हैं। हमने कोविड में मुफ्त टीके लगाए, उस पर तो सबका ध्यान है, लेकिन ये मोदी है पशुओं को भी टीके मुफ्त में लगाता है।



सोशल मीडिया से



अंतरराष्ट्रीय बाजार के झटके का बोझ; प्राकृतिक खेती से धरती बचाने का आह्वान

पश्चिम एशिया में जब युद्ध का संकट बढ़ रहा था, तो कच्चे तेल की कीमतें कुछ ही हफ्तों में 70 डॉलर से बढ़कर 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं थी। तब भारत के सामने भी एक बड़ी चुनौती थी। भारत के सामने मजबूरी थी कि कम से कम 50 रुपए प्रति लीटर डीजल के दाम बढ़ाए जाएं, एक लीटर डीजल पर 50 रूपया बढाऩे की जरूरत पड़ गई थी। और तब सरकार ने अपने किसानों के हित में निर्णय लिया। हमने तय किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के झटके का पूरा बोझ देश के नागरिकों पर, किसानों पर नहीं डाला जाएगा। सरकार ने डीजल के दाम सिर्फ 7 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए, जबकि बढ़ाने की जरूरत थी 50 रुपए, और 43 रुपए प्रति लीटर का बोझ खुद उठाया। हमारे आसपास के देशों में भी तब डीजल के दाम 40 से 50 परसेंट तक बढ़ गए थे। लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। तब से लेकर आजतक सरकार हर महीने 14 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठा रही है, हर महीने, लेकिन हमने देश के किसानों पर आंच नहीं आने



दी है। जब देश के किसानों का हित सर्वोपरि हो, जब नागरिक देवो भव का भाव हो, तो ऐसे ही संवेदनशील निर्णय होते हैं।

निश्चित तौर पर बीते वर्षों में देश के किसानों की सिद्धियां बहुत बड़ी रही हैं। विकसित भारत बनाने के लिए अब अपने प्रयासों को हमें और बड़ा करना है। हमें एक ऐसा भविष्य बनाना है, जहां किसान खुशहाल हो, गांव समृद्ध हो, खेती आधुनिक और लाभकारी हो। किसान भाई-बहनों से कहना चाहता हूं, क्या हम अपनी इस धरती मां की रक्षा कर रहे हैं? जरा सीने पर हाथ रख के पूछिए? हम जिस प्रकार से केमिकल का उपयोग करके धरती मां का विनाश कर रहे हैं, इस मां की हम संतान हैं। हम अपनी इस मां को, अपनी आंखों के सामने मार रहे हैं। अगर हम समय से पहले नहीं जगे, अगर हमने अपनी धरती मां को बचाने के लिए प्रयास नहीं किया, जो मां आज हमारा पेट भरती है, वो मां शायद हमारे हाथों से हमें छोड़ दे, ऐसी स्थिति बन जाएगी। और इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती पर बल दिया है, नेचुरल फार्मिंग पर बल दिया है। जिन लोगों ने नेचुरल फार्मिंग पर प्रयोग किए हैं, बहुत सफल रहे हैं। एक गाय, एक गाय 30 एकड़ भूमि में नेचुरल फार्मिंग के लिए सफिशिएंट खाद दे देती है, कोई केमिकल की आवश्यकता नहीं होती है। सभी किसानों से आग्रह करूंगा कि हम केमिकल फ्री, रसायनों से मुक्त खेती की तरफ चले। मैं आपको ऑर्गेनिक फार्मिंग की बात नहीं कर रहा हूं, मैं नेचुरल फार्मिंग की बात कर रहा हूं और ये हर किसान सहजता से कर सकता है। हम केमिकल से मुक्त, हम अपनी जमीन को बचाने के लिए कदम उठा सकते हैं। केमिकल फ्री नेचुरल फार्मिंग करके सबसे पहला काम है हम अपनी धरती माता को बचाएं। यह मां हमें सब कुछ देने के लिए सक्षम है, हमें कभी भी कमी महसूस नहीं होने देगी, अगर हम उस मां की हिफाजत करें और हम धरती माता के संतान हैं। हमारा दायित्व है कि हम इस दायित्व को एक पुत्र के नाते, धरती माता के पुत्र के नाते निभाएं, बेटे-बेटी के नाते निभाएं।

मौसम

अधिकतम 31.6° | न्यूनतम 19.7°

आर्द्रता

सुबह 71% | शाम 54%

विंड स्पीड

2-15KM/h

आज का सूर्यास्त

05:39PM

कल का सूर्योदय

06:59AM

बादल, हल्की वर्षा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,37,480

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,27,180

चांदी (प्रति किलो) ₹1,80,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

मतगणना का प्रशिक्षण 18 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत प्रशिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा मतगणना का प्रशिक्षण 18 नवम्बर को महर्षि दयानंद बीएड कॉलेज श्रीगंगानगर में रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण के लिए महर्षि दयानंद बीएड कॉलेज श्रीगंगानगर के चार बड़े कक्ष एवं एक बड़े हॉल का अधिग्रहण 18 नवम्बर के लिये किया गया है।

काव्य गोष्ठी कल होगी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गंगानगर कला मंच की मासिक काव्य गोष्ठी 15 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे गगन पथ जवाहरनगर स्थित अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि मंच संरक्षक एडवोकेट विजय कुमार गोयल होंगे तथा अध्यक्षता मंच अध्यक्ष मनीराम सेतिया करेंगे। महासचिव ऋतु सिंह ने बताया कि माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाली दीपावली स्नेह मिलन को समर्पित इस मासिक काव्य गोष्ठी में श्रीगंगानगर जिले के साहित्यकार व साहित्यप्रेमी अपनी स्वरचित कविता, गीत व गजल द्वारा भगवान श्रीराम की महिमा का बखान करेंगे।

सरकारें बदलती रहीं, लेकिन हालात नहीं बदले...हवाई पट्टी के 1600 मीटर विस्तार की घोषणा फाइलों में दब कर रह गई

₹27 करोड़ तो कभी 7.50 करोड़ बजट की चर्चा...लालगढ़ हवाई पट्टी पर न रनवे बढ़ा, न चारदीवारी, यात्री सुविधाएं भी विकसित नहीं

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर को हवाई नक्शे पर बड़ी पहचान दिलाने का सपना सालों से घोषणाओं के सहारे ही है। लालगढ़ जाटान हवाई पट्टी आज भी अपनी पुरानी स्थिति में खड़ी है। कभी 27 करोड़ रुपए की योजना बनी, कभी 7.50 करोड़ रुपए के बजट की चर्चा हुई और कभी इसे ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट-2 के रूप में विकसित करने का रोडमैप सामने आया। बावजूद इसके, रनवे का विस्तार तो दूर, मौजूदा हवाई पट्टी के रखरखाव और सुविधा विस्तार हुआ। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के 50 एयरपोर्ट के रोडमैप में श्रीगंगानगर का नाम शामिल होने के बाद उम्मीद जगी थी लेकिन समय बीतता गया और घोषणाएं कागजी साबित होती रहीं।



हवाई पट्टी के विकास के लिए निर्माण लागत का पैसा केंद्र सरकार से मंजूर हो चुका है। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात भी की थी। उन्होंने यह भी बताया था कि लालगढ़ हवाई पट्टी को ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट-2 योजना में शामिल किया जा चुका है। इसके बावजूद परियोजना की वास्तविक स्थिति, स्वीकृत राशि के उपयोग, जमीन की उपलब्धता और निर्माण शुरू होने की समयसीमा को लेकर स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आई है।

2018 में शुरू हुई थी फ्लाइट, 2019 में हादसे के बाद सेवा बंद की

लालगढ़ हवाई पट्टी से जयपुर के लिए 2018 में फ्लाइट सेवा शुरू हुई थी। इससे जिले के लोगों को लगा था कि अब श्रीगंगानगर भी हवाई संपर्क के जरिए बड़े शहरों से जुड़ सकेगा। लेकिन 2019 में लैंडिंग के दौरान विमान के दीवार से टकराने की दुर्घटना के बाद हवाई सेवा बंद हो गई। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 27 करोड़ रुपए से अधिक की योजना तैयार हुई। बैठकों और प्रस्तावों का दौर चला, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक बार फिर विस्तार की उम्मीद जगी। बजट में परियोजना को शामिल करने और 7.50 करोड़ रुपए के प्रावधान की चर्चा हुई। फिर भी काम शुरू नहीं हो सका। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि आखिर हर बार बजट और योजना की चर्चा होने के बाद भी लालगढ़ हवाई पट्टी की तस्वीर क्यों नहीं बदलती?



व्यापार के विस्तार के लिए हवाई कनेक्टिविटी की जरूरत: श्रीगंगानगर कृषि प्रधान जिला होने के साथ-साथ व्यापार और उद्योग का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। पंजाब और हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी यह हवाई सुविधा उपयोगी साबित हो सकती है। निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और कारोबार को नए बाजारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

1300 मीटर के रनवे से आगे नहीं बढ़ी कहानी : वर्तमान में लालगढ़ जाटान हवाई पट्टी का रनवे करीब 1300 मीटर लंबा है। इस पर केवल छोटे, सात सीटर विमानों के संचालन की क्षमता बताई जाती है। योजना के अनुसार रनवे को 1600 मीटर तक विस्तारित किया जाना है। इसके लिए करीब 300 मीटर अतिरिक्त जमीन की व्यवस्था और अन्य जरूरी विकास कार्य किए जाने हैं। इस विस्तार के बाद एटीआर-42-600 जैसे 50 से 70 सीटर विमानों के संचालन की संभावनाएं बन सकती हैं। यानी रनवे की लंबाई में महज 300 मीटर का अंतर श्रीगंगानगर की हवाई कनेक्टिविटी की तस्वीर बदल सकता है।

नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा से स्वागत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गुरुद्वारा शिरोमणि भगत संत बाबा नामदेव जी से निकले नगर कीर्तन का रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी की ओर से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन के गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर प्रबंधक कमेटी के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संगत का अभिनंदन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ नगर कीर्तन में शामिल संगत का स्वागत किया तथा सभी को प्रसाद वितरित किया। गुरुद्वारा साहिब परिसर में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जितेंद्र पाल सिंह पाली कोचर, उपप्रधान गुरविंदर सूरत सिंह, मैनेजर जसवंत सिंह तथा सेवादार परविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सोनू बाबा, नंदसिंह नंदू और कुलविंदर सिंह सहित समूह साध-संगत मौजूद रही। सभी ने मिलकर नगर कीर्तन का स्वागत किया और धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई।

आठ पंचायत समितियों व जिला परिषद जोन का आज सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

चुनाव; 20 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होगी मतगणना, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के तड़के बंदोबस्त किये

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर





राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत श्रीगंगानगर जिले में पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की 8 पंचायत समितियों गंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर के पंचायत समिति सदस्य एवं इन पंचायत समितियों के अधीन आने वाले जिला परिषद जोन सदस्यों के लिए मतदान 14 नवम्बर को होगा। इसके तहत मतदान दल शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से रवाना हुए। तीसरे और चौथे चरण की मतगणना 20 नवम्बर को होगी।

पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण के तहत जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, गंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिये शुक्रवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात ईवीएम व मतदान सामग्री देकर रवाना किया। मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निर्वाचन सामग्री उपलब्ध करवाई गई। मतदान दलों की रवानगी के लिये वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई।

दोपहर बाद तक सभी मतदान दलों द्वारा अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान से पूर्व की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गईं। मतदान 14 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक होगा। मतदान ईवीएम से होगा। तीसरे और चौथे चरण में शामिल पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से आरम्भ होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि चुनाव के लिये मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंच गये हैं तथा चुनाव से पूर्व की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चुनाव शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसको लेकर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल लगाये गये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न करवाने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मतदान दलों एवं मतदाताओं की सुविधा के लिये मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति एवं सुरक्षा सहित अन्य इंतजाम पूर्ण करने के भी निर्देश दिये।

मतदान 14 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। इसके पश्चात 16 नवम्बर को संबंधित ग्राम पंचायतों में सरपंच, अगले दिन उपसरपंच पदों के लिये चुनाव करवाये जायेंगे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता अश्विन के. पंवार, संबंधित आरओ, जिला कोषाधिकारी श्रीमती योजना, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सोनी, राजन शर्मा, हंसराज जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

चुनाव सामग्री से संबंधित सील्ड बक्सों के लिये स्ट्रॉग रूम घोषित

पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के अंतर्गत पंच, सरपंच, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव जिले में दो चरणों (तृतीय व चतुर्थ चरण) में प्रक्रियाधीन है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि मतपत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी एवं कोषाधिकारी के पत्र के अनुसार एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आम चुनाव के अंतर्गत चुनाव सामग्री से संबंधित सील्ड बक्सों को रखने हेतु जिला कोषालय के कमरा नम्बर 5ए व कमरा नम्बर 07 को स्ट्रॉग रूम घोषित किया गया है।

जिला कोषाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं संबंधित विभागों से नियमानुसार समन्वय रखते हुए स्ट्रॉग रूम के लिये निर्धारित कमरों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये।

सरपंच, पंच पद के लिये मतदान 16 को

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव की घोषणा के तहत जिले में सरपंच, पंच और उपसरंपच पदों के लिये निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये मतदान 16 नवम्बर को होगा। चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि 15 नवम्बर निर्धारित की गई है। इसी दिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय रहेगा। नामांकन की संवीक्षा प्रातः 11.30 बजे से होगी। नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 16 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान और मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंच व सरपंच की मतगणना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही होगी। 17 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव करवाया जायेगा।

बिना टिकट पकड़े जाने पर महिला टीटीई से भिड़े युवक

'घूस' लेने का आरोप लगाकर किया हंगामा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर से बीकानेर जाने वाली ट्रेन में बुधवार को उस वक्त जमकर हंगामा हुआ, जब बिना टिकट यात्रा कर रहे दो युवक चेकिंग के दौरान महिला टीटीई से उलझ पड़े। पेनल्टी और किराए के तौर पर 1100 रुपए मांगने पर युवकों ने टीटीई पर गंभीर आरोप लगाते हुए बदसलूकी शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद ट्रेन के सूरतगढ़ पहुंचते ही दोनों को आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे कार्मिकों से मिली जानकारी अनुसार महिला टीटीई नाजू अरोड़ा 12 नवंबर की सुबह वे श्रीगंगानगर से बीकानेर जाने वाली ट्रेन में ड्यूटी पर थीं। ट्रेन सुबह 7:50 बजे गंगानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। श्रीकरणपुर और केसरीसिंहपुर के बीच जब उन्होंने यात्रियों के टिकट की जांच की, तो दो युवक बिना टिकट सफर करते मिले। इनमें से एक की पहचान सुशांत कुमार पांडे (25) के रूप में हुई। टीटीई ने जब दोनों को नियमों के तहत पेनल्टी और आगे की यात्रा का कुल 1100 रुपए किराया जमा कराने को कहा, तो वे तैश में आ गए और बहस करने लगे। टीटीई नाजू अरोड़ा ने जब उन्होंने युवकों को सीट से उठकर प्रक्रिया पूरी करने को कहा, तो वे अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगे। एक युवक ने चुनौती भरे लहजे में कहा, आप टिकट बना दो, चालान बनाना है तो बना दीजिए, ऐसे रुपए नहीं देंगे। घूस क्यों ले रहे हो? स्थिति बिगड़ती देख टीटीई ने तुरंत ट्रेन में तैनात आरपीएफ जवानों को मदद के लिए बुलाया। जवानों ने दोनों को केबिन में ले जाकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी जिद पर अड़े रहे।



सूरतगढ़ स्टेशन पर एक घंटे चली गहमागहमी

जानकारी अनुसार इस दौरान टीटीआई प्रदीप कुमार ने भी दोनों युवकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक नहीं माने। ऐसे में ट्रेन के सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचते ही दोनों युवकों को नीचे उतारकर आरपीएफ पोस्ट ले जाया गया। स्टेशन पर भी दोनों युवकों और रेलवे स्टाफ के बीच करीब एक घंटे तक तीखी बहस का दौर चलता रहा। टीटीई ने दोनों युवकों को स्पष्ट किया कि रेलवे नियमों के तहत बिना टिकट यात्रा करने पर पेनल्टी का प्रावधान है, लेकिन ये युवक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। विवाद के तूल पकड़ने के बाद अंत में दोनों युवकों के कुछ परिचित और संबंधित विभाग के अधिकारी सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने महिला टीटीई से समझाइश की और किसी भी कानूनी पचड़े से बचने के लिए मौके पर ही 1100 रुपए की पेनल्टी जमा करवा दी। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ और रेलवे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

रविवार को सजेगा विशेष कीर्तन दीवान

माता साहिब कौर जी के जन्मोत्सव पर समागम शुरू

रागी जत्थे गुरबाणी कीर्तन से संगत को करेंगे निहाल



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। खालसा पंथ की आध्यात्मिक माता माता साहिब कौर जी का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समागम का आगाज शुक्रवार सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के प्रकाश के साथ हुआ।

इस उपलक्ष्य में रविवार को जवाहर नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी में विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा।

गुरुद्वारा प्रधान सिमरजीत सिंह अटवाल ने बताया कि मुख्य समागम में रविवार प्रातः 9:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा, जिसमें सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह खालसा तथा लुधियाना वाले रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह गौहर गुरबाणी कीर्तन द्वारा गुरु जस महिमा का गुणगान करेंगे। इनके अलावा गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी भाई ज्ञान सिंह गुरबाणी कीर्तन एवं गुरमत विचारों से संगत को निहाल करेंगे। इस अवसर पर माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा की सदस्याओं तथा गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी में कीर्तन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे भी अपनी कीर्तन प्रस्तुतियां देंगे। समागम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

संत बाबा नामदेव जी का 756वां प्रकाशोत्सव उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक समागम का शुभारम्भ

नगर कीर्तन में तीन साल के बच्चों और युवतियों के हैरतअंगेज करतब देख ठिठक गए राहगीर, श्री अखंड पाठ साहिब के भोग कल





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में शुक्रवार दोपहर संत बाबा नामदेव जी के 756वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य और उत्साह से भरा नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा शिरोमणि भगत संत नामदेव जी से आरंभ हुआ यह नगर कीर्तन जी ब्लॉक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार, शीतला माता पार्क रोड, रवीन्द्र पथ, स्वामी दयानंद मार्ग, गांधी चौक, रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, कोतवाली रोड, अंबेडकर चौक, मटका चौक, संतोषी माता मंदिर रोड, राधेश्याम कोठी रोड, पी ब्लॉक माई दा गुरुद्वारा आदि शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम को डी-ब्लॉक वकीलों वाली डिग्गी के निकट स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह संगत ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। पंज प्यारों की अगुवाई में निकाले गए इस नगर कीर्तन में गेंदे के फूलों से सुसज्जित पालकी साहिब का वाहन और फौजी पाइप बैंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में गुरुनानक नाम लेवा श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के समक्ष नतमस्तक होकर इलाके की सुख-समृद्धि और खुशहाली की अरदास की। कई श्रद्धालु निजी वाहनों से तो कई पैदल शबद कीर्तन करते हुए अनुशासनबद्ध तरीके से साथ चल रहे थे। नगर कीर्तन के दौरान माता साहेब कौर एवं रणजीत नगारा गतका अखाड़ा ग्रुप के छोटे बच्चों, युवक-युवतियों ने गतके के हैरतअंगेज जौहर दिखाकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। उनके जांबाज और रोमांचक करतबों को देख सड़क चलते राहगीर भी हैरान होकर ठिठक गए। वहीं, पालकी साहिब के पीछे चल रही स्त्री सत्संग सभा की महिलाएं निरंतर गुरबाणी कीर्तन करती रहीं। इस दौरान खास आकर्षण 3 साल के नन्हें बच्चे रहे, जो वाहेगुरु का सिमरन करते हुए संगत को गुरबाणी से जुड़ने का अनूठा संदेश दे रहे थे।

आज और कर होंगे मुख्य समागम

गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरदर्शन सिंह ने बताया कि प्रकाशोत्सव के तहत आगामी 2 दिनों तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें शनिवार सुबह 8 बजे गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब के चोला बदलने की सेवा की जाएगी। रविवार सुबह 8:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले जाएंगे। रविवार सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। इसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह गुरु जस महिमा का गुणगान करेंगे। इनसे पहले हुजूरी रागी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह एवं स्त्री सत्संग सभा की संगत को निहाल करेंगे। समागम समापन पर अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

किसानों को गुजरात की उन्नत किस्म गुजरात ईसबगोल-2 का बीज मिलेगा, 730 हैक्टेयर के भौतिक व 97.38 लाख रुपए की वित्तीय कार्य योजना स्वीकृत

औषधीय फसलों का नया क्षेत्र विस्तार के तहत उद्यान विभाग ईसबगोल की खेती को देगा बढ़ावा

सीमा सन्देश # बीकानेर



उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत औषधीय फसलों का नया क्षेत्र विस्तार के तहत ईसबगोल की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। जिले में वर्तमान में औषधीय फसलों में ईसबगोल का क्षेत्रफल 56 हजार हेक्टेयर है व काफी तेजी से क्षेत्र बढ़ रहा है। औषधीय फसलों के क्षेत्र विस्तार को ध्यान में रखते हुए उद्यान विभाग द्वारा 730 किसानों को गुजरात की उन्नत किस्म गुजरात ईसबगोल-2 का उन्नत बीज गुजरात सीड्स कापोरेंशन लिमिटेड व अन्य आदान अनुदानित दर पर केवीएसएस से उपलब्ध करवा प्रदर्शन आयोजित करवाये जाएंगे ताकि क्षेत्र में ईसबगोल की खेती को बढ़ावा मिले।

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि औषधीय फसलों के नये क्षेत्र विस्तार हेतु कृषको को अधिकतम 1 हैक्टेयर क्षेत्र के लिए प्रोरेटा बेसिस पर अनुदान देय है। औषधीय फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा प्रति हेक्टेयर इकाई लागत 33350 रुपए निर्धारित की गई है सामान्य किसानों को लागत का 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित क्षेत्र के किसानों को लागत का 50 प्रतिशत अनुदान उद्यान विभाग द्वारा दिया जाना है। औषधीय फसलों की खेती करने वाले इच्छुक कृषकों को अनुदान का लाभ दिया जायेगा। कृषकों को औषधीय फसल विशेष के लिये पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज का लीफलेट/साहित्य भी उपलब्ध कराया जावेगा। एक कृषक को प्रोरेटा बेसिस पर अधिकतम 1 हैक्टेयर क्षेत्र तक औषधीय फसलों के नये क्षेत्र विस्तार पर अनुदान दिया जाएगा।

सहकारी संस्था से आदान उपलब्धता: उद्यान विभाग के निर्देशानुसार औषधीय पौधो का बीज कृषि विश्वविद्यालय/ सम्बद्ध कृषि महाविद्यालय/ केन्द्र /राज्य सरकार एवं अन्य राजकीय संस्था से सहकारी संस्थाओ के माध्यम से क्रय करवाकर कृषको को उपलब्ध कराया जायेगा। पैकेज आफ प्रेक्टिस अनुसार उर्वरक, पौध संरक्षण व अन्य आदान/उपादान निर्धारित प्रपत्र में उद्यान विभाग के कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी के द्वारा परमिट काटकर सहकारी संस्थाओ के माध्यम से 40 प्रतिशत अनुदानित दर पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

कृषकों द्वारा सहकारी संस्थाओ से शत प्रतिशत लागत पर आदान क्रय कर अनुदान के क्लेम्स विभाग को प्रस्तुत करने पर अनुदान राशि का भुगतान आर.टी.जी.एस. के द्वारा कृषकों को किया जायेगा। कृषक 60 प्रतिशत अंशदान आपूर्ति संस्था को जमा कराकर आदान प्राप्त करने की स्थिति में अनुदान राशि का भुगतान सम्बंधित आपूर्ति संस्था को किया जाएगा। उपनिदेशक उद्यान अनुसंधान ग्राहय प्रशिक्षण केंद्र प्रेमाराम ने बताया कि किसान संबंधित कृषि पर्यवेक्षक सहायक कृषि अधिकारी उद्यान से संपर्क कर औषधीय क्षेत्र विस्तार ईसबगोल की खेती हेतु स्वयं को ऑनलाइन राज किसान पोर्टल पर पंजीकृत कर योजना का लाभ लें।

4 माह में 33 कि.मी. ट्रैक नवीनीकरण का कार्य पूरा, शेष कार्य तीव्र गति से जारी

73 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा 45 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण



सीमा सदेश#बीकानेर

मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने शुक्रवार को लालगढ़-कोलायत रेलखंड पर चल रहे ट्रैक नवीनीकरण कार्य का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं संरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीकानेर मंडल के लालगढ़झकोलायत रेलखंड पर लगभग 73 करोड़ रुपये की लागत से 45 किलोमीटर रेलपथ का ट्रैक नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के अंतर्गत मात्र चार माह की अवधि में 33 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित तकनीकी मानकों का विशेष रूप से जायजा लिया। उन्होंने कार्यरत रेलकर्मियों को पूर्ण सतर्कता एवं निर्धारित संरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण होने के बाद ट्रैक पर किसी भी प्रकार के औजार, उपकरण अथवा निर्माण सामग्री को नहीं छोड़ा जाए तथा कार्यस्थल को पूरी तरह सुरक्षित स्थिति में रखा जाए, ताकि रेल संचालन की संरक्षा प्रभावित न हो। ट्रैक नवीनीकरण कार्य पूरा होने से रेलपथ की मजबूती एवं वहन क्षमता में वृद्धि होगी। इससे रेल संचालन अधिक सुरक्षित, सुगम एवं अधिक विश्वसनीय बनेगा। बीकानेर मंडल द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित संरक्षा मानकों के अनुरूप पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने संरक्षित रेल संचालन के लिए रेलपथ के रखरखाव एवं नवीनीकरण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करने पर जोर दिया। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर देव किशन कुम्हार (पश्चिम) सहित रेलवे के अनेक अधिकारी कर्मचारी एवं उपस्थित रहे।

कारोबार के बीच गूंजती है जब बेजुबान गोवंश की पुकार, व्यापारी लोग बन जाते हैं मसीहा

अलवर



बाजार में हिसाब-किताब के बीच जब सड़क पर किसी घायल गाय की पुकार गूंजती है, तो खैरथल के ये व्यापारी तराजू छोड़कर एंबुलेंस उठा लेते हैं। मंडी में सब्जी का भाव तय करते हाथ अचानक घायल गौवंश को सहारा देने लगते हैं। कारोबार के बीच चल रही यह अनूठी सेवा पिछले कुछ वर्षों में 3 हजार से ज्यादा बेजुबानों को नया जीवन दे चुकी है। 1993 में मेवात में गौ तस्करी रोकने से शुरू हुई यह मुहिम आज श्री गोविंद गौशाला संस्था के रूप में पूरे क्षेत्र में पहचान बन चुकी है। कभी बोरी और अस्थाई साधनों से 15 लोग मिलकर घायल पशु उठाते थे। आज उसी परेशानी का हल हाइड्रोलिक एंबुलेंस ने निकाल दिया है। फोन आते ही टीम के 2 से 3 सदस्य मौके पर पहुंचते हैं। घायल गौवंश को रेस्क्यू कर केंद्र लाते हैं, गंभीर होने पर झज्जर उपचार शाला भेजते हैं। सुबह मंडी से लौकी, ककड़ी, तरबूज और हरा चारा लाकर खिलाते हैं। कुल्हाड़ी के वार और तेजाब से झुलसे गौवंश को भी जीवनदान देते हैं।

व्यापारी टीम के संस्थापक सदस्य राकेश शर्मा ने बताया कि 1993 में मेवात क्षेत्र में गायों की तस्करी होती थी, तब से ही उन्होंने गौवंश को बचाने की मुहिम शुरू की और आज यह मुहिम बढ़कर गौवंशों के उपचार तक पहुंच गई है। शुरूआत में कुछ व्यापारियों ने अपने स्तर पर बेसहारा गायों व घायल नंदी की मदद करना शुरू किया। उस समय कोई व्यवस्थित टीम और रेस्क्यू के लिए कोई विशेष संसाधन मौजूद नहीं थे, जैसे-जैसे यह कार्य आगे बढ़ता गया, तो क्षेत्र के व्यापारी भी जुड़ते गए।

लंपी रोग में भी संभाली व्यवस्थाः शर्मा ने बताया कि कुछ सालों पहले जब गौवंश में लंपी महामारी आई थी, तब भी संस्था ने गौवंश को बेहतर उपचार दिलाने का प्रयास किया था। उस समय उन्होंने खैरथल क्षेत्र में एक प्लॉट में लंपी वार्ड बनाया और गौवंश को यहां रखकर उपचार करवाया। इस कार्य में क्षेत्रीय चिकित्सकों का भी सहयोग रहा। आज व्यापारियों का एक संगठन श्री गोविंद गौशाला संस्था के नाम से पूरे क्षेत्र में मशहूर है।

रेस्क्यू के लिए बनाई एंबुलेंसः इस सेवा अभियान में सबसे बड़ी परेशानी घायल पशुओं को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में आती थी। इस दौरान करीब 15 लोगों को गौवंश को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान तक लाना पड़ता था। इसके लिए कभी बोरी तो कभी अन्य अस्थाई साधनों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे कई बार घायल गौवंश को और ज्यादा तकलीफ होती थी। इस समस्या का समाधान करते हुए व्यापारियों की टीम ने एक हाइड्रोलिक सिस्टम वाली एंबुलेंस तैयार करवाई। अब रेस्क्यू इसी एंबुलेंस के जरिए किया जाता है।

गंभीर घायल गौवंश को भेजते हैं झज्जरः किसी सड़क, बाजार या मोहल्ले में गौवंश घायल हालत में दिखाई देने पर लोग सीधे टीम को फोन करते हैं। सूचना मिलते ही टीम के 2 से 3 सदस्य एंबुलेंस लेकर मौके पर जाकर घायल गौवंश का रेस्क्यू करते हैं। इसके बाद अपने स्तर पर घायल गौवंश का इलाज करते हैं। गंभीर घायल होने पर गौवंश को झज्जर स्थित उपचार शाला भेजा जाता है। उपचार के बाद गौवंश को उनके पुराने क्षेत्र में वापस छोड़ने का प्रयास किया जाता है।

लौकी-ककड़ी से लेकर तरबूज तक खिलाते हैंः टीम के सदस्य घनश्याम ने बताया कि इस अभियान में सिर्फ घायल पशुओं को अस्पताल पहुंचाना ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उनके भोजन और देखभाल का इंतजाम भी टीम द्वारा किया जाता है। टीम के सदस्य सुबह सब्जी मंडी पहुंचकर गौवंशों के लिए लौकी, ककड़ी, तरबूज सहित अन्य सब्जियां लेकर आते हैं। इसके अलावा हरा चारा खरीदकर पशुओं को खिलाया जाता है। सुबह और शाम भोजन की व्यवस्था होती है।

गौवंश को भी दिया जीवनदानः घनश्याम ने बताया कि इस पहल के दौरान कई बार ऐसे मामले भी सामने आते हैं, जो इंसानियत को झकझोर देते हैं। रेस्क्यू के दौरान किसी पशु के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए वार के निशान मिलते हैं, तो किसी के घावों में कीड़े पड़ चुके होते हैं। वहीं कुछ गौवंश तो तेजाब से झुलसी हुई हालत में भी मिले हैं। ऐसे मामलों में टीम गौवंशों को सुरक्षित स्थान पर लाकर उपचार करती है।

8 किलो अवैध डोडा पोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना जवाहरनगर क्षेत्र में गश्त व चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक तस्कर को धर दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 8 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया है। जानकारी अनुसार शुक्रवार को थानाधिकारी पुलिस थाना जवाहरनगर दिनेश सारण के निर्देशन में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पुलिस ने अमित दुबे उर्फ काणिया पुत्र केसरीनंदन दुबे निवासी मकान नम्बर 33, यूआईटी रोड, राजोतिया हॉस्पिटल के पास, कर्मचारी कॉलोनी, पुलिस थाना सदर, श्रीगंगानगर को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 8 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान उप निरीक्षक जयवीर सिंह को सौंपी है। कार्यवाही करने वाली टीम में नरेश कुमार उप निरीक्षक, विरेन्द्र गोदारा, दलीप कांस्टेबल शामिल रहे जबकि कांस्टेबल विरेन्द्र गोदारा की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

राधा रानी के चरणों के दर्शन के लिए पहुंचे लोग

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शिवाजी नगर प्रथम, तीन ई छोटी स्थित श्री राधावल्लभ धाम मंदिर के गर्भ गृह के भीतर माता राधा रानी के दोनों चरण प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिए। मंदिर के पुजारी योगेश कौशिक के अनुसार इस दिव्य घटना की सूचना मिलते ही राधा रानी के अलौकिक चरणों के दर्शन करने के लिए भक्तों का अनवरत तांता लग गया। नर-नारी श्रद्धालुओं ने राधा-रानी के चरणों के दर्शन कर स्वयं को धन्य माना तथा सभी आध्यात्मिक आनंद से सराबोर नजर आए। भक्तजनों के दर्शनों के लिए आने का सिलसिला अनवरत बना हुआ है तथा बड़ी संख्या में भक्तजन लगातार मंदिर परिसर पहुंच रहे हैं।

जेलर समेत 3 पर केस दर्ज करने की मांग; कलेक्टरेट पर प्रदर्शन

कैदी के परिजन बोले-जेल में पैसों की डिमांड, मारपीट की

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर की सेंट्रल जेल में 9 दिन पहले कैदी और जेल प्रशासन के बीच हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ रहा है। शुक्रवार को बंदी के परिजन और समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर से जेलकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। घटना को लेकर दोनों पक्ष आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। जेलर हेमराज वैष्णव ने कैदी हमजोत सिंह पर तलाशी के दौरान हमला करने और राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। जेलर ने हाथ में फ्रैक्चर होना बताया है। उधर, हमजोत सिंह के परिजनों ने जेलर हेमराज समेत 3 जेलकर्मियों पर पैसे की डिमांड करने और नहीं देने पर बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया।

जेलर का पर्चा बयान, हाथ में फ्रैक्चर : सेंट्रल जेल के जेलर हेमराज वैष्णव ने 4 नवंबर को सरकारी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पर्चा बयान दिया। जेलर ने बताया- 4 नवंबर की दोपहर 1:30 से 1:45 बजे जेल अधीक्षक महावीर प्रसाद मीणा के साथ वार्ड नंबर 3 की बैरक संख्या 8 में औचक तलाशी लेने पहुंचे थे।

इस दौरान कैदी पंकज की तलाशी में नशीली वस्तु मिलने के बाद हमजोत की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान हमजोत ने चाय पीने वाले मग से मेरे दाहिने हाथ पर हमला कर दिया। इसी जेल में बंद गैंगस्टर रविंद्र चारण ने करीब 15 दिन पहले ही मुझे धमकी दी थी।

परिजनों का आरोप- पैसे नहीं देने पर पीटा: दूसरी तरफ हमजोत के पिता ने कहा- मेरा बेटा करीब एक साल से सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी है। 4 नवंबर को जेलर हेमराज वैष्णव ने उससे पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर जेलर हेमराज, प्रहरी प्रवीण कुमार और राकेश कुमार मीणा ने उसे बैरक से निकालकर ऐसी जगह ले जाकर मारपीट की, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। तीनों कर्मचारियों ने पाइप, डंडों और लात-घूंसों से हमजोत को पीटा। इससे उसकी पीठ, पैरों, बाजुओं और कान सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं और खून भी निकला। जेल प्रशासन ने हेमराज का मेडिकल तक नहीं करवाया।

कलेक्टर से लगाई कार्रवाई की गुहार : हमजोत के परिजनों ने बताया- इस मामले में 9 नवंबर को कोतवाली थाने में शिकायत दी थी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद 11 नवंबर को भी शिकायत दी। पुलिस ने अब तक न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही हमजोत का मेडिकल करवाया है। शुक्रवार को परिजन कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर को शिकायत देकर जेलर हेमराज वैष्णव, प्रहरी प्रवीण कुमार और राकेश कुमार मीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की है।

जेल अधीक्षक बोले- सख्ती का दिख रहा असर: जेल अधीक्षक महावीर मीणा ने कहा- कैदी के परिजनों की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। जेल में अनुचित संसाधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए समय-समय पर सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। 4 नवंबर को वार्ड नंबर 3 में तलाशी के दौरान बंदी आक्रोशित हो गए थे। इसी दौरान हमजोत सिंह ने जेलर के साथ हाथापाई और गाली-गलौज की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अलार्म बजाया गया। जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह गलत हैं।

रेंज में 10 आरएसी कंपनियां और हजारों का जाब्ता तैनात

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस का कड़ा पहरा, 2526 बूथों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। पंचायतीराज चुनाव 2026 को पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए बीकानेर रेंज पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद हो गई है। महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देशन में रेंज के चारों जिलों–बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। 14 व 16 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर असामाजिक तत्वों और चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान डालने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रेंज के अंतर्गत कुल 750 ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न होगा, जिसके लिए 2526 मतदान बूथ बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों का चिन्हीकरण कर वहां पर्याप्त पुलिस बल और सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।

श्रीगंगानगर जिले में लगाई 4 कंपनियां: कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेंज में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। रेंज स्तर पर 4 पुलिस अधीक्षक, 17 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 34 पुलिस उप अधीक्षक, 127 पुलिस निरीक्षक, 140 उप निरीक्षक, 948 सहायक उप निरीक्षक, 1418 हैड कांस्टेबल तथा 4914 कांस्टेबल मुस्तैद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए आर.ए.सी. की कुल 10 कंपनियां तैनात की गई हैं। इसमें बीकानेर रेंज मुख्यालय पर 2 कंपनियां, श्रीगंगानगर में 4 कंपनियां, चूरू में 2 कंपनियां, बीकानेर जिला और हनुमानगढ़ जिले में 1-1 कंपनी लगाई गई है। इसके अलावा, जिलोंवार आवश्यकतानुसार 3,990 अतिरिक्त पुलिस बल भी उपलब्ध कराया गया है। इसमें हनुमानगढ़ में 515, चूरू में 1474 और श्रीगंगानगर के 2001 कर्मी शामिल है। महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश ने रेंज के समस्त जिला पुलिस अधीक्षकगणों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनाव के दौरान पूर्ण सतर्कता और निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

घर में घुसकर मारपीट, सिर फोड़ा और मोटरसाइकिल ले गए आरोपी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जवाहरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूप कॉलोनी में दबंगई और हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। गली नंबर 05 में आरोपियों ने एक युवक को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटा, उसके सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई और इसके बाद घर में घुसकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपी घर का सामान तोड़फोड़ कर युवक की मोटरसाइकिल भी अपने साथ ले गए। इस संबंध में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता भोली रानी पत्नी जितेन्द्र कुमार अरोड़ा निवासी भूप कॉलोनी ने जवाहरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 नवंबर की शाम करीब 6 बजे आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से प्राथीर्या के बेटे को रास्ते में रोक लिया और उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद हमलावर घर में घुस आए और परिजनों के साथ मारपीट करते हुए घर के घरेलू सामान में जमकर तोड़फोड़ की और जाते-जाते बेटे की मोटरसाइकिल भी ले गए। पुलिस ने परिवाद के आधार पर शुभम पुत्र संतोष खुंगर, महक खुंगर,दीपक योगी, शुभम का भाई,नितिन बहल ,निशा योगी,सायना और राहुल गांधी सभी निवासी भूप कॉलोनी श्रीगंगानगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस पूरे प्रकरण की जांच सहायक उपनिरीक्षक निहालचंद को सौंपी गई है।

रास्ता रोककर चांदी की चेन और 12 हजार रुपये लूटे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जवाहरनगर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपियों ने रास्ते में रोककर न केवल युवक के साथ मारपीट की, बल्कि उसके गले से चांदी की चेन और जेब से नकदी भी छीनकर ले गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना जवाहरनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विक्की कुमार पुत्र चुन्नीलाल निवासी सरस्वती नगर बी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 11 नवंबर की रात करीब 8:00 बजे इंदिरा कॉलोनी की गली नंबर 9 से गुजर रहा था, तभी वहां मौजूद करण ,विष्णू और विष्णू की माता निवासी इंदिरा कॉलोनी ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने मिलकर पीड़ित के साथ मारपीट की और इस दौरान उसके गले से चांदी की चेन तथा 12,000 रुपये नकद जबरन निकालकर फरार हो गए। इस संबंध में जवाहरनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक महेशचंद को सौंपी है ।

तेज रफ्तार कार ने स्कुटी को मारी टक्कर, युवक घायल

श्रीगंगानगर। सुखाड़िया सर्किल के पास एक तेज रफ्तार और लापरवाह कार चालक ने स्कुटी को टक्कर मार दी, जिससे चालक का बेटा घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना जवाहरनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी शशि भूषण पुत्र महावीर प्रसाद मित्तल निवासी 4 ई 30, जवाहरनगर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 19 अक्टूबर की शाम करीब 5.40 बजे अपनी कार संख्या आरजे 14 सीबी 4490 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनके बेटे कार्तिक की स्कुटी में सुखाड़िया सर्किल पर टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के कारण प्रार्थी के बेटे को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने परिवाद के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल विकास को सौंपी है।

दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पदमपुर रोड स्थित मिठाई की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए रात के समय दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवादी पंकज सिंह पुत्र नेमसिंह जाति राजपुरोहित, निवासी सुदामानगर, सदर गंगानगर ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 9 नवंबर 2026 की रात्रि में सुरेन्द्र सिंह पुत्र चानणसिंह, देवीसिंह पुत्र चानणसिंह, चानणसिंह, जगदीश सिंह निवासी झबरा, पोकरण (जैसलमेर) तथा शैतानसिंह निवासी भलेरा (बाड़मेर) सहित अन्य आरोपियों ने कथित रूप से मिलकर उसकी दुकान का ताला तोड़ दिया। आरोपी दुकान से मिठाई के 8 काउंटर, एक पेप्सी डीप फ्रीजर, एक आइसक्रीम फ्रीजर, एक चॉकलेट फ्रीजर, मिठाई बनाने की कढ़ाइयां तथा अन्य मिठाई निर्माण का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने कोतवाली थाने में मुकदमा संख्या 447/2026 दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई श्री सतीश कुमार कर रहे हैं।



भारतीय जैन संघटना का राज्य स्तरीय 'द ग्रेट फिनाले' अधिवेशन आज से

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारतीय जैन संघटना (बी.जे.एस.) राजस्थान का राज्य स्तरीय अधिवेशन सिद्धिः प्रयास से परिणाम की यात्रा श्रीगंगानगर में भव्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन को द ग्रेट फिनाले का नाम दिया गया है, जिसमें प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रांतीय अध्यक्ष श्रवण दुगड, महासचिव आशीष लोढ़ा, संभागीय अध्यक्ष नरेश जैन , स्थानीय अध्यक्ष राजेश जैन और सचिव मुकेश सेठी ने बताया कि 14 नवंबर के सभी कार्यक्रम पदमपुर बाइपास रोड स्थित अग्रवाल सदन में होंगे। इसमें नो योर बी.जे.एस. सत्र, फायर साइड चैट, सिद्धि सत्र सहित सुबह 10 बजे से रात 9:30 बजे तक पांच अलग-अलग सत्रों का संचालन किया गया, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श के साथ प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। 15 नवंबर को अधिवेशन श्री आत्म वल्लभ जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में होगा। इस दिन हेल्थ एंड वेलनेस सत्र, पुनर्कथन एवं अध्याय प्रस्तुतियां, राष्ट्रीय विजन एवं सिद्धि सम्मान समारोह जैसे सत्र के अलावा हिन्दूमलकोट बॉर्डर भ्रमण होगा। इसमें बीएसएफ के जवानों के साथ विशेष संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। अधिवेशन के दौरान चार नई नवगठित इकाइयों पदमपुर, रायसिंहनगर, संगरिया और पीलीबंगा को आधिकारिक रूप से शपथ दिलाई जाएगी।

24 घंटे में घटनाक्रम को लेकर मांगा स्पष्टीकरण, एफआईआर की चेतावनी, जुर्माना जमा नहीं करवाने वालों को भी नोटिस

'बाजार हमारा है' बोलकर अतिक्रमण हटाओ टीम, वाहन चालक से धक्का-मुक्की; अप्सरा सिल्क प्लाजा संचालक को थमाया नोटिस

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



गोलबाजार में अतिक्रमण हटाने गई नगर परिषद की टीम के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौच और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला तूल पकड़ गया है। नगर परिषद प्रशासन ने अब इस मामले में 'अप्सरा सिल्क प्लाजा, पार्लर, बुटिक' नजदीक अम्बेडकर चौक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। परिषद ने चेतावनी दी है कि तय समय में जवाब न मिलने पर संबंधित धाराओं में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, नगर परिषद ने मौके पर जुर्माना राशि जमा नहीं करवाने वाले अन्य दुकानदारों के खिलाफ भी एक्शन लेने की तैयारी कर ली है।

जानकारी अनुसार 11 नवंबर दोपहर करीब 1 बजे अम्बेडकर चौक के नजदीक नगरपरिषद की अतिक्रमण हटाओ टीम सहायक अभियंता अमनदीप कौर के नेतृत्व में कार्यवाही कर रही थी। इस दौरान अप्सरा सिल्क प्लाजा, पार्लर, बुटिक (रेडीमेड दुकान)के संचालक ने अतिक्रमण हटाओ टीम में नियुक्त वाहन चालक राजपाल के साथ अभद्र व्यवहार किया साथ ही सरकारी वाहन को बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया। टीम के साथ धक्का-मुक्की और राजकीय कार्य में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप करने का वीडियो भी बना जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें दुकान संचालक/प्रतिनिधि द्वारा टीम के सदस्यों के समक्ष यह कहकर चुनौती दी गई कि 'बाजार हमारा है'।

अब तक लगाया डेढ़ लाख जुर्माना

सहायक अभियंता अमनदीप कौर ने बताया कि जब से यह अभियान शुरू हुआ है तब से अब तक परिषद द्वारा अतिक्रमणकारियो पर करीब 1.30 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। इसमें से 80 प्रतिशत लोगों ने जुर्माना जमा करवाने के साथ नगरपरिषद से अपना जप्त सामान भी छुड़वा लिया। ऐसे में जिन दुकानदारों के पूर्व में चालान काटे जा चुके हैं लेकिन उन्होंने नियत फीस जमा नहीं कराई है, उन्हें भी अब नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जल्द ही उनकी दुकानों पर सीलिंग या अन्य सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार 'अप्सरा सिल्क प्लाजा, पार्लर, बुटिक' के संचालक/ प्रतिनिधि द्वारा यदि 24 घंटे में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता तो उसके विरूद्ध राजकार्य में बाधा सहित , लोक सेवक पर हमला या आपराधिक बल प्रयोस सहित विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज करवाया जाएगा।

परिषद द्वारा जारी नोटिस के अनुसार दुकान संचालक/प्रतिनिध ने अतिक्रमण को संरक्षण देने के उद्देश्य से न केवल सरकारी वाहन को रोका, बल्कि अतिक्रमण हटाने के अभियान को भी विफल करने का प्रयास किया। घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे नगर परिषद की छवि धूमिल होने के साथ-साथ राजकीय कार्य में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुआ है।

पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजे बारातियों ने किया मताधिकार के प्रति जागरूक

ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच निकली वोट बारात, ग्रामीणों को दिया शत-प्रतिशत मतदान का सन्देश

सीमा सन्देश# बीकानेर





पंचायत चुनाव-2026 में मतदाता जागरूकता और लोकतंत्र में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत पाँचू में अनूठी पहल करते हुए 'वोट बारात' का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा और मतदान जागरूकता के नारों के बीच निकली इस बारात ने ग्रामीणों को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। स्वीप सह प्रभारी एवं पीआरओ सुरेश बिश्नोई ने बताया कि पारंपरिक विवाह समारोह की तर्ज पर आयोजित वोट बारात में साफाधारी बाराती मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन लेकर शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों के साथ रवाना हुई यह बारात गांव के मुख्य बाजार और विभिन्न गलियों से होकर गुजरी। इस दौरान ग्रामीणों ने बारात का स्वागत किया और मतदान जागरूकता की इस अनूठी पहल की सराहना की। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सुरेश बिश्नोई ने कहा कि वोट बारात का उद्देश्य मतदान को केवल एक औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखते हुए इसे लोकतंत्र के उत्सव के रूप में जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दे। विकास अधिकारी पाँचू कैलाश राम पंचारिया ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार होने के साथ-साथ लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह के साथ मतदान महोत्सव का हिस्सा बनते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। स्वीप प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रशांत जोशी ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। सह-समन्वयक श्री गोपाल जोशी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता आगामी पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त बन सके। ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी नारायण उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वीप प्रकोष्ठ के अमरदीप गोदारा, प्रमोद शर्मा, घनश्याम भाखर, पंचायत शिक्षक मेघराज गर्ग, समाजसेवी हड़मान राम गोदारा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मघीदेवी, कमला मेघवाल, सरिता सिहाग, सरिता मेघवाल, शांति सिहाग सहित स्वीप प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों और सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पंचायती राज आम चुनावः चौथे चरण के लिए मतदान दल रवाना, निर्वाचन अधिकारी व पर्यवेक्षक रहे मौजूद

92 ग्राम पंचायत, 10 जिला परिषद और 59 पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन के लिए मतदान आज

सीमा सन्देश# बीकानेर



पंचायती राज आमचुनाव-2026 के चौथे चरण में नोखा, जसरासर और पांचू पंचायत समिति क्षेत्रों में होने वाले निर्वाचन के लिए मतदान दल शुक्रवार को रवाना हुए। रवानगी से पूर्व इन दलों के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों और दिशा-निदेर्शों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पर्यवेक्षक नवनीत कुमार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चौथे और अंतिम चरण में तीन पंचायत समितियों की 92 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच तथा जिला परिषद के 10 और पंचायत समिति के 59 सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान होंगे। इसके लिए 426 मतदान दल गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान दलों का हिस्सा होना कार्मिकों के लिए गर्व का विषय है। प्रत्येक कार्मिक उन्हें दिए गए दायित्वों का पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी से निर्वहन करें, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया का निर्बाध तरीके से सम्पन्न करवाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान होंगे। अगले दिन रविवार को पंच-सरपंच पदों के लिए नामांकन से जुड़ी प्रक्रिया होगी। सोमवार को पंच-सरपंच पदों के लिए चुनाव और मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी। इसी क्रम में अंतिम दिन मंगलवार को उप सरपंच पदों के लिए निर्वाचन होंगे। रिटर्निंग अधिकारी अपने सैक्टर ऑफिसर सहित अन्य उच्चाधिकारियों से समन्वय बनाए रखें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव हेमेन्द्र नागर, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी पंकज शर्मा, नगर निगम के निदेशक (वित्त) धीरज जोशी सहित तीनों पंचायत समिति क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अधिकारी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

शोक समाचार

स. कुलविंदर सिंह बराड़ के पिता का निधन



नेतेवाला। साहूवाला पंचायत के गांव शोभासिंह वाली ढाणी निवासी सरदार कुलविंदर सिंह बराड़ के पिता सरदार जगरूप सिंह बराड़ का 8 नवम्बर को निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु रखे गए पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास का कार्यक्रम 17 नवंबर को दोपहर 12:45 बजे निवास स्थान गांव शोभासिंह वाली ढाणी स्थित गुरुद्वारा साहिब में होगा। इस दुखद घड़ी में परिवार एवं रिश्तेदारों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वाहेगुरु से उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की अरदास की है।

19 जीजी के स. गुरमेल सिंह सोही का निधन



नेतेवाला। ग्राम पंचायत गोविंदपुरा झाझड़ियावाला के गांव 19 जीजी निवासी सरदार गुरमेल सिंह सोही पुत्र स्वर्गीय सरदार मलकीत सिंह सोही का 9 नवंबर को निधन हो गया। स्वर्गीय सरदार गुरमेल सिंह सोही का अंतिम संस्कार 12 नवंबरको 19 जीजी की कल्याण भूमि में किया गया।19 जीजी निवासी सरदार हेम्मत सिंह सोही, भगवत सिंह सोही एवं सुमित सिंह सोही तथा इंग्लैंड निवासी पुरुषोत्तम सिंह सोही के भाई व इंग्लैंड निवासी भूपेंद्र सिंह सोही के पिता गुरमेल सिंह सोही के निधन से परिवार एवं क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

छठ पूजा की चांडक ने शुभकामनाएं दी



श्रीगंगानगर। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की समाजसेवी अशोक चांडक ने सभी इलाका निवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा भारत की प्राचीन लोक परंपराओं, प्रकृति और सूर्य उपासना का एक अनुपम महापर्व है। यह पर्व मुख्य रूप से सूर्य देव और छठी मइया को समर्पित है जो जीवन, स्वास्थ्य, संतान सुख और समृद्धि का आशीर्वाद देने वाली मानी जाती हैं। चार दिवसीय छठ महापर्व के पहले दिन व्रती स्नान-ध्यान कर शुद्ध और सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। घर की और आसपास की पूरी सफाई की जाती है। दूसरे दिन व्रती पूरे दिन निर्जल उपवास रखते हैं और शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं, जिसे ग्रहण करने के बाद उनका लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जल व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन नदी, तालाब या घाट पर जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन सुबह-सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर इस कठिन व्रत का समापन किया जाता है। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहणकरते हैं।

सर्वसम्मति से किरयाना यूनियन की कार्यकारिणी पुनः गठित



श्रीकरणपुर। किरयाना यूनियन की पूर्व में कार्यरत कार्यकारिणी सर्वसम्मति से पुनः गठित की गई है। यूनियन के संरक्षक एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों के विचार-विमर्श एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्ववतः पदाधिकारियों को पुनः उनकी जिम्मेदारियों पर बनाए रखा जाएगा। अध्यक्ष शैंपी गुम्बर, सचिव शुभम अरोड़ा, कोषाध्यक्ष प्रदीप मंगल को पुनः जिम्मेदारी दी गई है।

थाना प्रभारी बोले-शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त संपन्न कराने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला

पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मटीलीराठान थाना प्रभारी मुकेश कुमार और हेड कांस्टेबल सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में आरएसी के सशस्त्र जवानों के साथ क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च ग्राम पंचायत मटीलीराठान सहित मिर्जेवाला, 11 क्यू, दौलतपुरा, 3 सी छोटी, संगतपुरा, 18 जैड और साहिबसिंहवाला के मुख्य मार्गों व संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी, अफवाह फैलाने या शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इस कदम से ग्रामीणों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट वितरित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर एवं गौरवी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट वितरण सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। चेयरमैन कमलकांत कोचर ने बताया कि इस सेवा कार्य के तहत चिकित्सालय को नवजात शिशुओं की समुचित देखरेख और स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु 100 बेबी किट भेंट की गईं। सचिव राजेश झुंथरा ने कहा कि यह सेवा प्रकल्प भविष्य में भी जारी रहेगा। इस दौरान अजय बंसल गोल्डी, पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र बैद, वृद्ध आश्रम संयोजक पवन गोयल, गौरवी केंद्र की चेयरमैन मनोरमा बैद, सचिव शर्मिला कोचर, मीना झुंथरा, राशि लोहिया, सुमन जिंदल, डॉ. शालू तनेजा, डॉ. साक्षी, नर्सिंग स्टाफ महेश, मोहिनी, ममता और रतन लाल ओझा मौजूद रहे।

धर्म | आज शाम को घरों में होगी विशेष पूजा व भजन कीर्तन

'नहाय खाय के' से लोक आस्था का प्रमुख छठ महापर्व शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर




श्रीगंगानगर। करणपुर रोड पर जैड माइनर नहर के किनारे घाटों की सफाई करवाते हुए समिति के सेवादार।

शहर में पूर्वांचलवासियों के लोक आस्था के महापर्व छठ महोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी पर कठिन व्रत ह्यनहाय-खायह्ल के साथ हुई। बिहार और उत्तर प्रदेश के परिवारों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। व्रतियों ने पवित्र स्नान कर शुद्ध और सात्विक आहार के रूप में कद्दू (लौकी) की सब्जी और चावल ग्रहण किए, जिसमें स्वच्छता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया। बिहार मूल के उम्मेद दास ने बताया कि पंचमी तिथि शनिवार को खरना होगा, जिसमें शाम को पूजा कर प्रसाद तैयार किया जाएगा। रविवार षष्ठी को व्रती महिला-पुरूषों निर्जला व्रत शुरू होगा। व्रती नहरों के घाटों पर पहुंचेंगे। सूप व डलिया में ठेकुआ और ऋतु फल सजाकर रविवार को डूबते तथा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उदय होते सूर्यनारायण को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगे।

घाटों पर विशेष तैयारियां और अनुष्ठानः श्रीगंगानगर में छठ महापर्व को लेकर शहर की समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रीसूर्य छठ पूजा सेवा समिति के धर्मेन्द्रदास ने बताया कि 15 नवंबर को 7 जैड गुरुद्वारे के पास, श्रीकरणपुर रोड पर छठ पूजा महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन होगा। शुक्रवार को जैड माइनर नहर के किनारों पर जेसीबी से साफ-सफाई करवाकर टेंट, बांस की सीढ़ियां और अस्थाई स्नानागार बनाए गए हैं। मिथिला व डाला छठ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रात्रि सवा नौ बजे माता का भव्य जागरण होगा और घाटों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। गंगा मैया सेवा समिति द्वारा 7 जैड आरबीएल बैंक के पास भी आयोजन होगा। संध्या बेला में अर्घ्य के बाद कई परिवार घाटों पर रातभर भजन-कीर्तन में लीन रहते हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहता है।



वर्ग पहली क्रमांक 7978



ò *बायें से दायें:-* 1) नित्य, 6) मसान, 10) पितृपक्ष, आदत का ग़ुलाम; लती, 14) कंगाल 15) भाग्यवान, 2) राही, 4) शपथ, 7) 16) शत्रुहीन, 19) कबाड़ी, एक पक्षी, 8) चटपटा, 9) 21) पैगंबर, 22) धना- पाकिस्तान, 11) वृक्ष की पहरण, 26) विकल्प; उपाय. डाली, 12) परंपरागत, (उत्तरः अगले अंक में) 13) अगर, 15) तीर, 17) *पिछली पहेली का उत्तर* सालाना, 18) एक फल, 20) निम्नवित्त, 23) पुत्री, 24) वसंत ऋतु की फ़सल, 25) दंगा-फ़साद; उपद्रव, 26) शौक, 27) पाजीपन.

ò *ऊपर से नीचे:-* 1) अगल-बगल, 2) सैनिकदल, 3) सुंदर, 4) हृदय, 5)

बे	र	ह	म	■	अ	क	स	र	■
तु	■	■	न	ट	ख	ट	■	ह	ठ
का	क	■	च	■	रो	क	था	म	■
■	पो	प	ला	■	ट	■	म	■	ब
अ	ल	ता	■	च	■	ता	ना	शा	ह
■	क	■	प	र	स्प	र	■	न	स
क	ल्प	क	■	प	■	का	■	श्री	■
म	ना	■	बा	रा	त	■	ब	क	रा
ची	■	तं	गी	■	ब	दी	ल	त	■

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 14 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1681 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की।

1922 - ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू किया। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।

1973 - ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।

1999 - संयुक्त राष्ट्र एक माह के भीतर अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को सं.रा. अमेरिका या किसी तीसरे देश को न सौंपने के कारण तालिबान पर प्रतिबंध लागू, राष्ट्रमंडल सम्मेलन (डरबन, दक्षिण अफ्रीका) द्वारा पाकिस्तान को निलम्बित करने की घोषणा।

2002 - चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

2006 - भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेरेरिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।

2007 - डेनमार्क के प्रधानमंत्री आन्द्रे फाग रासमुस्सेन ने लगातार तीसरी बार देश का कार्यभार सम्भाला।

2008 - पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस के नेता अजीत पांजा का निधन। मून इम्पैक्ट प्रोब चाँद की सतह पर उतरा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव सम्पन्न हुआ।

2009 - मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के 15 डिब्बे जयपुर के बांसखो फाटक के पास पटरी से उतर गए। हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई है।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 15 नवंबर (एनएनएस) रविवार कार्तिक सुदी षष्ठी को गेहूं, जौ, बारीक चावल, बाजरा, मक्की, जई, ढैंचा ज्वार, ग्वार, ग्वारगम, मोठ, तुवर, उड़द, देशी चना, मसूर, काबुली चना, राजमा चित्रा, जायफल, लौंग, महुआ फूल, धनिया, इमली, लालमिर्च, जावित्री, हल्दी, बादाम गिरी, किशमिश, अमचूर, काजू, तेल सरसों, सोया, गुड़-चीनी, कॉपर पीतल में लाभ तथा मूंग, उड़द, तुवर, ढैंचा, सरसों, लोबिया, बिनौला, गोला, अजवायन, छुहारा, पिस्ता, तेल बिनौला तथा उक्त तिलहन, द्राख गोला, जीरा, अंजीर, शक्कर. पारा निकिल में सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-4-6-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.41 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

14 नवम्बर शनिवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी, नक्षत्र - पूर्वाषाढ़ा, योग - शूल, करण - बव, दिशाशूल - पूर्व दिशा, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - धनु, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : खर्चों में कमी आएगी और अटका हुआ धन प्राप्त होगा। पारिवारिक और लव लाइफ में सुखद समय रहेगा।

वृषभ : व्यापार में जल्दबाजी से बचें और बड़े समझौते से पहले विचार करें। लालच से दूर रहें और ज्यादा काम का बोझ न लें।

मिथुन : सेहत में लापरवाही न करें, पुरानी समस्या उभर सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें, अच्छी डील मिल सकती है।

कर्क : आत्मविश्वास और सक्रियता से आगे बढ़ें। कार्यक्षमता सुधरेगी, जमीन-वाहन से जुड़े सौदे अनुकूल रहेंगे ।

सिंह : मेहनत रंग लाएगी और कार्यों में सफलता मिलेगी। एकाग्रता के साथ अपने गोल्स पर फोकस बनाए रखें।

कन्या : बुधादित्य राजयोग का लाभ मिलेगा। व्यापार में मुनाफा होगा और मीडिया, शिक्षा या मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।

तुला : निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी, मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। कानूनी मामलों और वाद-विवाद से दूरी बनाए रखें।

वृश्चिक : पार्टनर और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कामकाज की बाधाएं दूर होंगी और अचानक लाभ के योग बनेंगे।

धनु : अचानक धन लाभ या बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

मकर : करियर में जबरदस्त ग्रोथ के संकेत हैं। रुका हुआ धन या पुराना पैसा वापस मिल सकता है।

कुंभ : पिता का पूरा सहयोग मिलेगा और आय के नए स्रोत खुलेंगे। करियर की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

मीन : अनावश्यक ओवरथिंकिंग से बचें। सेहत में धीरे-धीरे सुधार होगा और धन लाभ के अवसर बनेंगे।

यूईएम में एनएसएस राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ

सीमा सन्देश # जयपुर।



यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर, चोमू में एनएसएस राष्ट्रीय एकता शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर 12 से 18 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 12 राज्यों से आए कुल 200 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। भाग लेने वाले राज्य हैं - राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम।

शिविर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करना है।

शुभारंभ समारोह में यूईएम जयपुर के कुलपति डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एस. पी. भटनागर, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर, राजस्थान एवं करिश्मा टाक, युवा अधिकारी, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, राजस्थान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बी. एस. यादव, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस, यूईएम जयपुर, निदेशक शारीरिक शिक्षा, यूईएम जयपुर एवं विभागाध्यक्ष योगा व बीपीईएस, यूईएम जयपुर के नेतृत्व में किया गया।

अपने संबोधन में अतिथियों ने नशा मुक्त, स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति का दूत बनने और राज्यों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग, खेलकूद, विशेषज्ञ व्याख्यान, जागरूकता रैली, सामुदायिक सेवा और अपने राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, समाज सेवा और नेतृत्व की भावना का विकास करना है।

बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

रोवर-रेंजर्स ने दी बच्चों को दी स्वच्छता व कचरा प्रबंधन की जानकारी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय इकाई के रोवर-रेंजर्स ने करणपुर रोड स्थित सेठ शिवप्रसाद शाह राउप्रावि नं. 11 में सतत विकास लक्ष्य के तहत बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की। सीनियर रोवर अंश धवन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को डेंगू, मलेरिया, खांसी-जुकाम व सांस जैसी मौसमी बीमारियों के कारणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने आसपास स्वच्छता रखने तथा गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डालने पर जोर दिया। साथ ही, बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन हुआ, जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोवर नरेंद्र सिंह राठौड़, मनोज कुमार, आकाश, रेंजर कुमकुम व भारती ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ ने रोवर-रेंजर्स के इस प्रयास की सराहना की। कॉलेज के रोवर लीडर अजय कुमार और रेंजर लीडर कोमल बंसल के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ।

देश का कुल निर्यात अक्टूबर में 29.90 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली (वार्ता) देश से वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात अक्टूबर 2026 में अनुमानित 89.99 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो अक्टूबर 2025 की तुलना में 29.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान वस्तुओं का निर्यात 49.47 अरब डॉलर के साथ नये रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2026 में कुल आयात अनुमानित रूप से 110.07 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 16.58 प्रतिशत अधिक है। आलोच्य माह में वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात-आयात के हिसाब से व्यापार-घाटा 39.88 अरब डॉलर रहा जो एक साल का उच्चतम स्तर है। सितंबर में व्यापार घाटा अरब डॉलर 30.21 अरब डॉलर था।

प्रिंस के 22 विद्यार्थियों का एनडीए व सीडीएस में चयन

सीमा सन्देश # सीकर।

प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल के 22 विद्यार्थियों का एनडीए एवं सीडीएस की अंतिम मेरिट सूची में चयन हुआ है। एनडीए में रूचि पूनियां, अनुष्का, तनुश्री, पूजा, आसका, रक्षिता, नवदीप, मयंक, लक्ष्य, निखिल, पराग, शुभम, आदित्य, सक्षम, साहिल खान, हितेष, गुलशन और कुनाल सफल रहे। वहीं सीडीएस में सुमित कुमार, अंकित शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी और विवेक कोठारी ने अंतिम मेरिट सूची में स्थान बनाया। रूचि पूनियां ने एनडीए में अ.भा. 9वीं तथा सुमित कुमार ने सीडीएस में अ.भा. 4वीं रैंक प्राप्त की। संस्थान के 10 विद्यार्थियों ने एनडीए एवं सीडीएस की अखिल भारतीय टॉप-100 रैंक में जगह बनाई।

इस उपलब्धि पर प्रिंस एजुहब के निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित संस्थान के पदाधिकारियों ने चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और एसएसबी प्रशिक्षकों को बधाई दी। संस्थान के 176 कैडेट्स पूर्व में भी एनडीए, टीईएस और सीडीएस की एसएसबी में अंतिम चयन प्राप्त कर चुके हैं।

खाद्य तेलों में तेजी, चावल स्थिर, दालों और चीनी के भाव भी बढ़े

नयी दिल्ली

दिल्ली थोक बाजार में आज सामान्य कारोबार के बीच अधिकांश जिंसों के भावों में तेजी दिखी। सामान्य किस्म के चावल का भाव स्थिर रहा लेकिन गेहूं और आटे में चार-छह रुपये प्रति क्विंटल की हल्की तेजी रही।

दालों के भाव पिछले दिन की गिरावट के बाद हल्के सुधार पर हरे। इनमें प्रति क्विंटल 3 रुपये से 32 रुपये तक की तेजी दिखी। तुअर दाल का भाव पिछले बंद की तुलना में 11 रुपये तेज रुपये घट गया जबकि चना में 32 रुपये की तेजी दर्ज की गयी। उड़द और मूंग दाल भी क्रमशः 3 और 13 रुपये तेज हो गए। मसूर 18 रुपये तेज बोली जा रही थी।

खाद्य तेलों में भी आज तेजी लौट आयी थी। सरसों और वनस्पति में क्रमशः 39 रुपये और 20 रुपये तेज बोला गया। सोया 73 रुपये और सूरज मुखी तेल 22 रुपये तेज बिका। जबकि मूंगफली तेल कल की तेजी को बरकरार रखते हुए 56 रुपये तेज हो गया।

अन्य तेलों के विपरीत पाम आयल का भाव 20 रुपये नीचे आ गया। चीनी में 11 रुपये की तेजी दिखी जबकि गुड़ प्रतिक्विंटल पांच रुपये और नीचे चला गया। विदेशी बजारों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा कारोबार 4,462 रिंगिट प्रति टन पर चल रहा था।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8270-6400 (आ. 498 क्विं.), ग्वार 8159-6600 (आ. 195 क्विं.), नरमा 9164-8600 (आ. 2420 क्विं.), सरसों 8705-8210 (आ. 57 क्विं.), कपास 9000-7700 (आ. 90 क्विं.), जवी 3911 (आ. 7 क्विं.), अरण्डी 7805 (आ. 25 क्विं.), बाजरा 2700-2600 (आ. 55 क्विं.), **जैतसर :** सरसों 8000, मूंग 8535-8335, बाजरी 2650, ग्वार 8192-8031, नरमा 9141-8600, कपास 8751-8661, धान 4485-3600, **गजसिंहपुर :** सरसों 8958-8687, ग्वार 7951-7726, मूंग 7700, नरमा 9161-8500, कपास 8601, जौ 2800, चना 6441, **घड़साना :** मूंग 8570-7625, नरमा 9085-8800, सरसों 9005-8250, ग्वार 8030-7805, पीली सरसों 8050, **करणपुर :** नरमा 9051-8855, कपास 8691-8400, मूंग 8171-7351, **विजयनगर :** नरमा 9091-8750, ग्वार 8169-7925, मूंग 8351-7945, बाजरी 2725-2651, गेहूं 2877-2700, धान 4441-1811, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2820-2200, सरसों 8811-5500, पीली सरसों 9100-6200, ग्वार 8150-6500, मूंग 8250-5000, नरमा 9161-8000, बाजरी 2801-2000, **अनूपगढ़ :** नरमा 9090-8501, धान 4751-3800, मूंग 8321-7500, ग्वार 8181-7900, बाजरा 2810-2786, कपास 8871-7950,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8450, नरमा व्यापारी 8888, बाजरा 2550, ग्वार 7975, मूंग व्यापारी 7650, मक्का 2575, धान पीआर व्यापारी 2150, धान मुछल 4565, धान 1509-3900, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8729, बाजरा 2540, ग्वार 8100, धान पीआर व्यापारी 2392, धान मुछल 3943, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8850, नरमा व्यापारी 8930, बाजरा 2540, ग्वार 8055, मूंग व्यापारी 7800, धान पीआर व्यापारी 2250, धान मुछल 4571, धान 1509-4295, **रावतसर:** कपास 8441, नरमा व्यापारी 8980, गेहूं व्यापारी 2770, बाजरा 2611, ग्वार 8290, चना व्यापारी 7120, मूंग व्यापारी 7991, मोठ 8521, सरसों व्यापारी 8503, तिल 1995, मूंगफली व्यापारी 7900, **नोहर:** ग्वार 8001, चना व्यापारी 7165, मूंग व्यापारी 8545, मोठ 8445, सरसों व्यापारी 9120, तिल 22400, अरण्डी 7850, मूंगफली व्यापारी 7550, **भादरा:** गेहूं व्यापारी 2920, ग्वार 8875, चना व्यापारी 7136, मूंग व्यापारी 8075, सरसों व्यापारी 9875, **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8870, गेहूं व्यापारी 2620, बाजरा 2690, ग्वार 7200, चना व्यापारी 7400, मूंग व्यापारी 7816, मक्का 2780, **गोलूवाला:** कपास 8101, नरमा व्यापारी 8960, गेहूं व्यापारी 2621, बाजरा 2650, ग्वार 8000, चना व्यापारी 7100, मूंग व्यापारी 8226, सरसों व्यापारी 8796, **पीलीबंगा:** कपास 8800, नरमा व्यापारी 8900, ग्वार 8050, धान पीआर व्यापारी 2134, धान 1509-3800, **टिब्बी:** धान पीआर व्यापारी 2300

गंगनहर का वरीयताक्रम

14 नवम्बर 2026, शनिवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
समेजा	452 (8)	07 नवम्बर दोपहर 12 बजे	15 नवम्बर प्रातः 3 बजे
आरबी	722 (6)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	757 (5)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	768 (5)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	829 (5)	10 नवम्बर रात्रि 9 बजे	18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जीजी	1030 (4)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
हिरणांवाली	1052 (4)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
नेतेवाला	1073 (4)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएल	1133 (4)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
एमएलए	1174 (4)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
करणीजी	1504 (3)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
केके	1517 (3)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	2020		
ईईए	2080		
एलएनपी	2357		
पीएस	2517		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	2824		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	2865		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2883		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	3038		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	3069		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीबी	3267		08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	3365		08 नवम्बर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में शुक्रवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1599 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7444	साहवा	480
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	4665
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

शुक्रवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 13.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

शेयर बाजारों में तेजी के सिलसिले पर ब्रेक

मुंबई, (वार्ता) खुदरा मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लिवाली हावी हो गयी और प्रमुख शेयर सूचकांकों में करीब 0.4 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गयी। गुरुवार को भी बाजार सीमित कारोबार के बीच नाम मात्र की ही तेजी दर्ज कर सका था। सेंसेक्स 318.56 अंक गिर कर 81,592.45 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 23 में आज गिरावट रही जबकि सात लाभ में बंद हुए। गिरावट में रहे प्रमुख शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, एनटीपीसी टूट गया। ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई में भी बिकवाली का जोर रहा। टेक महिंद्रा , इन्फोसिस तथा टीसीएस जैसे प्रमुख शेयर भी घाटे में बंद हुए।

लाभ में रहे शेयरों में हिंदुस्तान लीवर, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल लाभ में बंद हुआ। रिलायंस, इटरनल, बाजाज फाइनेंस और आईटीसी भी हल्के लाभ में रहे। निफ्टी 25,144 . 30 पर बंद हुआ जो पिछले बंद की तुलना में 155.05 अंक नीचे है।

हनुमानगढ़; पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी ने पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-जवानों को किया ब्रीफ

संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी और 200 मीटर के दायरे में नियमों की सख्ती से पालना के निर्देश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।





पंचायतीराज चुनाव-2026 के चतुर्थ चरण के मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के लिए जिला पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जाप्ते को अलर्ट किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों एवं जवानों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्रीफिंग में अधिकारियों ने कहा कि जिस प्रकार तृतीय चरण का मतदान पुलिस एवं प्रशासन के आपसी समन्वय, सतर्कता और मुस्तैदी से शांतिपूर्ण संपन्न करवाया गया, उसी तरह चतुर्थ चरण में भी पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय पर पहुंचें और निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना करवाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों एवं उनके आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। मतदान केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने देने तथा निर्धारित 200 मीटर की परिधि से संबंधित निर्वाचन नियमों की सख्ती से पालना करवाने की हिदायत दी गई। इसके अलावा मतदान केन्द्रों के अंदर मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों और चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने की आशंका वाले व्यक्तियों पर नजर रखने तथा किसी भी अवांछित गतिविधि की सूचना मिलते ही प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

मोबाइल पार्टियों और सेक्टर अधिकारियों में बेहतर तालमेल के निर्देश

ब्रीफिंग में मतदान केन्द्रों पर तैनात पुलिस जाप्ते, मोबाइल पार्टियों और सेक्टर अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय एवं संचार व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का विवाद, समस्या या कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थिति सामने आने पर संबंधित अधिकारी तत्काल आपसी समन्वय स्थापित करें और उच्चाधिकारियों को सूचना देकर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करें। पुलिस जवानों को आमजन और मतदाताओं के साथ शालीन व्यवहार रखने तथा मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और मुस्तैदी से काम करें। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ अरविंद बिश्नोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर नोहर गीता चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान दल) राजकंवर सहित जिले के वृत्ताधिकारी, थाना प्रभारी तथा चुनाव ड्यूटी में नियुक्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

छठ पर्व से पहले सजी आस्था की तैयारी, स्वच्छ जल से भरा घाट



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। छठ पर्व को लेकर जंक्शन शहर के वार्ड नंबर 57 में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए छठ घाट की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा प्रतिनिधि विकास शर्मा की ओर से शुक्रवार को घाट पर विशेष सफाई अभियान चलवाया गया। साथ ही घाट में साफ एवं स्वच्छ जल भरवाने की व्यवस्था भी करवाई गई, ताकि छठ पर्व के दौरान व्रतधारी महिलाओं और पूर्वांचलवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। छठ पर्व को लेकर वार्ड में पूर्वांचलवासियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में पूर्वांचलवासी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना करेंगे। इसे देखते हुए घाट की स्वच्छता, साफ पानी और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। भाजपा प्रतिनिधि विकास शर्मा ने बताया कि छठ पर्व आस्था, श्रद्धा और लोक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। इस पर्व पर घाट पर आने वाले पूर्वांचलवासियों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से घाट की सफाई करवाने के साथ ही उसमें स्वच्छ जल भरवाया गया है, ताकि व्रतधारी महिलाएं और पूर्वांचलवासी सुविधाजनक एवं सुरक्षित माहौल में धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की सफलता में स्वच्छता और जनसहयोग की अहम भूमिका रहती है। छठ पर्व पर पूर्वांचलवासियों की संख्या को देखते हुए घाट पर आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं वार्डवासियों ने पर्व से पहले सफाई अभियान चलाने और स्वच्छ जल की व्यवस्था करवाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि समय रहते की गई तैयारियों से पर्व के दिन पूर्वांचलवासियों को काफी सुविधा मिलेगी।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का आगाज, 16 को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा समापन

चुंगी नंबर आठ पर सजेगा आस्था का दरबार; खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के होंगे आयोजन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।



लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार, 13 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर पूर्वांचलवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले दिन व्रतियों ने स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा भगवान को भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ महापर्व की धार्मिक परंपराओं का विधिवत आगाज हो गया। अब शनिवार को खरना होगा। इसके बाद व्रती कठिन निर्जला व्रत रखकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि छठ पूजा महोत्सव के तहत 14 नवम्बर को खरना का आयोजन होगा। इस दिन व्रती पूरा दिन उपवास रखकर शाम को पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। 15 नवम्बर को डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 16 नवम्बर को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देने के बाद व्रती पारण कर चार दिवसीय महापर्व का समापन करेंगे। उन्होंने बताया कि छठ महोत्सव के मुख्य आयोजन जंक्शन के चुंगी नंबर आठ, वार्ड नंबर आठ, सूरतगढ़ रोड पर होंगे। महोत्सव के तहत 14 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे आईटीआई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में जागरण आयोजित किया जाएगा। वहीं 15 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे चुंगी नंबर आठ पर भजन संध्या होगी। इसमें श्रद्धालु छठी मैया के भजनों का आनंद लेकर धार्मिक वातावरण में आस्था के रंग में सराबोर होंगे। छठ पर्व पर व्रती महिलाएं और पुरुष संतान की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और आरोग्य की कामना के साथ भगवान सूर्य एवं छठी मैया की उपासना करते हैं। इस महापर्व में स्वच्छता, संयम, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का विशेष महत्व है। घाटों पर सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा इस पर्व को विशिष्ट पहचान देती है। समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि महोत्सव का आयोजन वार्ड नंबर आठ के निवासियों सहित सर्व समाज के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है। समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल, संरक्षक रामपाल जाटव, संयोजक नागेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष राजवीर यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव भरत कुमार, संगठन मंत्री रामखेलावन दास, प्रवक्ता निखिल गुप्ता, प्रचार मंत्री रामायण कुमार, मीडिया प्रभारी केशव पाल सहित शंकर मंडल, पारसनाथ, रामूराय, सुशील दास, शंकर दास, बिंदेश्वर, रमेश तथा समाज के अनेक गणमान्य नागरिक आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

टाइगर फाइनेंस कंपनी के खिलाफ माकपा का हल्ला बोल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाइगर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कथित मनमानी के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) ने शुक्रवार को मोर्चा खोलते हुए जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कंपनी कार्यालय के सामने धरना दिया और जुलूस के रूप में हनुमानगढ़ जंक्शन के विभिन्न मार्गों से जागरूकता रैली निकाली। रैली शहीद-ए-आजम भगत सिंह चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में वक्ताओं ने कंपनी पर एक मजदूर के साथ अनुचित व्यवहार करने और उसके मूल दस्तावेज वापस नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए रोष जताया। सभा को संबोधित करते हुए माकपा नेता कामरेड शेर सिंह शाक्य ने बताया कि सजीपुरा निवासी राकेश खर्रा पेट्रोल पंप पर मजदूरी का कार्य करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी के एक एजेंट ने राकेश को कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का प्रस्ताव दिया था। एजेंट ने ब्याज दर 25 पैसे से अधिक नहीं होने की बात कही थी। इसके बाद राकेश ने लोन प्रक्रिया के लिए अपने दस्तावेज कंपनी को सौंप दिए। साथ ही स्पष्ट किया था कि पहले पूरा एस्टीमेट तैयार कर ब्याज सहित कुल देय राशि की जानकारी दी जाए और उसकी सहमति मिलने के बाद ही लोन स्वीकृत किया जाए। शाक्य के अनुसार, कंपनी ने राकेश के बैंक खाते में लोन की कोई राशि जमा नहीं करवाई, लेकिन बाद में उसे बताया गया कि कंपनी 1 रुपये 91 पैसे ब्याज वसूल करेगी।

तीन साल से अधूरी पड़ी संगरिया रोड का निर्माण आखिरकार शुरू, लोगों की परेशानी होगी दूर

सीवरेज लाइन बिछाने के लिए कंपनी ने की थी सड़क की खुदाई, कार्य पूरा होने के बाद नहीं करवाया था तोड़े गए हिस्से का निर्माण, जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ शहरी सेवा शिविरों व सेवा सेतु अभियान में उठी थी मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।



जंक्शन क्षेत्र में लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी संगरिया रोड के निर्माण का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। करीब तीन साल से अधूरी पड़ी इस सड़क पर निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों ने राहत की उम्मीद जताई है। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग उठने के बावजूद काम शुरू नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से उम्मीद है कि जल्द ही इस मार्ग पर सुगम और सुरक्षित यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। करीब तीन साल पहले सीवरेज लाइन बिछाने के लिए कंपनी ने सड़क की खुदाई की थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद चूना फाटक के पास सड़क को दोबारा नहीं बनाया गया था। इसके चलते यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब नगर परिषद की ओर से इस अधूरे हिस्से का निर्माण शुरू करवाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहल ने संगरिया रोड के निर्माण का मुद्दा लगातार प्रशासन के समक्ष उठाया। उन्होंने इस संबंध में पूर्व में एक बार जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क का निर्माण शीघ्र करवाने की मांग की थी। इसके अलावा दो बार शहरी सेवा शिविर एवं सेवा सेतु अभियान-2026 के दौरान भी ज्ञापन सौंपकर प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया था। बहल का कहना था कि लंबे समय से सड़क अधूरी होने के कारण आमजन को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

बड़ी समस्या के समाधान की दिशा में बढ़ा कदम

गौरतलब है कि संगरिया रोड पर क्राउन सिटी से काच्छी फार्म हाउस तक सड़क निर्माण का कार्य करीब तीन साल से अधूरा पड़ा था। सड़क पर केवल पत्थर बिछाकर काम रोक दिया गया था। डामरीकरण नहीं होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों के चलते दिनभर धूल-मिट्टी उड़ती रहती थी। वहीं सड़क पर बिखरे पत्थरों के कारण दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को विशेष परेशानी होती थी। असमतल सड़क और आवागमन की स्थिति के चलते वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता था। स्थानीय लोगों को भी लंबे समय से इस मार्ग के जल्द निर्माण की प्रतीक्षा थी। अब संगरिया रोड का निर्माण शुरू होने से जंक्शन क्षेत्र की सड़क संबंधी एक बड़ी समस्या के समाधान की दिशा में कदम बढ़ा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहल की ओर से लंबे समय तक उठाए गए इस मुद्दे के बाद कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में भी संतोष है। लोगों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करवाएगा, ताकि उन्हें लंबे समय से चली आ रही परेशानी से स्थाई राहत मिल सके।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की आहुतियों के बीच श्रीराम कथा का आगाज हुआ

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। धर्मनगरी हनुमानगढ़ टाउन में इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिकता की अनुपम छटा देखने को मिल रही है। श्री सुंदरकांड मित्र मंडल समिति रजि. के 27 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का शुक्रवार को श्री सिद्धेश्वर धाम में विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ब्रह्मचारी संत श्री गोविंद दास महाराज ऋषिकेश वाले के मुखारविंद से श्रीराम कथा का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भक्ति संगीत, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कथा के शुभारंभ पर संत गोविंद दास महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग, प्रेम, करुणा और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक मनुष्य के लिए आदर्श है। उन्होंने अपने आचरण से सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और माता-पिता के प्रति सम्मान का जो संदेश दिया, वह आज भी मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारवान बनाने और समाज में सद्भाव स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य को आत्मिक शांति मिलती है तथा सद्कर्मों की प्रेरणा प्राप्त होती है। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 8 बजे नौ कुंडीय वैदिक महायज्ञ किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि, शांति एवं जनमंगल की कामना कर रहे हैं।

कार्यालय नगरपालिका, केसरीसिंहपुर (राज०)

क्रमांक :-8489 दिनांक :- 03.11.2026

Notice Inviting Bid

Bids for 2026-27. are invited from interested bidders upto 11.00AM (time) 16-11-2026 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement in Rs 30.95 LAKH

NIB- Code	DLB2627A9561
UBN-Code	DLB2627WSRC23962, DLB2627WSRC23963

Executive Officer
Municipal Board Kesrisinghpur

राज.संवाद / सी / 26 / 13141

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर

क्रमांक : 2386 दिनांकः 05/11/2026

Shot Term Notice Inviting Bid - : 27/2026-27

Bid for the " Various Civil Works" are invited from interested bidders from 05.11.2026 [09:30 AM] to 18.11.2026 [06:00 PM] & Open date 19.11.2026 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs.. Lakhs.-228.70
UBN No.:- 1. PWD2627WSOB15405 2. PWD2627WSOB15406
3. PWD 2627WS0B15407 4. PWD2627WSOB15408

Executive Engineer
DIPR/C/18320/2026 PWD City Division, Bikaner

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डीडवाना-कुचामन

लेखा / चिकि./2026-27/2513 दिनांक :- 06.11.2026

Notice Inviting Bid

Bids for supply of Hiring Of Vehicle are invited from interested bidders up to 18.11.2026, 10:00 AM. Other Particulars of bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in The approximate value of procurement is Rs 4.10 lac. and 9.80 Lac.
NIB No.-MHS2627A3199
UBN NO.- MHS2627SSOB04293
UBN No. - MHS2627SSOB04294
Name of DDO - Dr. Narendra Choudhary
Mo. No. 7014107070 -
E-Mail ID - cmho.dk@gmail.com

Chief Medical & Health Officer
DIPR/C/18351/2026 Deedwana-Kuchaman

ख्यालीवाला में मंगलचंद माहर के समर्थन में आयोजित हुई सभा

सीमा सन्देश # ख्यालीवाला। ग्राम पंचायत ख्यालीवाला में सरपंच पद के आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में सरपंच पद के प्रत्याशी मंगलचंद माहर के समर्थन में एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।





इस सभा का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं संयोजक शिव प्रकाश रिनवा ने किया। अपने संबोधन के दौरान शिव प्रकाश रिनवा ने क्षेत्र के विकास, जनहित कार्यों और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए मंगलचंद माहर को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ख्यालीवाला पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए एक ऊर्जावान और समर्पित नेतृत्व की आवश्यकता है, जो श्री माहर के रूप में जनता के सामने है।

सभा में मौजूद ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंगलचंद माहर को अपना पूरा समर्थन देने का विश्वास दिलाया। इस दौरान गांव की बुनियादी समस्याओं, सड़क, पानी और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रत्याशी मंगलचंद माहर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे पंचायत के हर वर्ग के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

बास्केटबॉल में हनुमानगढ़ का जलवा, महिला टीम ने राजसमंद को रौंदा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सात साल बाद मेजबानी कर रहे हनुमानगढ़ में 76वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का रोमांच लगातार बढ़ रहा है। व्यापार मंडल शिक्षण समिति परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को भी खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दिन का मुख्य आकर्षण मेजबान हनुमानगढ़ की महिला टीम रही, जिसने अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए राजसमंद की टीम को 36-03 के बड़े अंतर से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं, महिला एवं पुरुष वर्ग में अन्य टीमों के बीच भी कड़े मुकाबले देखने को मिले। दूसरे दिन के मुकाबलों के अवसर पर पूर्व राजस्थान बास्केटबॉल संघ सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़, व्यापार मंडल शिक्षण समिति अध्यक्ष बालकृष्ण गोल्याण, सचिव हरिकिशन खदरिया, उपाध्यक्ष विकास हिसारिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गोयल, सहसचिव संजय कुमार, गेमर सिंह एवं साधा सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़, सचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन खुराना, कोच विकास अग्रवाल एवं निशा शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल शिक्षण समिति अध्यक्ष बालकृष्ण गोल्याण ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। हार और जीत खेल के दो पहलू हैं। हारने वाली टीम को निराश होने के बजाय आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए मेहनत करनी चाहिए, वहीं जीतने वाली टीम को भी निरंतर अभ्यास कर नए मुकाम हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।



दूसरे दिन के मुकाबलों के परिणाम : महिला वर्ग में हनुमानगढ़ ने राजसमंद को 36-03 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। झुंझुनूं ने जोधपुर को 44-16 से पराजित किया, जबकि राजस्थान पुलिस ने भीलवाड़ा को 48-22 से शिकस्त दी। अजमेर ने सीकर को कड़े मुकाबले में 55-40 से हराया। पुरुष वर्ग में सीकर ने भीलवाड़ा को 66-49 से, जयपुर ने कोटा को 60-48 से तथा बाड़मेर ने अलवर को 62-41 से पराजित किया। इसके अलावा महिला वर्ग में सीकर ने अजमेर को 48-14 तथा झुंझुनूं ने राजसमंद को 54-27 से हराया। पुरुष वर्ग में झुंझुनूं की टीम ने भी जीत दर्ज की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़, संजू गाड़िया एवं किरण राठौड़ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

प्रपत्र संख्या- 7(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़।
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन
क्रमांक- राजकाज रेफ नं. 25324216 **दिनांक**- 03-11-2026
वास्ते- सर्वसाधारण को सूचनार्थ
नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूँकि श्री सुरेन्द्र सिंह जस्सल निवासी श्रीगंगानगर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत परम संत मैनेजर साहिब वकील साहिब जी सिमरन सेवा समिति, गली नम्बर 7, 3-ई छोटी श्रीगंगानगर प्रन्यास में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतः अधिनियम की धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्विदिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णीत किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर से अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.01.2027 निर्धारित है।
- **(गौरव सोनी), सहायक आयुक्त देव स्थान विभाग, हनुमानगढ़**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, "विशिष्ट श्रेणी" हनुमानगढ़ टाउन

क्रमांक :- कृ.उ.म.स/2026-27/राजकाज 25398082 दिनांक :- 06/11/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 04/2026-27

कृषि उपज मण्डी समिति, "विशिष्ट श्रेणी" हनुमानगढ़ टाउन द्वारा एक नग सप्लाई एण्ड इन्सटालेशन ऑफ ग्रेन ऑयल टेस्टिंग मशीन विद एसेसरीज (NIR whole grain oil Testing analyser) क्रय की जानी है। अतः रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित फर्मों/अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेंट (eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा सूचना राजकाज 25396503 दिनांक 06.11.2026 द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनु.लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र (जीएसटी सहित)	निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की तिथि व समय
1	सप्लाई एण्ड इन्सटालेशन ऑफ ग्रेन ऑयल टेस्टिंग मशीन विद एसेसरीज	18.00	36000/- Rs.	590/- Rs.	26.11.2026 सांय 04:00 बजे तक	27.11.2026 प्रातः 11:00 बजे

ई-निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in & www.agriculture.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।
NIB No.: DAM2627A0422, UBN : DAM2627GLRC00700

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, 'वि. श्रे' हनुमानगढ़ टाउन

राज.संवाद/सी/26/13166

शिक्षाविद् स्व. धनराज शर्मा के नाम पर होगा मार्ग का नामकरण, पालिकाध्यक्ष ने दी सकारात्मक सहमति, मूलभूत सुविधाओं को बताया प्राथमिकता

भादरा के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल

सीमा सन्देश # भादरा



श्री श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में श्री श्याम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में नगर पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हरिप्रकाश शर्मा तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष व वार्ड नंबर 8 के पार्षद प्रतिनिधि अनूप सिंह शेखावत का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष अमरनाथ शर्मा ने कहा कि कस्बे के सर्वांगीण विकास के लिए नगर पालिका का सक्रिय रहना आवश्यक है। वर्तमान पालिका मंडल स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट सहित विभिन्न विकास कार्यों को जनभावनाओं के अनुरूप करवाने का प्रयास कर रहा है। पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि शहर का विकास और आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना पालिका की प्राथमिकता है।शहरवासियों की समस्याओं का समाधान करवाने तथा विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से भादरा को स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने श्री श्याम स्कूल के सामने से विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक के मार्ग का नामकरण शिक्षाविद् स्व. धनराज शर्मा के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा। इस पर पालिकाध्यक्ष गोयल ने सकारात्मक सहमति जताते हुए कहा कि आगामी पालिका बैठक में विधिसम्मत प्रक्रिया एवं मंडल की सहमति से मार्ग का नामकरण स्व. धनराज शर्मा के नाम पर करवाना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात होगी। कार्यक्रम के बाद पालिकाध्यक्ष गोयल ने आसपास की सड़कों का निरीक्षण किया तथा सीवरेज संबंधी अधिकारियों को मौके पर ही अवरुद्ध सीवरेज व्यवस्था शीघ्र शुरू करवाने, सही रैंप बनाने एवं इंटरलॉकिंग कार्य करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह सांखला, गोपाल कौशिक, अंजन सिंह शेखावत, ओमप्रकाश, राजकुमार चौहान, बृजलाल खोखेवाला, श्यामसुंदर बंसल सहित गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

सरपंच गणपत बारूपाल ने संभाली सफाई की कमान, स्वच्छता अभियान शुरू किया



सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत भगवान में नवनिर्वाचित सरपंच गणपत बारूपाल ने चुनाव के दौरान किए वादे को पूरा करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। सरपंच पद की औपचारिक शपथ ग्रहण करने से पहले ही उन्होंने गांव में स्वच्छता अभियान शुरू करवा दिया है। अभियान के तहत पूरे गांव की नालियों की सफाई करवाने के साथ गलियों में जमा कूड़ा-करकट भी उठवाया जाएगा।

सरपंच गणपत बारूपाल ने बताया कि चुनाव के दौरान मैंने ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ, सुंदर और साफ-सुथरा बनाने का वादा किया था। इसी वादे को प्राथमिकता देते हुए पदभार ग्रहण करने से पहले ही सफाई अभियान की शुरूआत करवाई गई है।

उन्होंने कहा कि गांव की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव में गंदे पानी की निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। नवनिर्वाचित सरपंच गणपत बारूपाल की इस पहल से ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

न्यूज इन ब्रीफ

ट्रैक्टर की टक्कर से टॉवर क्षतिग्रस्त

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन क्षेत्र में फतेहगढ़ मोड़ के पास 10 नवम्बर की रात करीब एक बजे बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉले की टक्कर से विद्युत निगम के टॉवर को नुकसान पहुंच गया। घटना के बाद निगम की टीम ने अपनी गाड़ी से ट्रैक्टर-ट्रॉले का पीछा कर उसे रुकवाया और रावतसर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। कनिष्ठ अभियंता आसिफ खान की रिपोर्ट पर टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में ट्रैक्टर चालक व मालिक की पहचान रमेश सिंह के रूप में हुई। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामकेर कर रहे हैं।

सड़क हादसे में हवलदार की मौत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी पर लौट रहे भारतीय सेना के एक हवलदार की संगरिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान केरल निवासी 38 वर्षीय रणजीथ केवी पुत्र उदय कुमार के रूप में हुई है, जो सेना की 173 इंजीनियर रेजिमेंट (टीए) में हवलदार के पद पर तैनात थे। हादसे की सूचना मिलने पर उनका शव संगरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर संगरिया थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक के भाई रजूब निवासी केरल ने संगरिया थाने में रिपोर्ट दी कि उनका भाई रणजीथ केवी बेंगलुरु स्थित मद्रास इंजीनियर सेंटर में 8 जुलाई से 13 अक्टूबर तक कोर्स करने आया हुआ था। इसके बाद वह छुट्टी लेकर अपने घर चला गया था। रणजीथ के साथ सेना का एक अन्य जवान सुगेश भी कोर्स में शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, 8 नवम्बर को रणजीथ और सुगेश अपने-अपने घरों से निजी वाहन के जरिए जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी पर लौटने के लिए रवाना हुए थे।

शोक में गए थे, पीछे से लाखों की चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन शहर की पारीक कॉलोनी में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य छोटे भाई के निधन पर शोक व्यक्त करने और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भादरा गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मकान की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और कमरों, संदूकों व अलमारियों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। टाउन थाना पुलिस ने मकान मालिक की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वार्ड नंबर 34, पारीक कॉलोनी निवासी 67 वर्षीय रामस्वरूप शर्मा पुत्र मूलाराम शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दी कि 20 अक्टूबर को उनके छोटे भाई दयाराम का आकस्मिक निधन हो गया था। इसके चलते परिवार के सभी सदस्य भादरा स्थित उनके निवास पर शोक व्यक्त करने और अंतिम संस्कार में शामिल होने गए हुए थे। घर पर किसी के मौजूद नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। परिवादी के अनुसार, 20 अक्टूबर की रात करीब 10.30 बजे से 21 अक्टूबर की अल सुबह 4.30 बजे के बीच चोर घर की दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने कमरों और संदूकों के ताले तोड़ दिए तथा अलमारियों को खंगालते हुए पूरे घर का सामान बिखेर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

जरा सी चूक से कठघरे में आ सकता है चुनावी सिस्टम, मतदान कार्मिक बरतें पूरी सावधानी

पंचायत चुनाव; आज चौथे चरण में 3.93 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।



मतदान प्रक्रिया में छोटी सी लापरवाही भी पूरे चुनावी सिस्टम को संदेह के घेरे में ला सकती है और इससे कई तरह के भ्रम एवं अफवाहें फैलने लगती हैं। इसलिए मतदान कार्मिक पूरी सावधानी, निष्पक्षता और धैर्य के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएं। मतदान के दौरान निर्धारित समय-सारणी और चुनाव आयोग के नियमों की पालना सुनिश्चित करें। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने शुक्रवार को मतदान दलों को रवानगी से पूर्व दिए गए अंतिम प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में समय का विशेष महत्व है। मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल, निर्धारित समय पर मतदान शुरू करवाने तथा मतदान समाप्ति की प्रक्रिया में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी निर्वाचन अधिकारी और मतदान कार्मिक पूरी निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मतदान केन्द्र पर प्रत्याशियों की ओर से किसी तरह की आवभगत स्वीकार नहीं करें। उन्होंने गत चुनावों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर मतदान कार्मिकों के शराब सेवन की शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा कि हनुमानगढ़ जिले में ऐसी शिकायतें सामने नहीं आईं, जो अच्छी बात है। चौथे चरण में भी सभी कार्मिक मिलकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करवाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने कहा कि कई बार मतदान केन्द्र के भीतर उत्पन्न होने वाला छोटा सा भ्रम पूरे गांव में अफवाह का रूप ले लेता है। इसलिए मतदान कार्मिक ऐसी परिस्थितियों से बचें, जिससे किसी तरह की गलतफहमी पैदा हो। बूथ पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और मतदान दलों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदीलाल मीणा ने बताया कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। प्रत्येक बूथ पर पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। मतदान सामग्री के बैग में सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। मतदान समाप्त होने के बाद समस्त सामग्री सुरक्षित रूप से संग्रहण केन्द्र में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

मतदान सामग्री की सुरक्षा में न हो लापरवाही : जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिए कि मतदान सामग्री हर समय उनकी निगरानी में रहनी चाहिए। बाहरी व्यक्तियों को मतदान केन्द्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाए। ईवीएम सहित तमाम मतदान सामग्री को सुरक्षित रखा जाए तथा पुलिस पहरे में ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि जरा सी लापरवाही भी बड़ी परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए प्रत्येक कार्मिक अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए।

ड्यूटी कटवाने के लिए अंतिम समय तक जुटे रहे कर्मचारी : चुनाव ड्यूटी से नाम हटवाने के लिए कर्मचारी अंतिम समय तक प्रयास करते नजर आए। जिला परिषद सीईओ श्रद्धा गोमे की निगरानी में ड्यूटी निरस्त करने से संबंधित आवेदनों की जांच की गई। कर्मचारियों की ओर से प्रस्तुत मेडिकल दस्तावेजों सहित अन्य कारणों की पड़ताल के बाद ही ड्यूटी से नाम हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान दल रवानगी स्थल पर संबंधित काउंटर पर कर्मचारियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

चार पंचायत समितियों में 415 मतदान केन्द्र, 3.93 लाख मतदाता : पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण में 14 नवम्बर को हनुमानगढ़ टाउन, रावतसर, संगरिया एवं टिब्बी पंचायत समितियों में जिला परिषद के 13 सदस्यों और पंचायत समितियों के 77 सदस्य पदों के लिए मतदान होगा। चारों पंचायत समितियों में कुल 415 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 3 लाख 93 हजार 176 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान केन्द्रों की संख्या के लिहाज से टिब्बी पंचायत समिति सबसे आगे है, जहां 122 केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि रावतसर में सबसे कम 86 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। पंचायत समिति वार स्थिति के अनुसार हनुमानगढ़ टाउन में 19 पंचायत समिति सदस्य पदों, 30 ग्राम पंचायतों और 310 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 104 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां 98 हजार 983 मतदाता पंजीकृत हैं। रावतसर में 17 पंचायत समिति सदस्य पदों, 30 ग्राम पंचायतों एवं 262 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 86 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। यहां 84 हजार 48 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार संगरिया में 19 पंचायत समिति सदस्य पदों, 27 ग्राम पंचायतों एवं 301 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 103 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां 96 हजार 161 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। टिब्बी में 23 पंचायत समिति सदस्य पदों, 33 ग्राम पंचायतों एवं 361 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए सर्वाधिक 122 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। यहां 1 लाख 13 हजार 984 मतदाता पंजीकृत हैं।

वोटिंग खत्म होते ही ईवीएम सील करना जरूरी

मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर एमपी सिंह ने मतदान प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्त होते ही ईवीएम को नियमानुसार सील करना नहीं भूलें। मतदान निर्धारित समय पर शुरू करवाने के साथ ही मतदान समाप्ति की प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से पूरी करें। मतदान शुरू करवाने में देरी होने से कई बार मतदान केन्द्रों पर अनावश्यक तनाव की स्थिति बन सकती है। उन्होंने सरपंच पद के चुनाव में नामांकन पत्र प्राप्त करते समय विशेष धैर्य और सावधानी बरतने की सलाह दी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान नियमानुसार निर्णय लेने पर जोर दिया।

16 को 120 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

चौथे चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 14 नवम्बर को मतदान के बाद 16 नवम्बर को चारों पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं 1234 वार्ड पंच पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से चुनाव सामग्री के साथ रवाना किया गया। प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पदभार संभालते ही सरपंच सहारण ने शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने का किया आह्वान



सीमा सन्देश # नोहर। ग्राम पंचायत पदमपुरा में नवनिर्वाचित सरपंच बलवीर सहारण ने ग्राम पंचायत भवन में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच बलवीर सहारण ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में मेहनत करने तथा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, खेल और सामाजिक सहभागिता को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने पंचायत के सभी कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और बिना किसी भेदभाव के करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान पंचायत कार्मिकों की ओर से सरपंच का स्वागत किया गया। साथ ही वार्ड पंचों का सम्मान कर उन्हें ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंहमार, मांगीलाल बेनीवाल, रणसिंह बेनीवाल, बलवान राजोतिया, सज्जन कड़वासरा, संदीप सहारण, ग्राम विकास अधिकारी सुनील गोदारा, सुभाष सहारण, वार्ड पंच मांगीलाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भटनेर प्रीमियर लीग-7 रोमांचक दौर में, तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। क्रिकेट के रोमांच, खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह के बीच भटनेर किंग्स क्लब की ओर से आयोजित भटनेर प्रीमियर लीग-7 (बीपीएल-7) अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को खेले गए छह मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स, विशाल एंड सोनू फायरबड्र्स तथा सतनाम एंड ऋषभ स्मैशर्स ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इसके साथ ही प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। इस बार प्रतियोगिता को केवल क्रिकेट तक सीमित न रखते हुए नशा मुक्त हनुमानगढ़ की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं को खेलों से जुड़ने, नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगाने का संदेश दिया जा रहा है। तीसरे दिन का पहला मुकाबला गिल्होत्रा एंड गौरव हॉक्स तथा कत्याल एंड संदीप रॉयल्स के बीच हुआ। इसमें कत्याल एंड संदीप रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉक्स को 8 विकेट से हराया। बलशेर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में इंद्र एंड सत्ती शार्क्स ने आशीष एंड सरपंच किंग्स को 8 विकेट से पराजित किया। इस मैच में आर.डी. ग्रोवर मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मुकाबले में लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स ने कुलभूषण एंड हरि वॉरियर्स को 39 रनों से शिकस्त दी। टीनू को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथे मुकाबले में विशाल एंड गोपाल वॉरियर्स ने महक एंड खुशनीत टाइगर्स को 6 विकेट से हराया। पंकज शेखावत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

पांचवें मुकाबले में सतनाम एंड ऋषभ स्मैशर्स ने राज नंदा एंड करण हिमालयन टाइटंस को 5 विकेट से पराजित किया। इस मैच में बादशाह मैन ऑफ द मैच रहे।

मोडूराम चाचाण के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर विधायक अमित चाचाण के ताऊजी मोडूराम चाचाण के आकस्मिक निधन पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति के प्रमुख नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा रोहतक से लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शोक संदेश भेजकर विधायक अमित चाचाण एवं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने शोक संदेश में कहा कि मोडूराम चाचाण के आकस्मिक निधन का समाचार जानकर उन्हें गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं विधायक अमित चाचाण और उनके परिवार के सदस्यों के साथ हैं।

उन्होंने कहा कि जीवन के साथ मृत्यु शाश्वत सत्य है और प्रत्येक मनुष्य को ऐसी परिस्थितियों में दुखद पलों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उसके अलावा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने विधायक अमित चाचाण को फोन कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। वहीं, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूजनीय ताऊजी मोडूराम चाचाण के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर उन्हें अत्यंत दुख हुआ। अपनों का बिछोह निःसंदेह पीड़ादायक होता है, लेकिन ईश्वर की इच्छा के आगे सभी असहाय हैं। इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं विधायक अमित चाचाण और उनके परिवार के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसी क्रम में रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी विधायक अमित चाचाण को शोक संदेश भेजकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि परिवार के एक वरिष्ठ और मार्गदर्शक सदस्य का जाना संपूर्ण परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की।

घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ खिलेरीबास में रंजिश के चलते तीन जनों ने घर में घुसकर युवक और उसके माता-पिता पर हमला कर दिया। परिवादी सुभाष जाट के अनुसार, 11 नवम्बर की रात इन्द्रा अपने बेटों विक्की और धौलू के साथ घर में घुसी। धौलू के पास छुरी तथा अन्य आरोपियों के पास लोहे की रॉड थी। आरोप है कि इन्द्रा ने बेटों को युवक को खत्म करने के लिए ललकारा। हमले में सुभाष का सिर फट गया।

प्रथम सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू ने संभाला कार्यभार, जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प

चारणवासी में स्वतंत्र ग्राम पंचायत का ऐतिहासिक आगाज

सीमा सन्देश # चारणवासी।



गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर गांव के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा,क्योंकि स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने के पश्चात चारणवासी को अपना पहला प्रथम सरपंच मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है नवनिर्वाचित सरपंच एडवोकेट सुभाषचन्द्र भांभू और उप सरपंच रोशनी व वार्ड प्रमुख मुकेश कुमार, सुनीता, शकुंतला, मांगीलाल, बंशीलाल स्वामी, राकेश न्योल ने कार्यभार ग्रहण किया उपस्थित ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ प्रथम सरपंच को पारंपरिक राजस्थानी पगड़ी पहनाकर तथा उप सरपंच व सभी वार्ड पंचों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। एक बालिका द्वारा सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ बाना ने नवनिर्वाचित सरपंच को कार्यालय की मोहर और चाबी सौंपते हुए ग्राम पंचायत के समस्त कर्मचारियों का ग्रामीणों से परिचय कराया। इस दौरान अध्यापक सुंदर भांभू द्वारा भेंट किए गए विशेष पेन से सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू ने आधिकारिक रजिस्टर में अपना पहला हस्ताक्षर किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद संबोधन में सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू ने अपार जनसमर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बनना पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी पंचवर्षीय योजना के दौरान आमजन के साथ निरंतर विचार-विमर्श करके चारणवासी और चक 9 केएनएन में बिना किसी भेदभाव के समानता के आधार पर सर्वांगीण विकास कार्य करवाए जाएंगे। सरपंच ने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि गांव में स्वच्छता अभियान, पक्की सड़कों का निर्माण, स्वच्छ पेयजल की सुचारू आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ हर अंतिम छोर तक बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पंचायत स्तर पर ही प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

ये रहे प्रमुख उपस्थित

समारोह में चक 9 केएनएन से भानीराम कड़वासरा, देवेंद्र,दशरथ खोथ,संतलाल बिस्सू, एडवोकेट जगदीश सिहाग,रामस्वरूप न्योल,काशीराम स्वामी,बुधराम वर्मा,देवीलाल सोलड़ा, रामचंद्र नाई,अमर सिंह खीचड़,मोतीराम मेहरा,एडवोकेट महेंद्र सिंह मेहरा, सोनू महंत,अशोकी बाजीगर, राजेन्द्र खीचड़,ओम लुहार,जगदीश ढाका, धर्मपाल ढाका,सुल्तान मेहरा,महेंद्र सहू,इमलाल सिहाग,रोहताश मेहरा,नत्थुराम न्योल,रविंद्र मूंड,सागर महिया और राजेश सहारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसान की बेटी रवीना हुड्डा ने बढ़ाया बरवाली का मान, अमेजन में मिला मुकाम



सीमा सन्देश # बरवाली। प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर गांव की बेटियां भी सफलता के नए मुकाम हासिल कर रही हैं। इसका उदाहरण बरवाली गांव की बेटी रवीना हुड्डा ने पेश किया है। गांव की पहली छात्रा के रूप में आईआईटी रुड़की में चयनित होकर बीटेक की पढ़ाई पूरी करने वाली रवीना का अब प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेजन में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। रवीना पुत्री दौलत राम हुड्डा के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रवीना ने आईआईटी रुड़की से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उनका चयन इन्फोसिस कंपनी में हुआ। अब उन्होंने अमेजन जैसी अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वर्तमान में रवीना बेंगलुरु में कार्यरत हैं। रवीना की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि उनके पिता दौलत राम हुड्डा किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटी की शिक्षा और सपनों को पूरा करने में पूरा सहयोग दिया। रवीना की दादी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रवीना ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया है। उनका बड़ा भाई राजस्थान पुलिस विभाग में कार्यरत है। रवीना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, उनके सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उनकी सफलता की खबर के बाद से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

रिबन काटकर पंचायत घर में किया प्रवेश, पूर्व सरपंचों, वार्ड पंचों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

नवनिर्वाचित सरपंच वीरपाल कौर ने संभाला कार्यभार, सम्मान समारोह में जुटे ग्रामीण

सीमा सन्देश # जंडावाली।





ग्राम पंचायत जंडावाली की नवनिर्वाचित सरपंच वीरपाल कौर रंगारा ने शुक्रवार को धूमधाम के साथ पंचायत घर में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच वीरपाल कौर रंगारा एवं उनके पति सुखमंदर सिंह रंगारा ने रिबन काटकर पंचायत घर में प्रवेश किया। इसके बाद पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी हरीश पारीक ने उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं सरपंच के ससुर टहल सिंह बराड़, दर्शन सिंह उपसरपंच, धर्मपाल लिम्बा पंच, रामचंद्र पंच, रामस्वरूप भाटी, कुलदीप सिंह (मिंटू), राजेंद्र सिंह, गुरजंट सिंह, जरनैल सिंह, लोकेंद्र लिम्बा एवं अफसर अली सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान सरपंच वीरपाल कौर रंगारा एवं उनके पति सुखमंदर सिंह रंगारा की ओर से पूर्व वर्षों में ग्राम पंचायत में सरपंच एवं वार्ड पंच के रूप में सेवाएं देने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुभाष आईतान ने किया। ग्रामीणों के लिए जलपान व्यवस्था में रईस खान, साबर, सुरेंद्र, सुखविंदर, राजकुमार, महेन्द्र मेहरड़ा एवं सरबजीत सिंह ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच वीरपाल कौर एवं उनके प्रतिनिधि सुखमंदर सिंह रंगारा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में पेयजल, सड़क, सफाई सहित जो भी समस्याएं सामने आएंगी, उनका प्राथमिकता से समाधान करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने गांव के विकास में सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील भी की।

अब भादरा में ही मिलेगी जनरल मेडिसिन और क्रिटिकल केयर की विशेषज्ञ सुविधा



सीमा सन्देश # भादरा। क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करवाने की दिशा में वर्मा जनरल हॉस्पिटल ने चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया है। अस्पताल में जनरल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जिंदल (एमबीबीएस, एमडी) ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनकी नियमित सेवाएं अस्पताल में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल निदेशक डॉ. बी.एस. वर्मा ने बताया कि डॉ. पीयूष जिंदल इससे पूर्व जयपुर स्थित निम्स हॉस्पिटल में सीनियर रेजिडेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके अनुभव एवं विशेषज्ञता का लाभ अब भादरा और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को मिल सकेगा। सामान्य बीमारियों के उपचार के साथ गंभीर रोगों एवं क्रिटिकल केयर से जुड़ी चिकित्सा सुविधाएं भी अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। डॉ. वर्मा ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से गंभीर मरीजों एवं उनके परिजनों को उपचार के लिए हिसार, सिरसा अथवा अन्य बड़े शहरों में जाने की परेशानी से काफी हद तक राहत मिलेगी। विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता मरीजों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत पात्र मरीजों के लिए निःशुल्क इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। अस्पताल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करवाना है, ताकि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

सांगठिया में मरुधरा रुद्रपीठ संस्था ने किया वृक्षारोपण एवं पौध वितरण



सीमा सन्देश # सांगठिया। ग्राम सांगठिया की चौपाल में मरुधरा रुद्रपीठ, हनुमानगढ़ के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मांगीराम मोलीया ने की व मंच संचालन पवन कुमार सहू ने किया। संस्था अध्यक्ष चिरंजी लाल शर्मा, सचिव अमित गोयल और कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार ने अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने तथा गांव को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। धर्मपाल सहू (ठेकेदार) ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस दौरान सरपंच मांगीराम मोलीया ने प्रेरणादायक घोषणा करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में उन्हें जितने वोट मिले हैं, वे पंचायत के प्रत्येक गांव में उतने ही पौधे लगवाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पौधे वितरित कर संस्था पदाधिकारियों का आभार जताया गया। इस अवसर पर उपसरपंच हरीराम सहू, बिशनाराम सहू, प्रताप सहू, मालाराम सहू, चंदूलाल सहू, श्योचंद जोईया, उग्रसेन सहू, ज्ञान सिंह सहू, सुभाष चाहर, अजय सहू, भागाराम सहू, ओम प्रकाश सहू, दयाराम सहू, राजाराम सहू, मोहनलाल नायक, जीतराम सारण और अमर सिंह जोईया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पाइपलाइन ठीक करने के लिए करनी पड़ी ऑनलाइन शिकायत

सात दिन तक परेशान रहे लोग, 181 पर शिकायत के बाद जागा प्रशासन

नगरपालिका की नई सड़क तोड़ने पर भी उठे सवाल

सीमा सन्देश # नोहर



कस्बे में पाइपलाइन खराब होने के कारण आमजन को लगातार सात दिनों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय स्तर पर बार-बार समस्या उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। आखिरकार पीड़ितों को 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवानी पड़ी। इसके बाद ही पाइपलाइन को दुरुस्त किया गया। मामला कस्बे के पोश इलाके सेक्टर नंबर पांच का है। इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमजन का सवाल है कि जब छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी लोगों को 181 हेल्पलाइन और जनसंपर्क पोर्टल का सहारा लेना पड़े तो स्थानीय स्तर पर तैनात अधिकारियों की जिम्मेदारी क्या रह जाती है? क्या प्रशासन का काम केवल शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करना है, या आमजन की समस्याओं पर स्वतः संज्ञान लेकर समय रहते समाधान करना भी उसकी जिम्मेदारी है?

प्रशासन के सामने दो बड़े सवाल

आमजन की मांग है कि स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। साथ ही नगरपालिका की नवनिर्मित सड़क को नुकसान पहुंचाने वाले जिम्मेदार विभाग, व्यक्ति या ठेकेदार की पहचान कर सड़क की मरम्मत का खर्च उसी से वसूला जाए। अब सवाल यह है कि जनता की परेशानी और सरकारी धन की बबार्दी के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? प्रशासन को इन सवालों का जवाब देना होगा। जनता को सुविधाएं चाहिए, आश्वासन और बहाने नहीं।

नई सड़क तोड़ने पर किसकी होगी जवाबदेही?

मामले में दूसरा गंभीर पहलू नगरपालिका की ओर से हाल ही में बनाई गई नई सड़क को नुकसान पहुंचाने का है। पाइपलाइन की मरम्मत अथवा अन्य कार्यों के दौरान नवनिर्मित सड़क को तोड़ दिया गया। इससे सरकारी धन से तैयार करवाई गई सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। अब सवाल यह है कि इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा? क्या संबंधित विभाग या कार्य करवाने वाले ठेकेदार की जिम्मेदारी तय होगी, अथवा सड़क की मरम्मत का खर्च एक बार फिर सरकारी खजाने से उठाया जाएगा?

जनता के टैक्स से बनी सड़क को कुछ ही समय में तोड़ देना और फिर उसकी मरम्मत पर दोबारा सरकारी पैसा खर्च करना सरकारी धन के दुरुपयोग जैसा है। यदि किसी विभाग, ठेकेदार या कार्यदायी एजेंसी की लापरवाही से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है तो उससे मरम्मत का खर्च वसूल किया जाना चाहिए।

पालिका अध्यक्ष के निवास पर भाजपा नेताओं का अभिनंदन



सीमा सन्देश # नोहर। नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक के निवास पर शुक्रवार को भाजपा नेताओं के अभिनंदन एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक एवं सिकंदर टाक के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम, कैलाश मेघवाल तथा हनुमानगढ़ जिला प्रभारी दिनेश धाबाई का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रदेश एवं जिला स्तर के नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों, आपसी समन्वय और नोहर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। भाजपा नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश स्तरीय भाजपा पदाधिकारियों ने लंबे समय बाद नोहर नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बनने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। नेताओं ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा निकाय चुनाव की तरह आगामी पंचायत चुनावों में भी शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराएगी। कार्यक्रम में नेताओं ने कार्यकताओं से आपसी तालमेल बनाए रखने, जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटू सेवग, ओम सोनी, पार्षद गंगाराम पांडिया, संतलाल, सुनील कार्या, सुरेंद्र सैनी, सुरेंद्र सहारण, देवीलाल पारीक, मुश्ताक, लाल मोहम्मद, पूर्व पार्षद गुलफान तथा भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी, राजकुमार बच्चवानी,सहित अनेक पार्षद एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए जिले में 'सांस' अभियान शुरू

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पांच वर्ष तक के बच्चों को निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाने, समय पर लक्षणों की पहचान, समुचित उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थान में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हनुमानगढ़ जिले में 12 नवंबर 2026 से सांस अभियान के तहत विशेष गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। यह अभियान आगामी 28 फरवरी 2027 तक चलेगा। इसके साथ ही 15 से 21 नवंबर 2026 तक राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन भी किया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नवजात एवं पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि सांस अभियान के अंतर्गत जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और गंभीर स्थिति में उच्च चिकित्सा संस्थान तक भेजने पर विशेष जोर रहेगा।

बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

सीमा सन्देश # भोमपुरा। श्री श्याम देव स्कूल भोमपुरा के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों ने मिट्टी और गोबर से आकर्षक दीपक बनाए तथा उन्हें विभिन्न रंगों से सजाकर सुंदर रूप दिया। दीप सज्जा प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम से खुशी गोदारा, लक्षिता गोदारा, संध्या धुंधवाल, हिमांशु, अनु, एंजल, गुंजन सिहाग, सूर्यकांत, परी, महिका, मयंक, प्रीतम और घनश्याम भादु के दीपक सर्वश्रेष्ठ रहे। वहीं हिंदी माध्यम से प्रतिज्ञा, टीना, राजबाला, यश, रवि शर्मा, दिव्या, रीतिका, तमन्ना, वान्या, स्वरा, रवीना, चंद्रशेखर, मुस्कान, हितेश, विष्णु शर्मा, तरुण, नैतिक, गौरी, दीपिका और नेहा के दीपकों को सराहा गया।

साइकिलिंग, योग और पौधारोपण से दिया स्वस्थ जीवन व पर्यावरण संरक्षण का संदेश



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (रिडकोर) की ओर से 'सस्टेनेबल लाइफस्टाइल सप्ताह' मनाया गया। इसके तहत हनुमानगढ़-रतनगढ़ मेगा हाइवे (एचके-1) स्थित कोहला टोल प्लाजा पर साइकिलिंग, योग, ध्यान और पौधारोपण सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोहला टोल प्लाजा के रिडकोर मैनेजर राजेंद्र कुमार एवं हनुमानगढ़ साइकिलिंग क्लब ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत टोल प्लाजा प्रबंधक राजेंद्र कुमार, टोल प्लाजा स्टाफ और साइकिलिंग क्लब के सदस्यों की ओर से साइकिल रैली निकालकर की गई। रैली के माध्यम से आमजन को नियमित साइकिलिंग अपनाने, शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधनों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। साइकिल रैली के बाद योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। इसमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति और संतुलित जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया गया। इसके पश्चात कोहला टोल प्लाजा की बाहरी परिधि में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के माध्यम से हरित वातावरण विकसित करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। आयोजन में रिडकोर के उच्चाधिकारियों, कोहला टोल प्लाजा के स्टाफ और हनुमानगढ़ साइकिलिंग क्लब के सदस्यों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन में स्वस्थ एवं टिकाऊ जीवनशैली अपनाने, अनावश्यक संसाधन खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

पंचायत चुनाव आज: मिर्जावाली मेर में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए होगा मतदान

सुबह 7 से शाम 6 बजे तक ईवीएम से डाले जाएंगे वोट, 13 वार्डों के मतदाताओं के लिए राजकीय उ. माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए 6 मतदान कक्ष, 20 नवंबर को होगी मतगणना

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायतीराज चुनाव के चतुर्थ चरण के तहत शुक्रवार को क्षेत्र में पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पदों के लिए मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मिजार्वाली मेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार देर शाम तक मतदान दल पहुंच चुके थे। क्षेत्र में पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 9 से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णलाल गोदारा, माकपा प्रत्याशी रणबीर कुलड़िया, लोकपा प्रत्याशी भूप सिंह तथा भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी लालचंद लकेश्वर चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जिला परिषद के जोन संख्या 23 से भाजपा प्रत्याशी रजनीश कंस्वा, कांग्रेस प्रत्याशी समेश्ता भिडासरा, बसपा प्रत्याशी दशरथ एवं निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद होगी। मतगणना 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होगी।

छह कमरों में होगी मतदान की व्यवस्था : मिजार्वाली मेर के सभी 13 वार्डों के मतदाताओं के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छह कमरों में मतदान व्यवस्था की गई है। मतदान ईवीएम के माध्यम से करवाया जाएगा। मतदान केंद्रों पर वार्डवार व्यवस्था इस प्रकार रहेगी–

बूथ संख्या 45: कमरा नंबर एक में वार्ड संख्या 2 व 3 के लिए प्रगणक दयाराम पूनिया रहेंगे।

बूथ संख्या 46: कमरा नंबर दो में वार्ड संख्या 4, 5 व 6 के लिए प्रगणक कालूराम रहेंगे।

बूथ संख्या 47: कमरा नंबर तीन में वार्ड संख्या 11 व 12 के लिए प्रगणक धर्मपाल मायल रहेंगे।

बूथ संख्या 48: कमरा नंबर चार में वार्ड संख्या 7, 9 व 10 के लिए प्रगणक पंकज कुमार रहेंगे।

बूथ संख्या 49: कमरा नंबर पांच में वार्ड संख्या 1 के लिए प्रगणक सुखदेव सिंह रहेंगे।

बूथ संख्या 50: कमरा नंबर छह में वार्ड संख्या 13 व 8 के लिए प्रगणक कमलेश कुमार रहेंगे।

प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्डवार मतदान कक्ष निर्धारित किए गए हैं। क्षेत्र के सभी मतदाता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्रों पर ईवीएम के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

नवनिर्वाचित सरपंच ने शुरू करवाए सफाई व सड़क निर्माण कार्य




सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत खिनानिया एवं श्योदानपुरा की नवनिर्वाचित सरपंच शारदा देवी स्वामी ने गांव के विकास कार्यों को गति देना शुरू कर दिया है। कार्यभार संभालने से पहले ही उन्होंने गांव में सफाई अभियान शुरू करवाया और अब इंटरलॉक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया है। इससे ग्रामीणों में विकास कार्यों को लेकर उम्मीद जगी है। सरपंच की पहल पर इंटरलॉक गली निर्माण का पहला कार्य महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास से मुख्य जोहड़ तक शुरू किया गया है।

वहीं, पिछले चार दिनों से गांव की गलियों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाई जा सके। मीडिया से बातचीत में सरपंच प्रतिनिधि महावीर स्वामी ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में पेयजल की कमी, टूटी सड़कों, जल निकासी और सफाई जैसी कई समस्याएं हैं। इनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेयजल संकट से ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए जल स्रोतों को बेहतर बनाया जाएगा तथा पाइपलाइन विस्तार का कार्य जल्द शुरू करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का माहौल बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर नियमित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया जाएगा। सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी पंचायत की प्राथमिकता रहेगी। महावीर स्वामी ने कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास सभी ग्रामीणों के आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

इस दौरान पूर्व सरपंच काशीराम नायक, ठेकेदार बंसीलाल बेनीवाल, कालूराम नाई, रणजीत सिरावता, बलवंत नाई सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

विभिन्न संगठनों ने रामदास व्यास के निधन पर जताया शोक, परिजनों को दी सांत्वना

सीमा सन्देश # नोहर। जय भारत न्यूज एजेंसी के संचालक मनोज व्यास एवं पत्रकार मालचंद व्यास के पिता धर्मपरायण स्व. रामदास व्यास



का 8 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं परिचितों में शोक की लहर छा गई। स्व. व्यास अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. रामदास व्यास के निधन पर पुष्करणा समाज सहित विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनके पैतृक निवास पर बड़ी संख्या में इष्ट मित्रों, रिश्तेदारों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन श्रीराम व्यास, पूर्व पार्षद मदनलाल जोशी, प्रदीप पुरोहित, बालकृष्ण व्यास, मांगीलाल जोशी, अशोक कुमार जोशी, जोन जोशी, कमल कुमार पुरोहित एवं अशोक पुरोहित सहित पुष्करणा समाज के अनेक लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

19 को है रस्म पगड़ी : स्व. रामदास व्यास की रस्म पगड़ी का कार्यक्रम 19 नवंबर को उनके पैतृक निवास वार्ड 2, गांधी नगर, ऋद्धि-सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल के पास, नोहर में आयोजित होगा।

टोपरियां, गोगामेड़ी व अमरपुरा टोल प्लाजा पर मिशन लाइफ के तहत आयोजन

तीन टोल प्लाजा पर मनाया सतत जीवनशैली सप्ताह

सीमा सन्देश # टोपरियां। पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आरआईडीसीओआर के आरएनबी प्रोजेक्ट के तहत टोपरिया, गोगामेड़ी एवं अमरपुरा टोल प्लाजा पर सात दिवसीय ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया गया। मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का समापन स्वच्छता बनाए रखने और कचरा कम करने के संदेश के साथ हुआ। सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं आमजन को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने तथा अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही रोजमर्रा के



जीवन में कचरे की मात्रा कम करने, एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से बचने और पुनः उपयोग में आने वाली वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग, खेलकूद, पौधारोपण एवं इको वॉक जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। ऊर्जा संरक्षण दिवस पर एक घंटे तक गैरजरूरी बिजली उपकरण बंद रखकर ऊर्जा बचत का संदेश दिया गया। वहीं, जल संरक्षण के तहत टांकों की सफाई और पाइपलाइनों की मरम्मत के कार्य भी किए गए। इसके अलावा सप्ताहभर स्वस्थ जीवनशैली, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, ई-कचरा प्रबंधन और स्वच्छता से संबंधित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। रीडकोर अधिकारी प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

चूरू: पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण की तैयारियां पूरी



सीमा सन्देश # चूरू

पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण के तहत 14 नवम्बर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान होगा। शुक्रवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अंतिम प्रशिक्षण के बाद 184 मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ केंद्रों के लिए रवाना किया गया। एसडीएम धीरज झाझड़िया ने बताया कि चूरू पंचायत समिति के 96 केंद्रों के लिए 96 और चूरू उत्तर के 88 केंद्रों के लिए 88 दल भेजे गए हैं। सुरक्षा व आपात स्थिति के लिए कुल 36 कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं। सरपंच व उपसरपंच पदों के लिए 16 नवंबर को मतदान होगा, जिसके लिए 108 बड़ी और 108 छोटी मतपेटियां भेजी गई हैं। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार ताराचंद मीणा, पोस्टल बैलेट प्रभारी आरएएस मीनू वर्मा और टीए प्रवीण सिंघल ने कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के निदेशों की जानकारी दी। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विश्व हिन्दु परिषद चूरू प्रखंड की कार्यकारिणी घोषित



सीमा सन्देश # चूरू

विश्व हिंदू परिषद की बैठक जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा जयपुर प्रांत सहमंत्री राजेन्द्र सिंह शेखावत के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए चूरू प्रखंड की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्रांत सहमंत्री राजेन्द्र सिंह शेखावत ने हरीश बजाज को प्रखंड अध्यक्ष तथा गोपी शर्मा को प्रखंड मंत्री नियुक्त किया। इसके साथ ही, प्रदीप सिंह ढाढ़र व विनोद राठी को सहमंत्री, राजेन्द्र कल्ला व ब्रह्मानंद राजोतिया को उपाध्यक्ष, विष्णु शर्मा को धर्म प्रसार प्रमुख, एडवोकेट योगेश शर्मा को विधि प्रमुख, सुनील पीथिसरिया को सत्संग प्रमुख, पंकज पारीक को प्रचार-प्रसार प्रमुख तथा कैलाश नोहवाल को मंदिर अर्चक-पुरोहित प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और विस्तार पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

रतनगढ़ : श्रीराम कथा के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु



सीमा सन्देश # रतनगढ़

शहर के पोद्दार गेस्ट हाउस में व्यास परिवार के सहयोग से आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथावाचक संत प्रहलाद महाराज ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य की मन की स्वतंत्रता ही उसके दुख का कारण बनती है। जीवन सुधारना है तो मन की करने के बजाय धर्मशास्त्रों के अनुसार आचरण करना और संतों के मार्ग पर चलना आवश्यक है। महाराज ने रामचरितमानस के प्रसंगों से धर्म, मर्यादा और सदाचार का मर्म समझाया। उन्होंने कहा कि सुखपूर्वक जीवन जीने के लिए नियम बनाने और उनका पालन करना जरूरी है। मुख्य यजमान राहुल कुणाल व्यास ने रामचरितमानस की पूजा-अर्चना की। सुबह प्रवचन के बाद प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ। कथा स्थल पर हनुमानजी महाराज एवं श्रीनाथ महाराज की झांकी सजाई गई। इस दौरान रामावतार सिखवाल, गोपाल व्यास, संदीप ओझा, कमल सिखवाल, सुरेंद्र ओझा, योगेश जोशी, राजेंद्र नागला, बिरदीचंद ओझा, मुरलीमनोहर सिखवाल, गोविंदप्रसाद पुरोहित, काशिप्रसाद सीमार, रामरतन प्रजापत, संदीप व्यास, संतोष इंदौरिया, लीलू कल्पनाकांत, मनोज जोशी, निरंजन ताम्रायत, मनमोहन मंडरिया और गोपाल पारीक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सुजानगढ़: स्वामी गीगदास प्रकृति सम्मान हेतु मांगे प्रस्ताव

सुजानगढ़। छापर कस्बे की नेचर एनवायरमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी द्वारा स्वामी गीगदास प्रकृति एवं पर्यावरण सेवा सम्मान के लिए 30 नवंबर तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। संस्था अध्यक्ष कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि यह वार्षिक सम्मान पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति अपने क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने वालों का विवरण व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं। चयनित महानुभावों को आगामी दिनों ताल छापर में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। गोसेवक व प्रकृति प्रेमी स्वर्गीय गीगदास स्वामी की स्मृति में दिए जाने वाले इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण कार्यों को प्रोत्साहित करना और समाज में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

दुर्भाग्य यह भी है-महत्वपूर्ण विभागों का भवन पिछले लंबे समय से बंद ही पड़ा है, पसरा पड़ा है कचरा

दीपावली आगमन पर भी नहीं हुई सरकारी कार्यालय की साफ-सफाई

सीमा सन्देश # सादुलशहर



दीपावली के शुभ अवसर पर भी ग्राम पंचायत मुख्यालय बुधरवाली के किसान सेवा केंद्र सह विलेज नॉलेज सेंटर एवं भू-अभिलेख सूचना केंद्र की न तो साफ-सफाई हुई, न ही पिछले लंबे समय से इसे खोला गया है। केंद्र पर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना तो दूर भवन के चारों तरफ कूडे-कचरे, गंदगी के ढेर इस कद्र पडे हैं कि शायद ही कोई व्यक्ति भवन तक पहुंचे। हां.. भेड-बकरियां, खुले में विचरण करने वाले पशु तथा पक्षियों, जिनमें कबूतरों एवं चिडियों के घोंसले जरूर दिखाई दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, तत्कालीन सरपंच सुखपाल सिंह मान के कार्यकाल में 10 लाख 50 हजार रूपए की लागत से स्थापित उक्त केंद्र की सेवाएं लंबे समय से बंद हैं। केंद्र पर राज्य सरकार ने तीन-तीन कार्मिकों को नियुक्त कर रखा है।

इसकी कोई जानकारी नहीं है, न ही भवन पर किसी अधिकारी, कर्मचारी का नाम और फोन नंबर अंकित है। ऐसा बुरा हाल शायद ही कहीं और देखने को मिलेगा। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, किसान नेता कुलदीप गोदारा, अभिषेक सहारण, सामाजिक कार्यकर्ता हरीश होटला, रोहित मावर ने बताया कि एक तरफ केंद्र एवं राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन पर बडा बजट खर्च कर रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग साफ-सफाई रखने के बारे में आमजन को जागरूक करने की गोष्ठियां करता है। वहीं इस सरकारी भवन का हाल बेहाल इस कद्र है कि देखने वाले के मुंह से यकायक शब्द निकलता है कि हे राम.. इतना बुरा हाल। जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू ने जिला कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारी से भवन एवं परिसर की तुरंत साफ-सफाई की व्यवस्था करवाने के साथ-साथ संबंधित अधिकारी एवं कार्मिकों को कार्यालय समय अनुसार उपस्थित रहकर ग्रामीणों को सेवाएं देना सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

भूखंड विवाद में छोटे ने की बड़े भाई की हत्या, आरोपित हिरासत में

सीमा सन्देश# सूरतगढ़



सूर्योदयनगरी क्षेत्र में भूखंड बेचने की बात को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने भाई पर लोहे की पत्ती से हमला कर दिया। सिर व कमर पर वार से गंभीर घायल हुए विष्णु नायक (42) पुत्र भगवाना राम की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे वार्ड नं. 13 की है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार वार्ड नं. 13 निवासी मृतक के बेटे कानाराम (19) ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता विष्णु नायक व चाचा सुनील कुमार के बीच प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार को वह काम पर गया हुआ था, जबकि उसका छोटा भाई सुभाष किसी काम से श्रीविजयनगर गया था। घर पर उसकी मां सुमन, छोटी बहन निशा व पत्नी लक्ष्मी थी। रात करीब 9 बजे उसकी पत्नी ने फोन कर बताया कि चाचा सुनील कुमार शराब के नशे में घर आए हुए हैं और उसके पिता से प्लॉट बेचने की बात को लेकर कहासुनी कर रहे हैं। इस दौरान विष्णु नायक ने कहा कि प्लॉट गिरवी रखा हुआ है। चाचा डेढ़ लाख रुपए चुका दें तो प्लॉट छुड़वाया जा सकता है। इसी बात पर सुनील कुमार आक्रोशित हो गया और उसने लोहे की पत्ती से विष्णु नायक पर कई वार कर दिए। बीच-बचाव के दौरान आरोपी वहां से फरार हो गया।

सिर में टांके लगाकर दे दी छुट्टी : घटना की सूचना मिलते ही कानाराम घर पहुंचा तो उसके पिता लहूलुहान हालत में बेहोश पड़े थे। परिजन उन्हें तत्काल राजकीय उप चिकित्सालय लेकर पहुंचे वहां चिकित्सकों ने उनके सिर में टांके लगाकर छुट्टी दे दी। हालांकि देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस पर कानाराम व उसका भाई सुभाष उन्हें दोबारा चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने विष्णु नायक को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार अलसुबह करीब 4 बजे सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना करने के साथ शव को राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने कानाराम की रिपोर्ट पर सुनील कुमार पुत्र भगवानाराम नायक के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। थानाधिकारी कलावती चौधरी के अनुसार पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार को डिटेन कर पूछताछ कर रही है।

पंचायत चुनाव: केसरीसिंहपुर क्षेत्र के गांवों में भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठकें

सीमा सन्देश # केसरीसिंहपुर



पंचायती राज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. ओपी महेंद्रा ने केसरीसिंहपुर क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं। उन्हें चुनाव में पूरी मेहनत एवं एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया। डॉ. ओपी महेंद्रा एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन छिनवाल ने जोन-1 एवं जोन-39 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. महेंद्रा ने कार्यकताओं से पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। धनूर, दो वी, तीन टी, 13 एच एवं मोहला सहित अनेक गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। जिला परिषद जोन नम्बर 1 से प्रत्याशी शिव भगवान मेघवाल व जोन नम्बर 39 से डॉ आशाराम नायक साथ रहे।

अनूपगढ़ पंचायत समिति में डायरेक्टर हेतु चुनाव आज

सीमा सन्देश # अनूपगढ़

पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत अनूपगढ़ पंचायत समिति के 21 जोन में पंचायत समिति सदस्य (डायरेक्टर) पद के लिए 14 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। चुनाव को लेकर मतदान दल शुक्रवार को जिला मुख्यालय से रवाना किए गए। अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को ईवीएम और निर्वाचन सामग्री उपलब्ध करवाकर निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया। अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में मतदान के लिए करीब 140 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों को भी चिह्नित किया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। मतदान दलों ने अपने निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर मतदान से पहले की तैयारियां पूरी कर ली हैं। अनूपगढ़ पंचायत समिति के 21 जोन में कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस के 21-21, माकपा के 17, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 4 तथा 17 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। पंचायत समिति सदस्य चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से होगी।

पंजाब में वाल्मीकि युवाओं की हत्या पर रोष, पीएम को ज्ञापन



सख्त कार्रवाई की मांग

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

पंजाब के अबोहर में अजय वाल्मीकि और भुच्चो मंडी में मोहित वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या के विरोध में राजस्थान वाल्मीकि महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में पीड़ित परिवारों को न्याय, दो-दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी, सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए पिस्तौल लाइसेंस देने की मांग की गई। साथ ही पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की मांग उठाई गई। कल्याणा ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई न होने पर देशभर का वाल्मीकि समाज आंदोलन करेगा। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर, उपाध्यक्ष किरण बाला, माया देवी, वाल्मीकि समाज के उपाध्यक्ष महेंद्र भाटिया, राजपूत समाज के प्रतिनिधि विमल सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

मारवाडी एकता मंच की बैठक संपन्न



सादुलशहर। मारवाडी एकता मंच सदस्यों की बैठक शुक्रवार को कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई। मंच प्रवक्ता योगेश गोयल ने बताया कि डॉ. बीबी गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा को मंच संरक्षक बनाया गया है। प्रवेश गोयल को मंच अध्यक्ष, हर्ष बंसल को सचिव तथा अनुज गोयल राकेश भाटी को उपाध्यक्ष, कमल गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभिषेक सहारण, कृष्ण सहारण, नवीन गोयल, अनिल गोयल, कुलदीप गोयल, मुकुल सिंघल, रमन वर्मा को लिया गया है। सचिव हर्ष बंसल ने बताया सादुलशहर नशा मुक्त एवं रोग मुक्त हो, इसके लिए कार्य करेगा। सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आमजन खास कर युवा वर्ग को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बस की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, ओवरटेक के प्रयास में हादसा



सीमा सन्देश # सुजानगढ़। शहर की छापर रोड पर डीटीओ कार्यालय के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने शनिवार को लोक परिवहन बस और ऑटो के बीच हुई भिड़ंत में ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा ओवरटेक करने के प्रयास के दौरान होना बताया जा रहा है। टक्कर के बाद ऑटो को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे मिट्टी की खाई में उतर गई। पुलिस के अनुसार, लोक परिवहन बस नोखा से सुजानगढ़ की ओर आ रही थी, जबकि ऑटो छापर से सुजानगढ़ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान बस की ऑटो से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो चालक ओमप्रकाश (50) पुत्र दीपचन्द प्रजापत गंभीर घायल हो गए। उन्हें तत्काल बगड़िया अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद शव को बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे में बस और ऑटो में सवार अन्य किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन



रावतसर। वार्ड 9 निवासी केशव के जन्मदिवस पर दादा-दादी विजय कुमार गोल्यान-सुनीता देवी, पापा-मम्मी अमित कुमार-चित्रा, चाचा पंकज कुमार, बहन पलक, बुआ पारूल, फूफा ऋषभ की बधाई।

पंचायत राज चुनाव के लिए तैयारियां पूरी

सीमा सन्देश # कीकर वाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगू वाला, सात पी एस व आस पास के मतदान केन्द्रों पर पंचायत राज चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। निर्धारित समय पर पोलिंग पार्टी अपने-अपने बूथ केन्द्र पर पहुंचे। वीडीओ नरेश कुमार, बीएलओ प्रवीण सहारण व अन्य कर्मचारियों ने मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने में सहयोग किया। विद्युत, पेयजल, शौचालय, एवं बुजुर्ग मतदाताओं एवं दिव्यांग जन की मदद के लिए स्काउट एवं गाइड की व्यवस्था की गई है। पोलिंग पार्टी द्वारा एजेंट फार्म भरने का कार्य किया गया।

समर्थन के लिए हो रहा रैलियों और सभाओं का आयोजन



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। सरपंच पद के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को साधने के लिए लगातार जनसंपर्क और सभाएं कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा भी जगह-जगह अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्राम पंचायत 12 एबी से सरपंच पद की प्रत्याशी माया रमेश ओड़ के समर्थन में मतदाताओं एवं समर्थकों ने एक रैली निकाली, जिसमें ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर विजयी बनाने का भरोसा दिया। उधर, ग्राम पंचायत 74 जीबी से सरपंच पद प्रत्याशी राजेश कुमार के समर्थन में भी ग्रामीणों ने सभा आयोजित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राजेश कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा भारी बहुमत से विजयी बनाने का भरोसा जताया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत 4 एलएम के सरपंच प्रत्याशी कंगन मदन गेदर को भी ग्रामीणों का साथ मिल रहा है। सरपंच पद के प्रत्याशियों के समर्थन में हो रहे इन आयोजनों से ग्राम पंचायतों में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है।

अस्वस्थ हालत में मिली महिला को देखभाल के बाद परिजनों के सुपुर्द किया

पांच माह बाद परिवार से मिली बिछुड़ी सतनाम कौर, आश्रम की पहल से लौटी खुशियां

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री वाहेगुरु दुख निवारण आश्रम ने पांच माह पूर्व परिवार से बिछुड़ी एक महिला को उसके परिजनों से मिलवा दिया। आश्रम में लावारिस और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं की देखभाल की जाती है। परिवार के सदस्य जब आश्रम पहुंचे और सतनाम कौर को अपने साथ ले जाने लगे तो महिला और उसके परिजनों की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार करीब पांच माह पूर्व सतनाम कौर मानसिक रूप से अस्वस्थ हालत में केसरीसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर मिली थी। वहां से समाजसेवी राजेंद्र इंसा उसे श्रीकरणपुर स्थित श्री वाहेगुरु दुख निवारण आश्रम लेकर पहुंचे। उस समय महिला अपनी पहचान और परिवार के बारे में कोई जानकारी देने में सक्षम नहीं थी। आश्रम संचालिका रेणु छाबड़ा ने बताया कि आश्रम में लगातार देखभाल और उपचार के बाद सतनाम कौर की मानसिक स्थिति में सुधार हुआ। धीरे-धीरे उसने अपने गांव और परिवार से जुड़ी जानकारी साझा करनी शुरू की। सतनाम कौर के पति दर्शन सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी 20 जून 2026 को पंजाब के तरनतारण जिले से लापता हो गई थी। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह घर से निकल गई थी। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि सतनाम कौर का लुधियाना और अमृतसर में इलाज भी चल रहा था। वह खडूर साहिब स्थित गुरुद्वारे में सेवा करने जाती थी। इसी दौरान वह परिवार से बिछुड़ गई। आश्रम संचालिका ने बताया कि महिला द्वारा बताए गए गांव की जानकारी के आधार पर सेवादार राजेंद्र इंसा और राधेश्याम छाबड़ा ने परिवार की तलाश शुरू की। केसरीसिंहपुर के समाजसेवी राजेंद्र इंसा ने गांव के सरपंच मास्टर अमरजीत सिंह से संपर्क किया, जिसके बाद महिला के परिवार का पता चल सका। परिवार का पता चलने के बाद सतनाम कौर के पति दर्शन सिंह, 10 वर्षीय पुत्र गुरुसाहब सिंह, ननद सुखजिंद्र कौर और भतीजा हरमनदीप सिंह आश्रम पहुंचे। आश्रम में परिजनों से मिलन का भावुक दृश्य देखने को मिला। इसके बाद सतनाम कौर को सम्मानपूर्वक परिजनों के साथ रवाना किया गया। आश्रम की इस पहल से एक परिवार को पांच माह बाद अपनी बिछुड़ी सदस्य वापस मिल सकी। उपस्थित लोगों ने आश्रम की सेवाभावना और सहयोग करने वाले समाजसेवियों की सराहना की।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

नाम परिवर्तन

■ मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कर्मजीत कौर (Karmajit kour) एवं मेरे पिता का नाम प्रीतम सिंह (Preetam singh) सहवन से दर्ज हो गया। जबकि मेरा एवं मेरे पिता का सही व सत्य नाम कर्मजीत कौर (Karamjeet kaur) व प्रीतम सिंह (Pritam singh) है। कृपया त्रूटि सुधार करें। कर्मजीत कौर (Karamjeet kaur) पत्नी गुरदीप सिंह पुत्री श्री प्रीतम सिंह जाति जटसिख निवासी 12 बीएलडी तह. श्रीविजयनगर, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान)

■ मैंने अपना नाम कुम भारती / भारती वर्मा से बदलकर कुमारी भारती रख लिया है। भविष्य में मुझे कुमारी भारती नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। - कुमारी भारती पत्नी बृजलाल वर्मा, वार्ड नं. 22, मदरसा रोड़, राजीवनगर, खाजूवाला, जिला बीकानेर (राज.)

DOB CHANGED

■ I, SVARN KOUR LEGALLY WEDDED SPOUSE OF LATE SHRI AMRIK SINGH (ARMY NO.9078016L), PRESENTLY RESIDING AT VILLAGE 3 STR, THESIL GHARSANA DISTT. SRI GANGANAGAR RAJASTHAN. HAVE CHANGED MY DOB 15.6.1959 TO 15.10.1954 ALSO MY NAME SAWARAN KOUR TO SVARN KOUR DUE TO ERRONESOUSLY PUBLISHED IN MY HUSBAND SRVICE DOCUMENT

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक और माइक्रोसॉफ्ट 365 अचानक पड़ा ठप, लाखों यूजर्स हुए प्रभावित



गुरुवार देर रात सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की ईमेल सेवा आउटलुक, माइक्रोसॉफ्ट 365, टीम्स समेत कंपनी के कई ऐप्स अचानक ठप हो गए। इससे दुनियाभर के लाखों यूजर्स को ईमेल भेजने, रिसीव करने और अकाउंट लॉग-इन करने में समस्या हुई। बकौल कंपनी, तकनीकी खराबी के कारण कई क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और इसे ठीक किया जा रहा है।

दुबई में शाहरुख खान के नाम पर एक झटके में बिक गए 50-50 करोड़ के पेंटहाउस



दुबई में ऐक्टर शाहरुख खान के नाम पर शुरू हुए 'शाहरुख्ज रेजिडेंसेज बाय डैन्यूब' प्रोजेक्ट के सभी पेंटहाउस लॉन्च के पहले ही दिन बिक गए। इनकी कीमत करीब 50-50 करोड़ थी। दरअसल, इस प्रोजेक्ट के पेंटहाउस का डिजाइन शाहरुख की पत्नी गौरी खान ने तैयार किया है। वहीं, यहां अपार्टमेंट की शुरूआती कीमत करीब 4.20 करोड़ रखी गई है।

मुश्किल में स्पाइसजेट! अब दुबई ने दिया बड़ा झटका; एयरलाइन की रोकी चेक-इन सुविधा



आर्थिक संकट से जूझ रही स्पाइसजेट को दुबई एयरपोर्ट्स ने बड़ा झटका दिया है। करीब 35.85 करोड़ का बकाया भुगतान नहीं मिलने पर एयरपोर्ट्स ने एयरलाइन की चेक-इन सुविधा रोक दी है। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने भी स्पाइसजेट की कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की आशंका जताते हुए यात्रियों को फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

भारतीय निवेशकों के लिए फ्रांस-यूके समेत खुले यूरोप के 7 बाजार



भारतीय निवेशक अब ठरए के GIFT City प्लैटफॉर्म (NSEIX Global Access) के जरिए फ्रांस, जर्मनी और यूके समेत यूरोप के 7 देशों के बाजारों में पैसा लगा सकेंगे। गुरुवार को घोषित इस विस्तार के बाद निवेशकों को एक ही अकाउंट से 11,500 से ज़्यादा सिक्योरिटीज और 8,200 से अधिक UCITS ETF में निवेश करने की सुविधा मिलेगी।

हुआंग की विदाई से $500 बिलियन की एआई पार्टनरशिप पर संकट



जेनसन हुआंग के इस्तीफे के बाद Nvidia की $500 बिलियन की अक फाइनेंसिंग पार्टनरशिप संकट में आ गई है। अगस्त में 6 दिग्गज वित्तीय कंपनियों (Apollo, BlackRock आदि) संग हुई इस योजना में निवेशक Nvidia से 25% से अधिक की वित्तीय गारंटी मांग रहे हैं। Broadcom की कड़ी चुनौती और नेतृत्व परिवर्तन से पहला सौदा जनवरी-2027 तक टल सकता है।

'13 नवंबर 2026 को खत्म होगी दुनिया', वैज्ञानिक ने 1960 में कयामत के लिए क्यों चुनी थी यह तारीख?



विज्ञानी हेंज वॉन फोर्स्टर ने 1960 में शोधपत्र में 13 नवंबर 2026 को 'कयामत का दिन' बताया था। उन्होंने 400BC-1958 तक के जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर गणितीय समीकरण बनाया था। इसके मुताबिक, आबादी बढ़ने की रफ्तार जारी रहने पर वह अनंत के करीब पहुंच जाती। हालांकि, 1990 के दशक में जन्म-दर घटने से उनकी भविष्यवाणी गलत साबित होने लगी।

चीन के 'वॉटर ड्रैगन' AG600 ने 2 सेकंड में गिराए 12 टन पानी, आसमान से बुझाएगा जंगल की आग



चीन के स्वदेशी एम्फीबियस विमान AG600 कुनलुंग ने अग्निशमन अभ्यास में महज 2 सेकंड में 12 टन पानी गिराया है और 12,000 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर किया। बकौल रिपोर्ट्स, विमान 20 सेकंड में जलाशय से पानी भर सकता है और इसकी उड़ान सीमा 4,500 किलोमीटर है। यह जंगलों की आग बुझाने/समुद्र में फंसे लोगों को बचाने/आपदाओं के दौरान मददगार होगा।

रोहित, कोहली व कप्तान अय्यर 0 पर आउट हुए

ये हार शर्मनाक

भारत की वनडे क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी हार: चौथे मैच में न्यूजीलैंड 244 रन से जीता

माउंट माउंगानुई।

टीम इंडिया को 52 साल के वनडे इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। विल यंग (125) और टिम साइफर्ट (58) की शानदार पारियों के बाद मैट हेनरी (छह विकेट) और मैथ्यू फिशर (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे में भारत पर 244 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। यह रनों के हिसाब से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। मैट हेनरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में बराबरी की ओर कदम बढा दिया है। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट गई। मैट हैनरी ने भारत के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को आउट कर दिया। यह पहला मौका है जब भारत ने पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट गंवाए। इनके बाद आने वाले बल्लेबाज भी फेल रहे। सिर्फ ईशान किशन, अक्षर पटेल और नमन धीर ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके।

सबसे बड़ी हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है : भारत को वनडे में सबसे बड़ी हार साल 2000 में शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ मिली थी। तब श्रीलंका ने टीम इंडिया को 245 रन से हराया था।

भारत सीरीज में 2-1 से आगे : टीम इंडिया 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 5 विकेट और दूसरा मुकाबला 4 रन से जीता था, जबकि तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा।

हेनरी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया : न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 6 विकेट लिए। हेनरी ने रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को आउट कर भारतीय टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

पहले ओवर में सबसे ज्यादा 4 विकेट का रिकॉर्ड : बांग्लादेश ने 2003 वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ पहले ही ओवर में 4 विकेट गंवा दिए थे। तब एक ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर 5/4 था। गेंदबाज चामिंडा वास थे।

रोहित-कोहली जीरो पर आउट हुए : भारत की शुरूआत बेहद खराब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा और विराट कोहली को आउट कर दिया। रोहित पहली गेंद पर फिन एलन को कैच थमा बैठे, जबकि कोहली 4 गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले बोल्ड हो गए। भारत ने बिना कोई रन बनाए 2 विकेट गंवा दिए।





कोच गौतम गंभीर बोले- 27 ओवर में ऑलआउट होना बड़ी चिंता



न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में 89 रन पर सिमटने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने बल्लेबाजी को लेकर चिंता जताई है। गंभीर ने कहा कि कम रन बनाना ही सबसे बड़ी परेशानी नहीं है, बल्कि टीम का सिर्फ 26.4 ओवर में ऑलआउट हो जाना ज्यादा चिंताजनक है। अगले साल साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भी ऐसी परिस्थितियां मिल सकती हैं। न्यूजीलैंड में पारी के शुरूआती 10 ओवर बल्लेबाजी के लिए सबसे मुश्किल होते हैं। यहां बिना विकेट गंवाए 35-40 रन बनाना भी अच्छी शुरूआत है।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया: डेब्यू वनडे में बियर्डमैन ने 6 विकेट लिए

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले वनडे में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम 33.4 ओवर में 131 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 23.3 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान मिचेल मार्श ने 50 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के महली बियर्डमैन ने डेब्यू वनडे में 7.4 ओवर में 24 रन देकर 6 विकेट लिए। वे वनडे डेब्यू में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। 132 रन का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी रही। कप्तान मिचेल मार्श ने 30 गेंदों पर 50 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के लगाए। ट्रेविस हेड पहले ही ओवर में बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद मार्श ने कूपर कॉनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। कॉनोली ने 30 गेंदों पर 27 रन बनाए। मार्श 50 रन बनाकर जेमी ओवरटन की गेंद पर आउट हुए। जोश इंग्लिस 42 गेंदों पर 23 और मैट रेनशॉ 38 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद रहे।

इंग्लैंड के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके : इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। बेन डकेट 9 रन बनाकर आउट हुए। टॉम बैंटन ने 25 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होने के बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए। कप्तान हैरी ब्रूक 1, जॉर्डन कॉक्स 2 और सैम करन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। जो रूट 17 और लियाम डॉसन शून्य पर आउट हुए। विल जैक्स ने 47 गेंदों पर 25 रन बनाए। जेमी ओवरटन 4 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में जोफ्रा आर्चर ने 16 गेंदों पर 11 रन बनाए।



स्कोर कार्ड >>

इंग्लैंड 131/10(33.4)	रन	गेंद	4/6
टॉम बैंटन कॉ जोश बो बार्टलेट	25	27	5/0
डकेट कॉ जैक बो स्पेंसर	9	14	1/0
जो रूट कॉ जोश बो महली	17	36	1/0
हैरी ब्रूक कॉ जोश बो महली	1	4	0/0
कॉक्स कॉ जोश बो महली	2	7	0/0
सैम कॉ एडम बो महली	0	7	0/0
विल जैक्स कॉ जोश बो स्पेंसर	25	47	2/0
डॉसन कॉ जैक बो महली	0	6	0/0
ओवरटन कॉ एंड बो स्पेंसर	4	6	0/0
गस एटकिंसन नाबाद	29	32	3/1
आर्चर कॉ जैक बो महली	11	16	2/0

अतिरिक्त रन : 8, **गेंदबाज** : जेवियर बार्टलेट 10- 0 46-1-0, स्पेंसर जॉनसन 9-0-42-3, महली बियर्डमैन 7.4-1-24-6, जैक एडवर्ड्स 4-1-10-0, एडम जम्पा 3-1-7-0

ऑस्ट्रेलिया 132/3(23.3)	रन	गेंद	4/6
मिचेल कॉ बेन बो जेमी	50	30	4/4
ट्रैविस हेड बो एटकिंसन	0	1	0/0
कोन्नोली कॉ विल बो आर्चर	27	30	2/2
जोश इंगलिस(ह) नाबाद	23	42	2/0
मैट रेनशॉ नाबाद	26	38	5/0

अतिरिक्त रन : 6, **गेंदबाज** : जोफ्रा आर्चर 8-0-48-1, गस एटकिंसन 10-1-40-1, जेमी ओवरटन 4.3-0-35-1, सैम करन 1-0-4-0

यूथ ओलंपिक गेम्स में भारत को 10 मेडल

नयी दिल्ली (वार्ता) भारत ने सेनेगल के डकार में समर यूथ ओलंपिक 2026 में सात स्पधाओं में दो स्वर्ण, तीन रजत तथा पांच कांस्य सहित 10 पदक जीते। पदक जीतने वालों में पांच खेलो इंडिया एथलीट तन्वी पत्री (बैडमिंटन), खुशबू रजकभाई (जूडो), शौर्य अंबुरे (एथलेटिक्स), गुंजन (मुक्केबाजी) और तीर्थंक पेगु (तैराकी) शमिल थे। भारतीय टीम के आधे से अधिक लोगों ने सबसे बड़े स्टेज पर अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें 17 में से 9 एथलीट्स ने यूथ ओलंपिक गेम्स में पदक जीते, और तैराक धिनिधि देसिंघु - जो पहले टाप्स एथलीट थे - ने यूथ ओलंपिक गेम्स के एक ही एडिशन में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया।

डकार में भारत के 10 पदक उसकी दूसरी सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है, जो सिर्फ.2018 यूथ ओलंपिक में जीते गए 13 पदक से आगे है। गुंजन और लैरेनलकपम मीतेई ने भारत के लिए पहला मुक्केबाजी स्वर्ण पदक, शौर्य अंबुरे ने पहला एथलेटिक्स पदक और तानिया ने पहला यूथ कुश्ती पदक जीता।

पाकिस्तान और श्रीलंका टीम के बीच पहला टेस्ट हुआ ड्रॉ

डेब्यू मैच में तेज गेंदबाज साकिब के 7 विकेट



रावलपिंडी। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा। टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान ने पहली पारी 9 विकेट पर 434 रन बनाकर घोषित की। जवाब में श्रीलंका ने पहली पारी में 446 रन बना दिए। टीम को 12 रन की बढ़त मिली। धनंजय डी सिल्वा ने 167 और कप्तान कुसल मेंडिस ने 119 रन की पारियां खेलीं। पाकिस्तान के लिए डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज साकिब खान 7 विकेट लिए। दूसरी पारी में पाकिस्तान ने 8 विकेट पर 284 रन बनाए। सऊद शकील ने 97 रन की पारी खेली, लेकिन लगातार दूसरी पारी में शतक से चूक गए। पहली पारी में भी वह 93 रन बनाकर आउट हुए थे। साकिब खान ने श्रीलंका की पहली पारी में 34 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने 5 मेडन ओवर के साथ 130 रन देकर 7 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में

टोक्यो (वार्ता)। भारत के लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से हराकर कुमामोटो मास्टर्स जापान 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत जापान के कोकी वतनबे से हारने के बाद कुमामोटो मास्टर्स जापान 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मिला आमंत्रण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक भोज में शामिल हुए आईटीएल के एमडी डॉ. दीपक मित्तल

नई दिल्ली।

इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित आधिकारिक भोज में आमंत्रित किया गया। 27 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में आयोजित यह कार्यक्रम भारत-ईएफटीए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

वैश्विक स्वीकार्यता की पहचान का प्रतीक

यह निमंत्रण आईटीएल की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों और भारतीय विनिर्माण क्षमता की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक माना जा रहा है। वर्ष 1996 में होशियारपुर से शुरू हुई कंपनी आज 150 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है।



लगातार आठ वर्षों से आईटीएल भारत का सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्यातक ब्रांड है तथा दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक्टर निमार्ताओं में शामिल है। कंपनी के सोनालीका और सोलिस ब्रांड कई देशों में अग्रणी स्थान पर हैं।

आर्थिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस के भारत दौरे में यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था। उच्चस्तरीय बैठकों में उन्नत विनिर्माण, औद्योगिक प्रौद्योगिकी, सतत विकास तथा अंतरराष्ट्रीय निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में डॉ. मित्तल सहित भारतीय उद्योग जगत के चुनिंदा प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित किया।

डॉ. मित्तल ने जताया आभार

डॉ. दीपक मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से मिले इस सम्मानजनक निमंत्रण पर उन्हें गर्व है। उनके अनुसार यह भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और भारतीय उद्योगों की क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आईटीएल देश से निर्यात होने वाले प्रत्येक तीन ट्रैक्टरों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है और भारतीय इंजीनियरिंग को विश्वस्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीन दशक पहले कंपनी ने अपने पहले ट्रैक्टर पर 'इंटरनेशनल' लिखकर वैश्विक गुणवत्ता का संकल्प लिया था। आज वही संकल्प आईटीएल को विश्व की अग्रणी ट्रैक्टर कंपनियों में शामिल कर चुका है और कंपनी भारतीय विनिर्माण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।


फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, प्रोटीन और कॉम्प्लेक्स काबोर्हाइड्रेट से भरपूर बाजरे को रोटी, खिचड़ी या लड्डू के रूप में डाइट में करें शामिल

मौसम बदलाव में शरीर को पोषण देने के लिए गेहूं की जगह बाजरा बेहद फायदेमंद

सर्दियों की शुरूआत होते ही खानपान में बदलाव जरूरी हो जाता है। इस मौसम में शरीर को गर्माहट और पोषण देने के लिए गेहूं की जगह बाजरा खाना बेहद फायदेमंद है। फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, प्रोटीन और कॉम्प्लेक्स काबोर्हाइड्रेट से भरपूर बाजरे को रोटी, खिचड़ी या लड्डू के रूप में डाइट में शामिल किया जा सकता है। जानी-मानी न्यूट्रीशनिस्ट श्वेता पांचाल ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में सर्दियों में रोजाना बाजरा खाने के 7 प्रमुख फायदे बताए हैं:

पाचन को दुरुस्त रखे

बाजरे में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यह कब्ज, एसिडिटी और ब्लोटिंग (पेट फूलने) की समस्या को कम करता है।



शरीर को एनर्जी दे

आयरन और मैग्नीशियम से भरपूर होने के कारण यह शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को सुधारता है, जिससे सर्दियों में होने वाली थकान और कमजोरी दूर होती है।

शरीर को गर्म रखे

बाजरे की तासीर गर्म होती है। ठंड के मौसम में इसके सेवन से शरीर अंदर से गर्म रहता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है।

ब्लड शुगर कंट्रोल करे

- यह एक शुगर-फ्रेंडली अनाज है। डायबिटीज के मरीजों या बढ़े हुए ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए इसे रोजाना की डाइट में शामिल करना लाभकारी है।

थायरॉइड-हार्मोन हेल्थ

- बाजरे में मौजूद पोषक तत्व और फाइबर थायरॉइड की समस्या को मैनेज करने और ओवरऑल हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं।

वजन घटाने में सहायक

- भरपूर फाइबर होने के कारण बाजरा खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती और वजन नियंत्रित रहता है।

इम्यूनिटी-स्किन हेल्थ

- इसमें मौजूद जिंक, आयरन और मैग्नीशियम रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बढ़ाने के साथ-साथ त्वचा को भी स्वस्थ रखते हैं।

कैसे करें शामिल?

- सर्दियों में आप गेहूं की जगह बाजरे की रोटी को साग, दाल या दही के साथ खा सकते हैं।

(अस्वीकरण: यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है, इसे डॉक्टरी सलाह का विकल्प न मानें।)

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

यह कितने शर्म की बात है कि एक गौरवशाली लोकतंत्र इतना असुरक्षित हो गया है कि उसे उन आवाजों को दबाना पड़ रहा है, जिनसे उसे आलोचना का डर है। - **शशि थरूर**

न्यूज इन ब्रीफ

बंगाल में भ्रष्टाचार पर एक्शन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की 'बंग्लार बारी' आवास योजना में 57 हजार फर्जी आवेदन सामने आए हैं। इनमें 12 हजार लोगों को आर्थिक सहायता भी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राशि वापस लेने और दोषियों पर कार्रवाई के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने की घोषणा की है। मुख्य सचिव के अनुसार, एक हजार लाभार्थी राशि लौटा चुके हैं, जबकि अन्य से भी वसूली की प्रक्रिया जारी है।

छात्रा की सड़क हादसे में मौत

भवानीगढ़ (संगरूर)। मसाणी लिंक रोड पर शुक्रवार सुबह स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरने से पांचवीं कक्षा की 11 वर्षीय छात्रा कर्मवीर कौर की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और छोटा भाई घायल हो गए। हादसे के समय मां दोनों बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी। ट्रैक्टर-ट्रॉली से बचने के प्रयास में स्कूटी गिर गई। अस्पताल में छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना से गांव में शोक फैल गया।

झोलाछाप के इंजेक्शन से महिला की मौत

बूंदी। हिंडोली क्षेत्र में कथित डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद दंपती की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। करीब डेढ़ महीने तक चले इलाज के बाद जयपुर के एसएमएस अस्पताल में महिला कौशल्या रेगर की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि आरोपी फरार बताया जा रहा है।

बेकाबू ट्रोले की टक्कर से दो की मौत

जयपुर। जयपुर-दिल्ली हाईवे पर मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रोले ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घटना रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी के पीछे हुई। ट्रोला दौलतपुरा टोल से अजमेर रोड की ओर जा रहा था, तभी अनियंत्रित होकर कार, स्कूटी और मिनी ट्रक सहित अन्य वाहनों से टकरा गया। एक शव ट्रोले के पहिए में फंस गया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हादसे पर दुःख जताया है।

फरार एएसआई का शव मिला

मधुबनी। बिहार के मधुबनी जिले में ग्रामीणों पर फायरिंग कर फरार हुए एएसआई चंद्र मोहन सिंह का शव गुरुवार रात एक खेत से बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, 2 नवंबर को एक महिला के घर में घुसने के बाद ग्रामीणों से घिरे एएसआई ने अपनी सर्विस पिस्टल से गोलियां चलाई थीं, जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई और तीन घायल हुए थे। शव के पास मिले बैग से कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए, जिससे उसकी पहचान हुई।

'हत्या' के 7 साल बाद जिंदा मिली

मांड्या। कर्नाटक के मांड्या में सात साल पहले लापता हुई मंजू जिंदा मिली है। पुलिस ने 2021 में उसकी हत्या के आरोप में राजेश को गिरफ्तार किया था, जिसने करीब ढाई साल जेल में बिताए। राजेश के वकील की सूचना पर मंजू को नागमंगला से बरामद किया गया।

पुरानी रंजिश में गोलीबारी, 3 पकड़े

जालंधर। गुरु नानक नगर में घर पर हुई फायरिंग के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वारदात जेल में हुए विवाद और पुरानी रंजिश का नतीजा थी। आरोपियों ने धमकियों के बाद साहिल के घर पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने जश्नदीप, जगजीत सिंह और अमरिंदर सिंह को पकड़कर उनके कब्जे से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं।

खाद्य महंगाई ने बढ़ाई चिंता, अर्थशास्त्रियों का अनुमान-आरबीआई फिर बढ़ा सकता है रेपो रेट

दो साल में पहली बार 6% के पार पहुंची महंगाई, बढ़ सकती है होम-कार लोन की ईएमआई

नई दिल्ली।

अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो दो वर्षों में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा से ऊपर है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि खाद्य वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों और मौसम संबंधी जोखिमों के कारण अगले कुछ महीनों तक महंगाई ऊंची बनी रह सकती है। ऐसे में आरबीआई दिसंबर और फरवरी की मौद्रिक नीति बैठकों में रेपो रेट बढ़ा सकता है, जिससे होम, ऑटो और अन्य कर्ज महंगे हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे आरबीआई का रुख मुख्य रूप से खाद्य महंगाई, कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं हुआ, तो आम उपभोक्ताओं को महंगे कर्ज और बढ़ती कीमतों की दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है।



आम आदमी पर क्या होगा असर?

- होम लोन, कार लोन की ईएमआई बढ़ सकती है।
- नए कर्ज लेना महंगा हो जाएगा।
- व्यक्तिगत, व्यावसायिक ऋण पर ब्याज बढ़ेगा।
- फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ने से निवेशकों को फायदा मिल सकता है।

महंगाई के आंकड़े



- खुदरा महंगाई : 6.09%
- खाद्य महंगाई : 8.94
- प्याज : 116.22 महंगा
- लहसुन : 60.74 महंगा
- अदरक : 48.32 महंगा
- नींबू: 47.30 महंगा

खाद्य महंगाई बनी सबसे बड़ी वजह

अक्टूबर में खाद्य महंगाई बढ़कर 8.94 प्रतिशत हो गई। प्याज, लहसुन, अदरक और नींबू जैसी जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल इसका प्रमुख कारण रहा। रबी की धीमी बुवाई, जलाशयों में कम पानी और कई राज्यों में सूखे की आशंका आने भी महंगाई बढ़ाए रख सकती है।

रेपो रेट बढ़ने की संभावना

विशेषज्ञों का मानना है कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए आरबीआई रेपो रेट में 0.25 से 0.50 प्रतिशत तक और बढ़ोतरी कर सकता है। अक्टूबर में केंद्रीय बैंक ने करीब चार साल बाद रेपो रेट बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत किया था। कई प्रमुख अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि दिसंबर और फरवरी में भी 0.25-0.25 प्रतिशत की वृद्धि संभव है।

तेज रफ्तार बनी वजह, राहत-बचाव अभियान जारी; कई घायल अस्पताल में भर्ती

काजीरंगा के पास सड़क हादसा, मिनी बस, कंटेनर की टक्कर में 26 की मौत

काजीरंगा। असम के काजीरंगा नेशनल पार्क के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 26 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर कोहोरा रेंज के हाथीकुली टी एस्टेट के पास रंगाजन इलाके में हुआ, जहां यात्रियों से भरी मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई यात्री अंदर फंस गए।

बस में फंसे शव, बचाव दल ने निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्ननील डेका ने बताया कि बस से शवों को बाहर निकाला जा रहा है। शुरूआती जानकारी में मृतकों की संख्या कम थी, लेकिन उपचार के दौरान कई घायलों की मौत होने से आंकड़ा बढ़ गया। बस में कितने यात्री सवार थे, इसकी जानकारी अभी जुटाई जा रही है।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हादसे में घायल लोगों को पहले कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद बस में फंसे यात्रियों को निकालने में बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी।



तेज रफ्तार से नियंत्रण खोने की आशंका

पुलिस के अनुसार, हादसे की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मिनी बस तेज गति से चल रही थी। आशंका है कि चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पुनः आमने-सामने बहस की चुनौती दी

फोन टैपिंग और संसद में माइक बंद करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए फोन टैपिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके लगाए गए आरोपों के सभी सबूत उसी फोन में मौजूद हैं, जिसकी निगरानी की जा रही है। राहुल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को आमने-सामने बहस की चुनौती दी। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संसद में बहस की बात करती है, लेकिन जब भी उन्होंने किसान विधेयक, वोट चोरी, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चीन, पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब और एपस्टीन मामले जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश की, उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वह भाषण वाली बहस नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के साथ सीधी चर्चा चाहते हैं। राहुल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ वह स्वयं हों, जिससे देश तय कर सके कि कौन सही और कौन गलत है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए टेलीप्रॉम्प्टर को लेकर तंज कसा।



उन्होंने कहा कि अपने ही मंच और अपने ही लोगों के बीच भी प्रधानमंत्री को स्क्रिप्ट की जरूरत पड़ रही है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि बहस में प्रधानमंत्री टेलीप्रॉम्प्टर और अपनी पसंद का जज भी ला सकते हैं, लेकिन बहस से पीछे नहीं हटना चाहिए।

- भाजपा ने राहुल गांधी के इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए उन पर तंज कसा और कहा कि राहुल गांधी अपने दिमाग की जांच कराएं। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने फोन टैपिंग के दावे को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी से मैं पूरे सम्मान के साथ बस इतना ही कह सकता हूं कि उन्हें अपना मानसिक परीक्षण करवाना चाहिए। कोई भी उनके फोन को टैप करने की जहमत नहीं उठा रहा है। किसी को भी उनके फोन को टैप करने में दिलचस्पी नहीं है। अगर किसी को दिलचस्पी है भी, तो सिर्फ यह समझने में कि उनका दिमाग दिन-प्रतिदिन झूठ पर ही क्यों चलता है।
- राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेताओं पर तीखा पलटवार किया और कहा कि लोकतंत्र की हत्या किसने की, यह सवाल कांग्रेस को पूछने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। कांग्रेस ने देश में 25 बार लोकतंत्र का गला घोंटा है। आपातकाल में विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद किया गया, चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी हत्या थी।
- भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी 'हिट एंड रन की राजनीति' करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल हर कुछ दिन में नए आरोप लगाते हैं। लेकिन उन्हें साबित करने की परवाह नहीं करते। विपक्ष के नेता बिना सबूत के 'बेतुके आरोप' लगा रहे हैं।

14-15 को कई जिलों में बारिश के आसार

पश्चिमी विक्षोभ बदलेगा राजस्थान का मौसम

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

राजस्थान में एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत हैं। पश्चिमी राजस्थान में 14 और 15 नवम्बर को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाने, मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार 14 नवम्बर को जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में मौसम का असर देखने को मिलेगा, जबकि 15 नवम्बर को इसका दायरा बढ़कर अजमेर, जयपुर संभाग के उत्तरी हिस्सों और शेखावाटी क्षेत्र तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवम्बर को जोधपुर एवं बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसी प्रकार 15 नवम्बर को बीकानेर संभाग, अजमेर एवं जयपुर संभाग के उत्तरी भागों तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि प्रदेश के शेष अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 16 नवम्बर से प्रदेश में मौसम फिर शुष्क हो जाएगा। इसके बाद आगामी चार से पांच दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की प्रबल संभावना है। तापमान में गिरावट के साथ ही प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ने के आसार हैं।\



कार्रवाई; प्रवेश व भूमि ब्रांड का घी जांच में असुरक्षित, दो कम्पनियों के सॉस भी अनसेफ

कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी, आरके एंटरप्राइजेज और अशोका किरयाना स्टोर के नमूने फेल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दीपावली के त्योहार पर बाजार में खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान में कई खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर खामियां सामने आई हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से संग्रहित खाद्य पदार्थों के नमूनों की जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट में घी, टोमेटो सॉस, रेड चिल्ली सॉस, मावा एवं मिल्क केक सहित कई खाद्य उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। प्राप्त रिपोर्ट में कुछ नमूने अनसेफ (असुरक्षित) तथा कुछ सबस्टैंडर्ड (अवमानक) पाए गए हैं। विभाग की ओर से संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में दीपावली त्योहार अभियान के तहत जिलेभर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए थे। इन नमूनों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया गया था। इसी क्रम में प्रयोगशाला से अब तक 35 खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जांच रिपोर्ट में कई खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा को लेकर गंभीर कमियां उजागर हुई हैं।

रिपोर्ट के आधार पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विभाग की ओर से संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार अग्रिम विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा दीपावली अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं जांच की प्रक्रिया जारी रखी जा रही है, ताकि बाजार में मिलावटी, अवमानक एवं असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य त्योहार के दौरान आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा बाजारों में निगरानी रखी जा रही है तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संगरिया में घी और दोनों सॉस के नमूने अनसेफ

डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार संगरिया के गांधी चौक पर संचालित मैसर्स कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी से संग्रहित प्रवेश ब्रांड का घी जांच में अनसेफ पाया गया है। इसी प्रकार मैसर्स आरके एंटरप्राइजेज से लिए गए फूड ट्रीट ब्रांड के टोमेटो सॉस एवं चार्ली ब्रांड के रेड चिल्ली सॉस के नमूने भी जांच में अनसेफ मिले हैं। इसी प्रकार, तलवाड़ा झील के वार्ड नंबर 3 में संचालित मैसर्स अशोका किरयाना स्टोर से संग्रहित भूमि ब्रांड के घी का नमूना भी प्रयोगशाला जांच में अनसेफ पाया गया है। वहीं, रावतसर में संचालित मैसर्स श्री कृष्णा फूड्स कम्पनी से संग्रहित खाद्य नमूना सबस्टैंडर्ड मिला है। संगरिया के क्रांति चौक स्थित मैसर्स बालाजी मिष्ठान भंडार से संग्रहित मावा (मावा मिठाई) का नमूना जांच में सबस्टैंडर्ड पाया गया है। इसी तरह नोहर में संचालित मैसर्स स्वामी मिष्ठान भंडार से लिए गए मिल्क केक के नमूने की जांच रिपोर्ट भी सबस्टैंडर्ड आई है। इसके अतिरिक्त हनुमानगढ़ जंक्शन में बस स्टैंड के नजदीक संचालित मैसर्स चौधरी मावा भंडार से संग्रहित मावा का नमूना भी निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा और जांच में सबस्टैंडर्ड पाया गया है।

सूने मकान से लाखों की चोरी

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ले गया। दीपावली पर परिवार के नोएडा जाने के दौरान वारदात हुई। पीड़ित निमिष चतुर्वेदी के लौटने पर चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश रात करीब 2:30 बजे घर में घुसता और 20 मिनट बाद सामान लेकर निकलता दिखाई दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

बकाया बिजली बिलों पर ब्याज-जुर्माना माफ

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) की घोषणा की है। इसके तहत 31 मार्च 2026 तक के बकाया बिजली बिलों पर जुर्माना और ब्याज पूरी तरह माफ किया जाएगा। योजना से 24.86 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और 518 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार हटेगा। उपभोक्ता मूल राशि किस्तों में जमा कर सकेंगे। कटे बिजली कनेक्शन भी बहाल किए जाएंगे।

सतर्कता

हनुमानगढ़ में 412 और श्रीगंगानगर में 999 मतदान बूथ, संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी

चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, हनुमानगढ़ में 515, गंगानगर में 2001 पुलिसकर्मी तैनात

हनुमानगढ़।

पंचायती राज चुनाव-2026 के मद्देनजर बीकानेर रेंज पुलिस ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। 14 और 16 नवंबर को होने वाले चुनावों को लेकर हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देशन में सभी जिला पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रेंज पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार हनुमानगढ़ जिले में कुल 120 ग्राम पंचायतों में 412 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इनमें 32 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ चिह्नित किए गए हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले में 40 पुलिस मोबाइल पार्टियां तैनात रहेंगी। वहीं श्रीगंगानगर जिले में 307 ग्राम पंचायतों के 999 मतदान बूथों पर मतदान होगा। इनमें 79 बूथ संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। जिले में 102 पुलिस मोबाइल पार्टियां सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी।



750 ग्राम पंचायतें, 2526 मतदान बूथ

बीकानेर रेंज के चारों जिलों में कुल 750 ग्राम पंचायतों के 2526 मतदान बूथों पर चुनाव होंगे। इनमें 205 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ चिह्नित किए गए हैं। सुरक्षा के लिए कुल 253 पुलिस मोबाइल पार्टियां तैनात रहेंगी। रेंज में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस उप अधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल सहित कुल उपलब्ध पुलिस बल की संख्या क्रमशः 4, 17, 34, 127, 140, 948, 1418 और 4914 है। इसके अतिरिक्त रेंज मुख्यालय और जिला मुख्यालयों के लिए कुल 10 आरएसी कंपनियां उपलब्ध करवाई गई हैं। इनमें बीकानेर रेंज के लिए 2, बीकानेर जिले के लिए 1, श्रीगंगानगर के लिए 4, हनुमानगढ़ के लिए 1 और चूरू के लिए 2 कंपनियां शामिल हैं।

हनुमानगढ़-गंगानगर में पुलिस बल की तैनाती

हनुमानगढ़ जिले में 1 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी रेंज की ओर से उपलब्ध कराए गए। हनुमानगढ़ में 1 पुलिस अधीक्षक, 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 5 पुलिस उप अधीक्षक, 21 पुलिस निरीक्षक, 36 उप निरीक्षक, 213 सहायक उप निरीक्षक, 341 हेड कांस्टेबल और 804 कांस्टेबल उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जिले में 515 पुलिसकर्मियों का बल उपलब्ध करवाया गया है। गंगानगर में 1 पुलिस अधीक्षक, 3 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस उप अधीक्षक, 36 पुलिस निरीक्षक, 37 उप निरीक्षक, 260 सहायक उप निरीक्षक, 326 हेड कांस्टेबल और 1420 कांस्टेबल उपलब्ध हैं। जिले में अतिरिक्त रूप से 2001 पुलिसकर्मियों का बल भी उपलब्ध करवाया गया है। हनुमानगढ़ में एक और गंगानगर में 4 आरएसी कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

बीकानेर और चूरू में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

बीकानेर जिले की 92 ग्राम पंचायतों में 426 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इनमें 27 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ हैं तथा 44 पुलिस मोबाइल पार्टियां तैनात रहेंगी। जिले में 1 पुलिस अधीक्षक, 5 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस उप अधीक्षक, 44 पुलिस निरीक्षक, 41 उप निरीक्षक, 305 सहायक उप निरीक्षक, 449 हेड कांस्टेबल और 1649 कांस्टेबल उपलब्ध हैं। चूरू जिले की 231 ग्राम पंचायतों में 689 मतदान बूथ हैं। इनमें 67 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ चिह्नित किए गए हैं। यहां 67 पुलिस मोबाइल पार्टियां तैनात रहेंगी। जिले में 1 पुलिस अधीक्षक, 5 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 9 पुलिस उप अधीक्षक, 26 पुलिस निरीक्षक, 26 उप निरीक्षक, 170 सहायक उप निरीक्षक, 302 हेड कांस्टेबल और 1041 कांस्टेबल उपलब्ध हैं। चूरू में 1474 पुलिसकर्मियों का अतिरिक्त बल भी उपलब्ध करवाया गया है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528